
वर्ष- 13 अंक - 136
लखनऊ, शुक्रवार 16 जनवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com


समाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण पर जोर 12

छत बने पावर हाउस, 20,756 से अधिक घर बने पावर यूनिट : एके शर्मा 03


# मकर संक्रांति : संगम में आस्था की महाडुबकी

**▸ एक करोड़ तीन लाख श्रद्धालुओं ने किया स्नान**

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**

माघ मेला 2026 के द्वितीय स्नान पर्व मकर संक्रांति पर आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। मेला प्रशासन के अनुसार धर्म, आस्था और परम्परा के इस महापर्व पर लगभग 1 करोड़ 3 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। बीते बुधवार को एकादशी के अवसर पर लगभग 85 लाख लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई थी।

शास्त्रों में मकर संक्रांति स्नान का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही गंगा, यमुना और अन्तःसलीला सरस्वती के त्रिवेणी संगम में स्नान करने से समस्त पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। माघ मेला के दौरान मकर संक्रांति का स्नान विशेष फलदायी माना जाता है, इसी आस्था के कारण देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु प्रयागराज आते हैं।

श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मेला क्षेत्र में व्यापक प्रशासनिक और पुलिस व्यवस्था की गई थी। सभी वरिष्ठ अधिकारी भ्रमणशील रहते हुए पूरे मेला क्षेत्र की सतत निगरानी करते रहे। इस दौरान अपर पुलिस महानिदेशक ज्योति नारायण, पुलिस महानिरीक्षक अजय मिश्र, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, पुलिस कमिश्नर प्रयागराज जोगेन्द्र कुमार, अपर पुलिस आयुक्त डॉ. अजयपाल शर्मा, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मेलाधिकारी ऋषिराज तथा मेला पुलिस अधीक्षक नीरज पांडेय द्वारा समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे स्नान पर्व शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सका।

श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही के लिए उपलब्ध कराई गई रैपिडो बाइक सेवा का भी व्यापक उपयोग हुआ। आज लगभग 11,500 से अधिक श्रद्धालुओं ने इस सेवा का लाभ लिया, जबकि अब तक कुल 1,38,500 से अधिक लोगों को रैपिडो बाइक सेवा के माध्यम से उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचने में मदद की जा चुकी है। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रशासन की ओर से सामाजिक समरसता और सेवा भाव का भी परिचय दिया गया। सभी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा श्रद्धालुओं को पारम्परिक खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली।



**रामलला के मंदिर में हुआ विशेष पूजन**

इस विशेष पर्व पर श्री राम मंदिर में मकर संक्रांति के पर्व पर विशेष पूजन-अर्चन किया गया। मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा संपन्न हुई, वहीं जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस दौरान विशेष तरह का भोग अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रभु श्री रामलला को पतंग भी भेंट की। श्रद्धालुओं से भरी पूरी अयोध्या राममय दिखी और जय श्रीराम के नारे गुंजायमान होते रहे।

**काशी में बाबा विश्वनाथ को लगा खिचड़ी का भोग**

मकर संक्रांति पर्व पर काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन- पूजन के लिए सुबह से मंदिर में भक्तों की लंबी -लंबी कतारें लगी रही। हाथ जोड़े लाइन में खड़े श्रद्धालुओं ने महादेव के जयकारे लगाए जिससे पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान होता रहा। यह सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। बाबा विश्वनाथ की विशेष मध्याह्न भोग आरती भी हुई और जिसमें परंपरागत और सात्विक अन्न से बाबा का भोग अर्पित किया गया। इस भोग आरती में बाबा विश्वनाथ को खिचड़ी, चिवड़ा, मूंगफली की पट्टी, पापड़ तथा अचार का भोग लगाया गया। इसके बाद विधिविधान से बाबा की आरती की गई। गोरखपुर में भी गोरखनाथ मंदिर में मकर संक्रांति धूमधाम से मनायी गयी।

## एंटोनियो लुटोस व उर्सुला होंगे गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि

**एजेंसी, नई दिल्ली।**




**▸ 27 जनवरी को 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता भी करेंग दोनों अतिथि**

यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुटोस दा कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन 25-27 जनवरी को 77वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत की राजकीय यात्रा पर होंगे। यात्रा के दौरान दोनों नेता 27 जनवरी को 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता भी करेंगे।

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि 77वें गणतंत्र दिवस और 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में यूरोपीय संघ के नेताओं की भागीदारी भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करेगी और आपसी हित के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाएगी। भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन से इतर भारत-यूरोपीय संघ व्यापार मंच का आयोजन भी होने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि भारत और यूरोपीय संघ 2004 से रणनीतिक साझेदार हैं। 15वां भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन 15 जुलाई 2020 को वर्चुअल रूप से आयोजित किया गया था। फरवरी 2025 में यूरोपीय संघ के आयुक्तों के कॉलेज की ऐतिहासिक यात्रा के बाद द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार और विस्तार हुआ है।

**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,43,620/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,31,650/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,07,720/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,95,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

**1.41 करोड़ के इनामी 52 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण**



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आज गुरूवार को बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव और सीआरपीएफ के अधिकारियों के समक्ष 1.41 करोड़ के इनामी कुल 52 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। तय समय सीमा के लक्ष्य 2026 से पहले नक्सली संगठन पूरी तरह से सिमटने लगा है।

**पाकिस्तानी नाव जब्त चालक दल के नौ सदस्य हिरासत में**

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने गुजरात के पोरबंदर के पास एक पाकिस्तानी नाव को जब्त करके चालक दल के नौ सदस्यों को हिरासत में लिया है। पाकिस्तानी नाव और हिरासत में लिए गए चालक दल के सदस्यों को पोरबंदर लाया जा रहा है, जहां संबंधित एजेंसियां उनसे गहन संयुक्त पूछताछ करेंगी।

**एक ही परिवार के छह लोगों की जिंदा जलकर मौत, तीन मासूम शामिल**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सोलन जिले के अर्की बाजार में हुए दर्दनाक हादसे के दो दिन बाद अब सिरमौर जिले से एक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जिला सिरमौर के नौहराधार क्षेत्र में बीती रात हुए भीषण अग्निकांड में एक ही परिवार के छह लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई है। मृतकों में तीन मासूम बच्चे भी शामिल हैं। इस हृदयविदारक हादसे से पूरा इलाका सदमे में है। इस अग्निकांड में जान गंवाने वालों की पहचान नरेश (पुत्र दुर्गा सिंह, निवासी टपरोली, राजगढ़), उनकी पत्नी तृप्ता, कविता (पत्नी लोकेंद्र, निवासी खुमड़ा, चौपाल) और उनके तीन मासूम बच्चों सारिका, कृतिका व कृतिक के रूप में हुई है।

**भारत एआई के क्रियान्वयन में पहुंचा दुनिया में तीसरे स्थान पर**

**भोपाल।** भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई अब वर्तमान समय की सबसे बड़ी परिवर्तनकारी शक्ति बन चुकी है। भारत एआई के क्रियान्वयन में दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस बदलाव में देश के युवाओं की ऊर्जा और सरकार की सुनियोजित पहलें निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को राजधानी भोपाल के ताज लेक फ्रंट में आयोजित 'मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कांफ्रेंस-2026' ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत, विशेषकर मध्यप्रदेश, एआई नवाचार और क्रियान्वयन का नया केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## प्रधानमंत्री ने किया सीएसपीओसी का उद्घाटन

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

**नई दिल्ली, 15 जनवरी (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारी, सांसद और तमाम लोग मौजूद रहे।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत में लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याण का लाभ पहुंचाना है। सरकार बिना किसी भेदभाव के लोककल्याण की भावना से कार्य कर रही है और इसी दृष्टिकोण के कारण बीते कुछ वर्षों में लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। लोकतंत्र केवल शासन की एक प्रणाली नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम है।



**▸ भारत में लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ अंतिम व्यक्ति तक विकास व कल्याण का लाभ पहुंचाना : मोदी**

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह चौथा अवसर है जब भारत सीएसपीओसी की मेजबानी कर रहा है और इस बार सम्मेलन का मुख्य विषय संसदीय लोकतंत्र की प्रभावी कार्यप्रणाली और जनकल्याण तक उसकी पहुंच है। उन्होंने संसदीय लोकतंत्र में अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों की भूमिका को बताते हुए कहा कि अध्यक्ष का दायित्व स्वयं अधिक बोलने का नहीं, बल्कि सभी सदस्यों को समान अवसर देने और उनकी बात सुनने का होता है। उनका धैर्य, निष्पक्षता और संतुलन ही लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखता है।

उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। भारत में विकसित एकीकृत भुगतान प्रणाली दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल भुगतान व्यवस्था बन चुकी है। भारत वर्तमान में विश्व का सबसे बड़ा टीका उत्पादक देश है और इस्पात उत्पादन में दूसरे स्थान पर है। भारत के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप और नवाचार परिवेश है, तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार है, चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क और तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क है।

**लोकतंत्र भारत के लिए सर्वोपरि**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकतंत्र भारत के लिए सर्वोपरि है और सरकार जनता के सपनों और आकांक्षाओं को प्राथमिकता देते हुए नीतियों से लेकर प्रौद्योगिकी तक हर क्षेत्र में लोकतांत्रिक सोच को अपनाकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कोरोना महामारी का उल्लेख करते हुए कहा कि उस कठिन समय में भी भारत ने न केवल अपने नागरिकों की जरूरतें पूरी कीं, बल्कि 150 से अधिक देशों को दवाइयां और टीके उपलब्ध कराए। मानवता की सेवा, जनकल्याण और वैश्विक जिम्मेदारी भारत की लोकतांत्रिक संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। सीएसपीओसी में राष्ट्रमंडल के 53 संप्रभु देशों की राष्ट्रीय संसदों के स्पीकर और पीठासीन अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा 14 अर्ध-स्वायत्त संसदों के पीठासीन अधिकारी भी सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। कुल 42 सदस्य देशों और 4 अर्ध-स्वायत्त संसदों से 61 पीठासीन अधिकारी, जिनमें 45 स्पीकर और 16 डिप्टी स्पीकर शामिल हैं, इस सम्मेलन में सहभागिता कर रहे हैं। शुक्रवार तक चलने वाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन में पूर्ण सत्रों के दौरान संसद में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग, सोशल मीडिया के प्रभाव, संसद के प्रति जनसामान्य की समझ बढ़ाने और मतदान के बाद भी नागरिक भागीदारी को मजबूत करने, सांसदों और संसदीय कर्मियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ बनाने में पीठासीन अधिकारियों की भूमिका जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## रक्षा मंत्री ने सैनिकों से की बात, बढ़ाया हौसला

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को सेना दिवस पर जयपुर में परेड के बाद जयपुर मिलिट्री स्टेशन पर सैनिकों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि अब युद्ध केवल आमने-सामने की गोलाबारी तक सीमित नहीं रहा। आधुनिक युद्ध कई प्रकार का हो चुका है। साइबर, अंतरिक्ष, ड्रोन से लेकर टीवी, अखबार और मोबाइल भी अब युद्ध भूमि का हिस्सा बन चुके हैं। ऐसे समय में सिर्फ ताकतवर होना ही काफी नहीं है, समझदार और सतर्क होना भी उतना ही जरूरी है। इसलिये आज के सैनिक को सिर्फ शारीरिक रूप से ही फिट नहीं, बल्कि मानसिक और तकनीकी रूप से भी सक्षम होना चाहिए।

रक्षा मंत्री ने सैनिकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि अभी कुछ ही महीने पहले ऑपरेशन सिंदूर इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। जिस तरह से आपने युद्धभूमि की बदलती हुई परिस्थितियों के अनुसार खुद को उन्नत किया, वह अपने आप में अद्वितीय है। पूरे देश को आपके ऊपर गर्व है।



**▸ साइबर, अंतरिक्ष, ड्रोन से लेकर टीवी, अखबार व मोबाइल भी युद्ध भूमि का हिस्सा बने**

आपकी वीरता के ही चलते दुश्मन कोई हिमाकत नहीं कर सका। यह सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं था। यह उस भरोसे का प्रमाण था, जो देश को अपनी सेनाओं पर है। हालात मुश्किल थे, दबाव भी था, लेकिन इन सबके बीच आपने संयम, एकजुटता और धैर्य दिखाया, वह अपने-आप में अभूतपूर्व था। राजनाथ सिंह ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं जब आप सबकी आंखों में देखता हूं, तो मुझे वह तेज दिखता है, वह भरोसा दिखता है, जो हमारी सेनाओं की असली पहचान है। चाहे हिमालय की बर्फीली ऊंचाइयां हों, थार का तपता रेगिस्तान हो, घने जंगल हों या फिर समुद्र का अथाह विस्तार हो, आप हर हाल में, हर मौसम में, हर परिस्थिति में देश की सीमाओं की रखवाली करते हैं। देश चैन की नींद इसीलिए सो पाता है, क्योंकि आप हमारी सीमाओं पर जाग रहे होते हैं।

**राजस्थान को पहली बार ऐतिहासिक आयोजन की मेजबानी का गौरव प्राप्त**



भारतीय सेना ने 78वां सेना दिवस गुरुवार को जयपुर के जगतपुरा स्थित महल रोड पर पूरे सैन्य गौरव व अनुशासन के साथ मनाया। यह चौथी बार है, जब सेना दिवस परेड दिल्ली के बाहर आयोजित हुई और पहली बार किसी असैन्य क्षेत्र में आयोजित की गई। राजस्थान को पहली बार इस ऐतिहासिक आयोजन की मेजबानी का गौरव प्राप्त हुआ।

## बीएमसी चुनाव में भाजपा को बहुमत, ठाकरे ब्रदर्स को झटका

**एजेंसी, मुंबई।**

महाराष्ट्र में मुंबई समेत राज्य की 29 नगर निगमों के लिए मतदान प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। गुरुवार शाम को वोटिंग खत्म होने के बाद अब सभी की निगाहें नतीजों पर टिकी हैं, जिनकी घोषणा आज की जायेगी। इससे पहले आए एग्जिट पोल में बृहन्मुंबई महानगरपालिका चुनाव में बीजेपी को बहुमत मिलती दिख रही है।

देश की सबसे अमीर नगरपालिका बीएमसी समेत महाराष्ट्र की 29 नगर निगमों के लिए मतदान की प्रक्रिया गुरुवार शाम तक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। मतदान खत्म होते ही सामने आए Axis My India के एग्जिट पोल्स ने मुंबई की सियासत में हलचल तेज कर दी है। आंकड़ों के मुताबिक, मुंबई में एक बार फिर महायुती (बीजेपी-शिंदे सेना) का परचम लहराता दिख रहा है, जबकि ठाकरे बंधुओं की एकजुटता का जादू चलता नहीं दिख रहा। बीएमसी के 227 वार्डों के लिए करीब 1,700 उम्मीदवार मैदान में थे। बहुमत का आंकड़ा 114 है, जिसे एग्जिट पोल में बीजेपी+ आसानी से पार करता दिख रहा है। अब सबकी नजर आज सुबह 10 बजे शुरू होने वाली मतगणना पर टिकी है, जो तय करेगी कि मुंबई में सत्ता का ताज किसके सिर सजेगा।

**आईजीआई एयरपोर्ट पर इंजन में कंटेनर फंसने से एयर इंडिया का प्लेन हुआ डैमेज**



**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट पर उस समय हड़कंप मच गया, जब एयर इंडिया के अत्याधुनिक एयरबस ए350 विमान का इंजन एक कार्गो कंटेनर से टकरा गया। हालांकि, इस घटना में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ और बड़ा हादसा टल गया। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) आगे की जांच कर रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को दी जानकारी में बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट पर सुबह घने कोहरे के बीच कार्गो कंटेनर के टकराने से एयर इंडिया के ए350 विमान का दाहिना इंजन क्षतिग्रस्त हो गया।

## ईरान-अमेरिका में कभी भी छिड़ सकती है जंग, फ्लाइट्स के लिए आसमान बंद

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

अमेरिका और ईरान के बीच जंग के हालात बनते दिख रहे हैं। अमेरिका और ब्रिटेन की ओर से अपने नागरिकों को ईरान न जाने की सलाह दी गई है।

इसके अलावा ईरान ने अपना एयरस्पेस कमर्शल फ्लाइट्स के लिए बंद कर दिया है। इससे साफ है कि दोनों तरफ से सतर्कता बरती जा रही है और तनाव को देखते हुए जंग की आशंका बढ़ गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तो लगातार ईरान को जंग और सैन्य कार्रवाई की धमकी दे रहे हैं। वहीं ईरान का कहना है कि ऐसी किसी भी स्थिति में जो आग भड़केगी वह पूरे इलाके को चपेट में लेगी।

वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति के हवाले से एनसीबी न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि ट्रंप लंबी जंग नहीं चाहते हैं। उन्होंने अपने सुरक्षा सलाहकारों से ईरान के खिलाफ ऐसे ऐक्शन पर विचार करने को कहा है, जिससे एक निर्णायक कदम उठाया जा सके। वह नहीं चाहते कि ईरान के खिलाफ महीनों लंबी जंग चले।

ऐसे में संभावना है कि अचानक ही ईरान पर कोई बड़ा अटैक हो सकता है। अमेरिकी नहीं चाहता कि वह ईरान के खिलाफ किसी भी तरह के जमीनी संघर्ष में शामिल हो। हालांकि अमेरिकी सलाहकार इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं हैं कि किसी एक हमले से ईरान की कमर तोड़ी जा सकती है। उनकी चिंता यह है कि ईरान भी हमले का जवाब देगा और मिडल ईस्ट में अमेरिकी ठिकानों को नुकसान पहुंच सकता है। इराक, सीरिया समेत कई देशों में अमेरिका के ठिकाने हैं, जो ईरान के टारगेट में आ सकते हैं। इसके अलावा ईरान को जवाब देने के लिए इस इलाके में अमेरिका के पास बहुत ज्यादा एसेट्स भी नहीं हैं। इस बीच खबर है कि ट्रंप प्रशासन की ओर से छोटे और टारगेट अटैक किए जा सकते हैं। इसके बाद यदि ईरान की प्रतिक्रिया आती है तो फिर जवाबी कार्रवाई की जाएगी।

**गणतंत्र दिवस के मद्देनजर दिल्ली क्षेत्र में पार्सल यातायात पर अस्थायी प्रतिबंध**

**एजेंसी, नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र में पार्सल यातायात पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। उत्तर रेलवे ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि 23 से 26 जनवरी तक नई दिल्ली, दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल और दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशनों पर सभी प्रकार के पार्सल लेनदेन पर रोक रहेगी। इसमें लीज्ड एसएलआर (एसएलआर) और वीपी (वीपी) के माध्यम से होने वाला पार्सल यातायात भी शामिल है। इस अवधि के दौरान संबंधित स्टेशनों के पार्सल गोदामों और प्लेटफार्मों को पूरी तरह पार्सल पैकेजों से मुक्त रखा जाएगा। प्रतिबंध के तहत इन स्टेशनों से होने वाले तथा इन स्टेशनों पर रुकने वाली अन्य मंडलों व जोन से चलने वाली ट्रेनों में भी पार्सल की लोडिंग और अनलोडिंग नहीं की जाएगी।

## मायावती की प्रेस कॉन्फ्रेंस में शॉर्ट सर्किट, धुआं से अफरा-तफरी

**▸ सुरक्षा घेरे में बाहर निकाली गई बीएसपी चीफ**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ में बसपा प्रमुख मायावती के जन्मदिन पर कार्यक्रम के दौरान बड़ा हादसा होते-होते बचा। मायावती की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अचानक हॉल में शॉर्ट सर्किट हो गया जिससे बिजली के बोर्ड से चिंगारियां निकलने लगीं और धुआं फैल गया। घटना उस समय हुई, जब प्रेस वार्ता समाप्त होने वाली थी। अचानक हुई घटना से हॉल में पत्रकारों, नेताओं, कार्यकर्ताओं में अफरातफरी मच गई। सुरक्षा व्यवस्था की सतर्कता और कार्रवाई के चलते स्थिति पर तुरंत काबू पा लिया गया।



मायावती की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभाला। सुरक्षा घेरे ने फुर्ती से पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को सुरक्षित रूप से हॉल से बाहर निकाला और उनके आवास की ओर ले गए। त्वरित कार्रवाई के कारण किसी भी तरह की बड़ी घटना होने से बच गया। शॉर्ट सर्किट की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद सुरक्षा टीम और बिजली विभाग के कर्मचारियों ने तुरंत कार्रवाई की। जिससे आग फैलने से पहले ही स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया।




# भारत की सुरक्षा के लिए हिंदू समाज का एकजुट होना अनिवार्य : अतुल

बहराइच, समृद्धि न्यूज़

खंड तेजवापुर के अंतर्गत मण्डल भकला गोपालपुर में मकर संक्रांति के दिन 'हिंदू सम्मेलन एवं खिचड़ी सहभोज' का आयोजन किया गया। इस समागम में उमड़े जन-समुदाय

- तेजवापुर के भकला गोपालपुर में हिंदू सम्मेलन संपन्न
- समरसता के संदेश के साथ गूंजा एकता का शंखनाद

ने जातिगत संकीर्णताओं से ऊपर उठकर राष्ट्र रक्षा और सामाजिक समरसता का सामूहिक संकल्प लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बहराइच विभाग के विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़ ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में हिंदू समाज की एकता पर बल दिया। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भों का उल्लेख करते हुए






गंभीर चेतावनी दी कि, 'इतिहास साक्षी है, जब-जब हिंदू समाज की संख्या और शक्ति घटी है, तब-तब राष्ट्र का विभाजन हुआ है। उन्होंने आह्वान किया कि अखंड भारत की सुरक्षा के लिए हिंदू समाज का संगठित होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक हिंदू हमारा 'सहोदर भाई' है। हिंदू धर्म में ऊंच-नीच और छुआछूत का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने समस्त समाज से परस्पर प्रेम, सौहार्द और आत्मीयता के साथ रहने का आग्रह किया। उन्होंने नव-भारत के निर्माण का पंचामृत समाज के सर्वांगीण उत्थान हेतु उन्होंने संघ के 'पंच परिवर्तन' के संकल्पों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भेदभाव रहित, समतामूलक और सौहार्दपूर्ण समाज की स्थापना। परिवारों में संस्कार, मर्यादा और भारतीय जीवन मूल्यों का पुनर्जागरण जल संचयन, सघन वृक्षारोपण और प्लास्टिक के त्याग द्वारा प्रकृति की रक्षा व विदेशी वस्तुओं के मोह का त्याग कर स्थानीय उत्पादों और स्वावलंबन को बढ़ावा देना तथा व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर अनुशासन के साथ राष्ट्र के प्रति दायित्वों का निर्वहन करना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्य अतिथि सहखंड संचालक बुद्धिसागर ने समाज के लोगों को निरंतर राष्ट्र कार्य में संलग्न रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संजय गुप्ता ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन राजन पांडे ने किया। सम्मेलन के उपरांत 'समरसता खिचड़ी सहभोज' का आयोजन हुआ कार्यक्रम में जॉइन आरएसएस जिला प्रमुख उत्तम सिंह, सह खंड कार्यवाह योगेश, रामगोपाल,शिवम,पंकज कुमार गुप्ता, प्रमोद पांडे, हरिश्चंद्र गुप्ता, बीरबल, सुनील ,रामचंद्र, बबलू साहू, विष्णु पांडे ,रोहित गुप्ता ,रोहित आर्य, राजित राम चौहान सहित सैकड़ो की संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

बहराइच समृद्धि न्यूज़




जिले के पयागपुर इलाके में रेलवे पटरी पार करते समय एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक सुनने में असमर्थ था, जिसके कारण उसे ट्रेन की आवाज सुनाई नहीं दी। मृतक की पहचान लबेदी ग्राम निवासी बाउर के रूप में हुई है। वह अंडरपास के पास रेलवे ट्रैक पार कर सामान खरीदने जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रेन के इंजन की चपेट में आने से उसकी जान चली गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों और पयागपुर पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि युवक सुनने में सक्षम होता, तो शायद उसकी जान बच सकती थी।

## बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के मामले में दखल दे सरकार : प्रवीण तोगड़िया

बहराइच समृद्धि न्यूज़

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक प्रवीण तोगड़िया बुधवार को

- फायर ब्रांड नेता ने कहा : जातियों में न बंटने के बजाए पहले बने हिंदू



शहर के किसान डिग्री कालेज में पहुंचे। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की 114 करोड़ जनता हिंदू है और वह जातियों में बंटने के बजाए एकता बनाएं क्यों कि उसी में ही मजबूती है। उन्होंने देश के युवाओं को सस्ती शिक्षा मिले, इस पर सरकार को पहल करने की बात कही।अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से हिंदू समृद्ध, सुरक्षा, स्वास्थ्य, सम्मान की आसान जीवन शैली कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे डा. प्रवीण तोगड़िया ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मजबूत रहने के लिए एक होकर और हिंदू बनकर रहना होगा न कि जातियों में बंटे।उन्होने कहा कि आज शिक्षा मंहगी होती जा रही है, जिसके चलते गरीब हिंदू परिवार के लोग मेडिकल की पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। अब मेडिकल की फीस एक करोड़ रुपये हो गई है। सरकार को अपने कोष से दो से तीन प्रतिशत खर्च करना चाहिए। इसके लिए हमकों आपकों सरकार के ऊपर दबाब बनाना चाहिए। बिना शिक्षा व स्वास्थ्य के सबकुछ बेकार है। उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री वहां स्थित को संभाल लेंगे। बांगलादेश में प्रतिदिन मारे जा रहे हिंदुओं के मामले में कहा कि सरकार को वहां दखल देना चाहिए। जिससे वहां के हिंदुओं की सुरक्षा हो सके।इस दौरान पंकज मिश्रा, जिलाध्यक्ष डा. उमेश सिंह, करन सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## आबादी में दिखा बाघ लोगों में दहशत

### वन विभाग की टीम रेस्क्यू में जुटी, ड्रोन से हुई पुष्टि

बहराइच समृद्धि न्यूज़

जिले के रामगांव इलाके में स्थित रेहुआ मंसूर गांव में एक बाघ देखे जाने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। गुरुवार को खेत के किनारे बाघ को देखने के बाद लोगों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम स्थानीय रेंजर के साथ मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। प्रभागीय वनाधिकारी सुन्देरसा ने बताया कि ड्रोन से तलाश के दौरान झाड़ियों में बैठे बाघ की तस्वीर कैद हुई है, जिससे उसकी मौजूदगी की पुष्टि हुई। बाघ को पकड़ने के लिए चारों तरफ जाल लगाए जा रहे हैं। दुधवा टाइगर रिजर्व से दो प्रशिक्षित हाथियों को भी बुलाया गया है, जिनके शाम तक मौके पर पहुंचने की उम्मीद है।

# सांसद डिंपल यादव के जन्मदिन पर अंगवस्त्र व कंबल का वितरण

### सपा लोहिया वाहिनी ने आयोजित किया जनसेवा कार्यक्रम

बहराइच समृद्धि न्यूज़

मैनपुरी की सांसद डिम्पल यादव के जन्मदिन के अवसर पर समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी द्वारा जनसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी नंदेश्वर नंद यादव के द्वारा ग्राम पंचायत चाकूजोत में जरूरतमंदों को अंगवस्त्र एवं कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी डॉ. संतोष वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा शैलेश सिंह शैलू (मौर्य राजवंश), पूर्व प्रमुख एवं बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के पेशकार राव, शैलेंद्र यादव, अब्दुल हक (ब्लॉक अध्यक्ष, लोहिया वाहिनी), प्रधान रजितराम यादव सहित ग्राम



पंचायत के सदस्य एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने सांसद डिम्पल यादव के सामाजिक सरोकार, जनहित के प्रति प्रतिबद्धता और सेवा भाव की सराहना करते हुए उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर सक्रिय सार्वजनिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुँचाना एवं समाजवादी विचारधारा को मजबूत करना रहा।

## खबरें एक नजर में

### पौराणिक मान्यताओं के बीच उल्लास के साथ मनाई गई मकर संक्रांति

बलरामपुर ,समृद्धि न्यूज़

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला बाजार सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मकर संक्रांति का पर्व श्रद्धा, आस्था और परंपरा के साथ धूमधाम से मनाया गया। पर्व के अवसर पर प्रातःकाल से ही क्षेत्र के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सनातन धर्मावलंबियों ने स्नान के उपरांत भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया, विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और दीपदान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इसके बाद तिल, गुड़, खिचड़ी, वस्त्र व अन्न का दान ब्राह्मणों एवं जरूरतमंदों को किया गया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। इसी दिन भगवान सूर्य उत्तरायण होते हैं और देवताओं का दिन आरंभ माना जाता है। शास्त्रों में वर्णन है कि इसी तिथि को सूर्यदेव अपने पुत्र शनिदेव से मिलने उनके घर गए थे, जिससे आपसी वैमनस्य समाप्त हुआ और समरसता का संदेश मिला। यही कारण है कि इस दिन तिल-गुड़ के सेवन और दान की परंपरा है, जो आपसी मधुरता और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक मानी जाती है। मकर संक्रांति से जुड़ी एक मान्यता यह भी है कि इसी दिन गंगा माता का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। इसलिए पवित्र नदियों में स्नान और दान को विशेष फलदायी बताया गया है। हालांकि उतरौला क्षेत्र में गंगा स्नान संभव न होने के कारण श्रद्धालुओं ने घरों व मंदिरों में स्नान-दान कर पुण्य अर्जित किया। ग्रामीण अंचलों में महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाए, बच्चों ने पतंगबाजी का आनंद लिया और घर-घर खिचड़ी व तिलकुट का प्रसाद वितरित किया गया। पूरे क्षेत्र में पर्व को लेकर उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। मकर संक्रांति के माध्यम से लोगों ने धर्म, परंपरा और सामाजिक एकता का संदेश देते हुए पर्व को श्रद्धापूर्वक मनाया।

### गागर-चादर, सलातो-सलाम और लंगर के साथ हुजूर शहीद-ए-मिल्लत का उर्स सम्पन्न

**उतरौला (बलरामपुर)।** नगर स्थित हुजूर शहीद-ए-मिल्लत अलैहिरहमा के आस्ताने पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर सदियों पुराना उर्स इस वर्ष भी पूरी अकीदत, एहतराम और शांति के साथ दो दिवसीय रूप में मनाया गया। उर्स के आयोजन से क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा और बड़ी संख्या में अकीदतमंदों की मौजूदगी देखने को मिली। उर्स की शुरुआत 14 जनवरी 2026, बुधवार की रात्रि लगभग 8 बजे शानदार तकरीरी कार्यक्रम से हुई। इस दौरान उलमा-ए-किराम और वक्ताओं ने पैग़म्बर हज़रत मोहम्मद साहब ? की सीरत, इस्लाम की शिक्षाओं, भाईचारे, अमन और इंसानियत पर विस्तार से रोशनी डाली। तकरीरी प्रोग्राम देर रात तक चला, जिसमें जायरीन पूरे अदब और ध्यान के साथ शामिल रहे। 15 जनवरी 2026, बृहस्पतिवार की रात्रि लगभग 4 बजे गुस्ल की रस्म अदा की गई। इसके बाद सुबह करीब 10 बजे मोहम्मद हलीम के नेतृत्व में गागर-चादर का जुलूस निकाला गया। यह जुलूस बरदही बाजार से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गोण्डा मोड़ बाबा गद्दी तक गया और फिर वापस लौटकर हुजूर शहीद-ए-मिल्लत अलैहिरहमा के आस्ताने पर लगभग 1 बजे पहुंचा। वहां गागर-चादर पेश की गई और सलातो-सलाम पढ़कर उर्स का विधिवत समापन किया गया। उर्स के समापन अवसर पर लंगर का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी धर्म और समुदाय के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अब्दुल कलीम, अब्दुल मतीन, यूनुस, पीर मोहम्मद शाह, नसीब अली, चिकन उर्फ तजम्मुल हुसैन, मोहम्मद नईम, कय्यूम भाई, मोहम्मद इस्माइल, हाजी घोसी, कल्लू, अहमद शाह, मोहम्मद आमीन सहित सैकड़ों की संख्या में जायरीन मौजूद रहे। आयोजन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर दुःख हरण नाथ मंदिर में हुई तैयारी बैठक

**उतरौला (बलरामपुर)।** हिंदू समाज की एकता, संस्कार और सामाजिक समरसता को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सकल हिंदू समाज उतरौला की ओर से आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर गुरुवार को दुःखहरण नाथ मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 18 जनवरी, रविवार को दोपहर 3 बजे रामलीला मैदान, उतरौला में प्रस्तावित भव्य विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर क्षेत्र के प्रत्येक हिंदू परिवार तक सम्मेलन की जानकारी पहुँचाने के लिए टोलियों का गठन किया जाएगा। ये टोलियां घर-घर संपर्क कर लोगों को सम्मेलन के उद्देश्य, कार्यक्रम की रूपरेखा और समय-सारिणी से अवगत कराएंगी, ताकि अधिक से अधिक संख्या में समाज की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही नगर में विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार लगाए जाने, पोस्टर-बैनर लगाने, स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि विराट हिंदू सम्मेलन का मूल उद्देश्य जाति, भाषा और क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर 'एक हिंदू, श्रेष्ठ हिंदू और संगठित हिंदू' की भावना को मजबूत करना है।

## मकर संक्रांति के शुभ और पावन अवसर पर सतीश तिवारी मेमोरियल ट्रस्ट ने किया कंबल वितरण

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

मकर संक्रांति के शुभ और पावन अवसर पर सतीश तिवारी मेमोरियल ट्रस्ट संचालन अखिलेश तिवारी और अभिषेक तिवारी के कुशल नेतृत्व में समाज सेवा की एक अनुकरणीय पहल करते हुए गरीब, असहाय एवं वृद्ध बुजुर्गों तथा जरूरतमंद परिवारों के बीच कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ट्रस्ट के द्वारा एक मुहिम चलाई गई। की ठंड के वजह से जरूरत मंदों को राहत पहुँचाना और समाज में सहयोग एवं मानवता के मूल्यों को सुदृढ़ करना । कंबल का कार्यक्रम काफी क्षेत्र में बांटा गया। जैसे बहलोलपुर, पूरे तिवारी, सोनीहरलाल, सोनी कपूर , माँदे, गुलगरिया, गंगापुर, लक्ष्मणपुर सहित अनेक गांवों में कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया रास्ते में रिक्शा चालकों जहाँ बड़ी संख्या में



जरूरतमंद बुजुर्गों एवं परिवारों को कंबल वितरित किए गए। कंबल देकर बुजुर्गों का चेहरों पर संतोष, प्रसन्नता और आशीर्वाद लेने का सौभाग्य मिला सतीश तिवारी मेमोरियल ट्रस्ट के संचालन अखिलेश तिवारी ने कहा जरूरत मंदों को कंबल वितरण किया और आशीर्वाद लेने का सौभाग्य मिला और जिससे पूरे आयोजन का वातावरण भावनात्मक और प्रेरणादायी बन गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अखिलेश तिवारी एवं अभिषेक तिवारी के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इसी में डॉक्टर राकेश तिवारी ने कंबल देते समय बुजुर्गों का ठंड में बचाव के लिए अपनी राह भी दिया।क्षेत्रवासियों ने इस कार्यक्रम के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में भाईचारे, करुणा और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। यह कंबल वितरण न केवल सर्दी से सुरक्षा का माध्यम बना, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत करता है। निस्संदेह, सतीश तिवारी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा किया गया यह कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जो आगे भी इसी समर्पण भाव से जनसेवा करता रहे।इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता विवेक शुक्ला, राजू यादव, शारदा त्रिपाठी,बब्बू तिवारी, दिनेश तिवारी, बृजेश पांडे सोनू शुक्ला, रमेश चंद्र तिवारी, प्रवीण पांडे, रोहित मिश्रा, सहित और अन्य लोग लोग उपस्थित रहे।

# चित्रांश कल्याण समिति का खिचड़ी भोज सम्पन्न

गोण्डा,समृद्धि न्यूज़



गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी चित्रांश कल्यान समिति द्वारा स्थानीय गुरु नानक चौराहा जल कल गेट् पर मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम के प्रभारी अध्यक्ष अरविंद कुमार सिन्हा, महामंत्री सुशील कुमार श्रीवास्तव, संरक्षक गण अनिल कुमार श्रीवास्तव, ओम प्रकाश ,प्रेम शंकर की मौजूदगी में भगवान श्री चित्रगुप्त जी की आरती स्तुति वंदना करते हुए उनके समक्ष जलाई गई ज्योति तत्पश्चात मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोज भंडारे में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने खिचड़ी भोज का प्रसाद ग्रहण किया जिस समय कार्यकारिणी के पदाधिकारी संतोष विष्णपुरी, संतोष, सुशील पंकज, राजकुमार, रूपेश सक्सेना, पंकज सिंन्हा, अभय प्रधान, कोषाध्यक्ष आनंद श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव डाक्टर अभय, विकास, विजित,के0 बी0 सिंह, शेर बहादुर, पी0पी0 द्विवेदी, महिला पदाधिकारी श्रीमती नीलम श्रीमती, श्री मती सीमा, श्रीमती अंजू, श्रीमती अनीता समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी ग्राम मौजूद है।

# पूरी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा विकसित भरत जी राम जी योजना

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़

जिले के इटियाथोक ब्लॉक की गाँवो में अर्जुनपुर, अयाह,कर्मडीह कला, निसारुपुर, विशु नपुर माफी, सिसई बहलोलपुर, रुदापुर, के गाँव में इन दिनों वीडियो, एपीओ, और तकनीकी सहायक कि छत्रछाया में मनरेगा में बड़े पैमाने पर धांधली का मामला सामने आया है। यहां फर्जी मस्टर रोल तैयार कर सरकारी धन की लूट की जा रही है। वह भी डंके की चोट पर है सबसे बड़ी बात तो यह है कि मनरेगा योजना में धांधली की तमाम शिकायतों के बाद भी ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी के नींद में सो रहे हैं और कार्रवाई करने के बजाय खाना पूर्ति कर मामलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ भ्रष्टा चार पर लगाम लगाने के लिए जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं लेकिन उनके ही प्रदेश गोंडा जिले के इटियाथोक ब्लॉक में मनरेगा योजना में खुलेआम पलीता लगाया जा रहा है।इस खे ल में जिम्मेदार अधिकारियों की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता है।जिले के इटिया थोक ब्लॉक में मनरेगा योजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यो में रोजाना कोई न कोई नया मामला देखने को मिल रहा है।ताजा मामला ग्राम पंचायत अयाह का है इस ग्राम पंचायत में काग ज पर एक फोटो से 60 श्रमिकों की फर्जी हा जिरी लगाई जा रही है।अधिकारियों की उदासी नता का आलम यह है कि श्रमिकों की ओर से किए गए कार्यो का आंकलन भी सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं ऐसे ही कर्मडीह कला ग्राम पंचायत में भी कार्य स्थल पर जिस प्रकार से काम कराया जा रहा है,उसे देख कर ही अंदा जा लगाया जा सकता है कि एक श्रमिक दिन भर में कितना काम कर रहा है।यह पूरा खेल सिर्फ मानव दिवस बढ़ाने के चक्कर में किया जा रहा है।फर्जी मस्टर रोल जारी कर मानव दिवस बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्राम पंचायत अयाह में वेदपुर सड़क से राम निहाल के चक होते हुवे सरयू नहर तक भूमि विकास कार्य कागजों में चल रहा है।इस कार्य पर रोजा ना 60 श्रमिकों की ओर से कार्य होना दिखाया जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।इसी तरह निसारुपुर में अछैबर के घर से पानी टंकी तक नाला जीर्णोद्धार कार्य के लिए 78 श्रमिकों की हाजिरी लगाई गई है लेकिन धरातल की वास्तविकता चौंकाने वाली है।हैरत की बात यह है कि कार्य का सत्यापन करने वा ले जिम्मेदार अधिकारी भी आंखें बंद करके ही सत्यापन कर दे रहे हैं।

### टीम गठित कर कराई जाएगी जांचः मंडलायुक्त

मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं,इस संबंध में जब देवीपाटन मंडल गोण्डा के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,उन्होंने कहा कि टीम गठित कर मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# नि :शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर व खिचड़ी भोज का हुआ भव्य आयोजन



गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

कटरा विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिलबिला महास में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं खिचड़ी भोज का आयोजन कटरा विकास क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चिलबिला महास गांव में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर श्री दिवहार बाबा जनकल्याण एवं वेल्फेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर एवं खिचड़ी भोज का भव्य आयोजन किया गया। इस जनकल्याणकारी कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सभा चिलबिला महास के संभावित प्रधान प्रत्याशी रघुवंश मणि मिश्रा एवं एडवोकेट देवकी नंदन विकास तिवारी द्वारा की गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में एसीएम हॉस्पिटल से पधारे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विजय सिंह एमडी फिजिशियन एवं डॉ. हर्षित मिश्र फार्मासिस्ट द्वारा मरीजों की जांच कर उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाइयाँ निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। चिकित्सकों ने मौसमी बीमारियों, रक्तचाप, शुगर, सर्दी-खांसी, बुखार सहित अन्य सामान्य रोगों की जांच कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही आर्यनगर स्थित रेड केयर लैब के सहयोग से खून जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। लैब प्रतिनिधि हर्ष त्रिपाठी एवं विशाल मौर्य द्वारा ग्रामीणों के ब्लड सैंपल लिए गए तथा सभी प्रकार की रक्त जांच 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी गई, जिससे ग्रामीणों को काफी लाभ मिला। कार्यक्रम के उपरांत मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर सभी उपस्थित लोगों को खिचड़ी भोज प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया।

आयोजन स्थल पर सामाजिक सौहार्द एवं सेवा भाव का सुंदर दृश्य देखने को मिला। इस अवसर पर आयोजक रघुवंश मनी मिश्रा ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना ही इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य है। भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। ग्रामवासियों ने इस सफल आयोजन के लिए श्री दिवहार बाबा जनकल्याण एवं वेल्फेयर ट्रस्ट, चिकित्सकों, लैब टीम एवं आयोजन से जुड़े सभी लोगों का आभार व्यक्त किया

# कटरा-टिकरी खण्ड (15.35 किमी) के दोहरीकरण को रू. 151.24 करोड़ की लागत से मिली मंजूरी

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पूर्वोत्तर रेलवे के मनकापुर-अयोध्या खण्ड के कटरा-टिकरी खण्ड (15.35 किमी) के दोहरीकरण को रू. 151.24 करोड़ की लागत से स्वीकृति प्रदान की है। मनकापुर-टिकरी एवं कटरा-अयोध्या खण्ड के दोहरीकरण को पहले ही स्वीकृति दी जा चुकी है, इस प्रकार मनकापुर से अयोध्या तक दोहरीलाइन को मंजूरी मिल गई। कटरा-टिकरी रेल खण्ड उत्तर प्रदेश के गोण्डा जनपद में अवस्थित है।



अयोध्या-मनकापुर खण्ड के एक छोर पर उत्तर रेलवे का बाराबंकी-अयोध्या-जौनपुर तथा दूसरे छोर पर पूर्वोत्तर रेलवे का बस्ती-गोण्डा रेल खण्डों का दोहरीकरण हो चुका है। अयोध्या-मनकापुर दोहरीकरण परियोजना के पूरा होने पर लाइन क्षमता में वृद्धि होने से अयोध्या इंटरचेंज प्वाइंट पर यात्री एवं माल यातायात के लिए पाथ में वृद्धि होगी तथा गोरखपुर से लखनऊ वाया अयोध्या रेल खण्ड की क्षमता में भी वृद्धि होगी। जिसके फलस्वरूप मांग के अनुरूप ट्रेनों की संख्या में वृद्धि की जा सकेगी। गोरखपुर से अयोध्या, लखनऊ होते हुए प्रयागराज जाने वाली वंदे भारत भी इसी रूट पर चलती है।

## रेहरा बाजार में बाइक-साइकिल की टक्कर, एक घायल

बलरामपुर ,समृद्धि न्यूज़

**रेहरा बाजार (बलरामपुर)।** थाना रेहरा बाजार क्षेत्र अंतर्गत बंजारिया हुसैन के पास बुधवार को बाइक और साइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि साइकिल सवार बाल-बाल बच गया।जानकारी के अनुसार, बाइक पर दो व्यक्ति सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान बंजारिया हुसैन के पास उनकी साइकिल सवार से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बाइक सवार इंदरपाल पुत्र गुरूचरान घायल हो गए रवी चौहान बाल बाल बच गए।घटना की सूचना मिलने पर एम्बुलेंस P32 BG 8592 मौके पर पहुंची।

# सीएम योगी ने अर्पित की गुरु गोरखनाथ को आस्था की खिचड़ी

**गोरखपुर/लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को ब्रह्म मुहूर्त में चार बजे गोरखनाथ मंदिर में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार महायोगी गुरु गोरखनाथ को विधि विधान से आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई। इस अवसर पर उन्होंने शिवावतार महायोगी से लोकमंगल तथा सभी नागरिकों के सुखमय-समृद्धमय जीवन की प्रार्थना की। महायोगी गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों, संतों और श्रद्धालुओं को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि बुधवार से ही पूरे प्रदेश में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र धर्मस्थलों पर जाकर आस्था को नमन कर रहे



**गोरखनाथ मंदिर में उमड़ा भक्तों का हुजूम**

हैं। गोरखपुर में बुधवार को लाखों श्रद्धालुओं ने महायोगी भगवान गोरखनाथ जी को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई।

उन्होंने कहा कि इस पव पर लाखों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के संगम में आस्था की पवित्र डुबकी भी लगाई। उन्होंने कहा कि यह सिलसिला लगातार आज गुरुवार को भी जारी है। योगी ने कहा कि आज गुरुवार को गोरखपुर में भगवान गोरखनाथ जी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन पंक्ति में लगकर श्रद्धापूर्वक खिचड़ी चढ़ा रहे हैं।

यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे भी प्रातः 4 बजे गोरखनाथ मंदिर की विशिष्ट पूजा संपन्न होने के उपरांत भगवान गोरखनाथ जी को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ है। गोरखनाथ मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन आए हुए हैं।

म मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेश के अलग-अलग धर्मस्थलों पर देश और दुनिया से आए श्रद्धालुओं का अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी के प्रति मंगलमय शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

उन्होंने कहा कि एक तरफगोरखपुर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा गोरखनाथ को आस्था की खिचड़ी अर्पित कर रहे हैं वहीं, प्रयागराज में लाखों की संख्या में श्रद्धालु, कल्पवासी, पूज्य संतजन न केवल अपनी साधना में रत हैं। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में स्थिति भगवान वेणीमाधव, भगवान प्रयागराज और मां गंगा, मां यमुना, मां सरस्वती के सानिध्य में संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगा रहे हैं।

### मकर संक्रांति भारत के त्योहारों की परंपरा का अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति भारत के पर्व और त्योहारों की परंपरा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। वास्तव में सूर्यदेव इस जगत की आत्मा हैं। जगतपिता सूर्य की उपासना का यह पर्व, हर प्रकार के शुभ और मांगलिक कार्यों के लिए प्रशस्ति तिथि माना जाता है। आज के बाद सनातन धर्म की परंपरा में सभी मांगलिक कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सूर्य का जो अयन वृत्त है। ज्योतिषीय परंपरा के अनुसार वह 12 विभिन्न भागों में विभाजित है। एक राशि से दूसरी राशि में सूर्यदेव के संक्रमण को संक्रांति कहा जाता है और जब धनु राशि से मकर राशि में भगवान सूर्य का संक्रमण होता है तो यह मकर संक्रांति कहलाता है। मकर राशि से अगले छह माह तक यानी मिथुन राशि तक सूर्य भगवान उत्तरायण रहेंगे। उत्तरायण का जो समय होता है, उसमें दिन बड़े और रात्रि छोटी होती है। जीवंतता के लिए सूर्य का प्रकाश कितना महत्वपूर्ण है और भारत की ऋषि परंपरा ने इसे कितना महत्व दिया है, इसका अनुमान इस पर्व के माध्यम से लगाया जा सकता है। उन्होने कहा कि मकर संक्रांति एक ऐसा पर्व है, जो देश के अंदर पूरब, पश्चिम, उत्तर व दक्षिण, सभी हिस्सों में अलग-अलग नाम व रूप में आयोजित होता है। पूरब में बिहू या तिलवा संक्रांति, पश्चिम में लोहड़ी, दक्षिण भारत में पोंगल और उत्तर भारत में खिचड़ी संक्रांति के रूप में मकर संक्रांति का आयोजन बड़ी श्रद्धाभाव के साथ किया जाता है।

# डिप्टी सीएम ने खाई खिचड़ी, गोमती किनारे व पुराने शहर में पतंगबाजी का जमघट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ में मकर संक्रांति पर गोमती घाटों पर और पुराने शहर में पतंगबाजी का जमघट लगा हुआ है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने एक आयोजन में पहुंचकर खिचड़ी खाई। पार्षद अन्नू मिश्रा ने कुड़िया घाट पर पतंग उड़ाई।

बच्चे छतों, गलियों और गोमती घाटों पर पतंग उड़ा रहे हैं। पतंगबाजी में कुड़िया घाट सबसे बड़ा स्पॉट है। कुड़िया घाट पर पतंगबाजी के लिए कुछ स्कूल मैनेजमेंट अपने स्टूडेंट्स को लेकर पहुंचे। यहां पहुंचे बच्चों ने बताया यह पहली बार है जब स्कूल के दोस्तों के साथ पतंग उड़ा रहे हैं। इस्कॉन मंदिर ने शहर में कुल 9 जगहों पर सवा लाख लोगों को खिचड़ी का प्रसाद खिलाने के लिए भंडारा लगाया है। कई जगह आम लोगों ने भी खिचड़ी भोज का आयोजन किया है। हजरतगंज में पुलिसवालों ने जरूरतमंदों को मिठाई खिलाकर उनको कंबल बांटे।





केजीएमयू में सरस्वती मंदिर गार्डन में मेडिकल स्टूडेंट्स ने पतंग उड़ाई और पेच लड़ाए। कैंपस में रह रहकर वो काटा की आवाजें गूंजती रहीं। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सरोजनीनगर क्षेत्र में उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल की एयरपोर्ट शाखा ने खिचड़ी प्रसाद वितरण किया। यह आयोजन अमौसी एयरपोर्ट तिराहा पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में राहगीरों, स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक खिचड़ी और रायते का प्रसाद ग्रहण किया। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की और इसे सामाजिक एकता का प्रतीक बताया।

## खबरें एक नजर में

### कृष्णानगर से 13 वर्षीय बच्ची लापता, मां ने थाने में दर्ज कराई गुमशुदगी की रिपोर्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के कृष्णानगर क्षेत्र से 13 वर्षीय बच्ची नैन्सी लापता हो गई है। उसकी मां गोमती ने कृष्णानगर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने बच्ची की तलाश शुरू कर दी है। हरि ओम नगर, गली नंबर 01 की निवासी गोमती ने बताया कि उनकी बेटी नैन्सी दोपहर करीब 2 बजे घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। गोमती एक निजी नौकरी करती हैं और घटना के दिन सुबह काम पर गई थीं, उस समय उनके तीनों बच्चे घर पर थे। जब गोमती शाम को घर लौटीं, तो नैन्सी वहां नहीं थी। उन्होंने आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन बच्ची का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने कृष्णानगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बच्ची का हुलिया भी बताया गया है। नैन्सी का रंग सांवला है, कद लगभग 4.5 फीट है। उसने लाल स्वेटर और शाल रंग के कपड़े पहने हुए हैं, साथ ही पैरों में जूते भी हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के इलाकों में सीसीटीवी फुटेज की मदद से बच्ची की तलाश की जा रही है।

### फर्नीचर गोदाम में लगी आग, लाखों का समान जला, फायर की तीन गाड़ियों ने बुझाई आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के कल्याणपुर रिंग रोड क्षेत्र में बुधवार देर रात एक फर्नीचर की गोदाम में आग लग गई। घटना की सूचना रात करीब 12.57 बजे फायर स्टेशन इंदिरा नगर को मिली। आग मारुति शोरूम के सामने स्थित फर्नीचर गोदाम में लगी थी। सूचना मिलते ही प्रभारी अग्निशमन अधिकारी इंदिरा नगर तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुंचने पर देखा गया कि भवन के ग्राउंड फ्लोर पर आग भड़क रही थी। गोदाम का शटर खुला हुआ था। आग इतनी तेज थी दूर तक उसकी लपटें आ रही थी। पूरे इलाके में धुआं भर गया था। यार कर्मियों ने तत्काल हौज पाइप और होज-रील से आग बुझाना शुरू किया गया। आग को देखते हुए अतिरिक्त सहायता के लिए दूसरे फायर स्टेशन से फायर टेंडर मंगाए गए। कुछ ही समय में फायर स्टेशन बीकेटी की यूनिट भी मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। दमकल कर्मियों ने जले हुए सोफा, अलमारी, बेड सहित अन्य फर्नीचर को कुरेद-कुरेद कर आग को पूरी तरह बुझाया।

### विशिष्ट रेल सेवा के लिए उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के अधिकारी व कर्मचारी हुए सम्मानित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नेशनल रेल म्यूजियम नई दिल्ली स्थित उत्तर रेलवे के मुख्यालय द्वारा कल गुरुवार को विशिष्ट रेल सेवा महाप्रबंधक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महाप्रबंधक उत्तर रेलवे अशोक कुमार वर्मा ने सराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को व्यक्तिगत रूप से तथा



**महाप्रबंधक उत्तर रेलवे अशोक कुमार वर्मा ने सभी को किया सम्मानित**

मंडलों एवं अन्य यूनिटों की विभिन्न शाखाओं को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु दक्षता शील्ड प्रदान करके सम्मानित किया। इस समारोह में लखनऊ मण्डल के विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित कुल 11 व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप से पुरस्कृत किया गया, जबकि मंडल के अनेक विभागों को उनके द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उल्लेखनीय सेवायें प्रदान करने हेतु कुल 08 दक्षता शील्ड प्रदान करके पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों में भाविक बामनिया, ओ.पी. तिवारी, आशुतोष ओझा, लक्ष्मी पाल, आशीर्वाद सिंह कुशवाहा, कार्तिकेय सिंह, अरविंद कुमार, मानेन्द्र प्रताप सिंह, राजेश कुमार, शिवम दूबे, रवेंद्र कुमार, इसके अतिरिक्त लखनऊ मंडल के विभिन्न विभागों को उनकी कार्यकुशलता एवं उत्कृष्ट कार्यशैली हेतु दक्षता शील्ड NFR शील्ड वाणिज्य विभाग, निर्माण कार्य में सर्वश्रेष्ठ इकाई शील्ड. सर्वश्रेष्ठ रनिंग रूम शील्ड विद्युत विभाग, सिविल इंजीनियरिंग (ब्रिज) शील्ड सिविल विभाग, सर्वश्रेष्ठ अनुरक्षित रेक शील्ड, यांत्रिक विभाग, स्वास्थ्य सेवा शील्ड चिकित्सा विभाग, ऑपरेटिंग कोचिंग शील्ड, ऑपरेटिंग विभाग, सर्वश्रेष्ठ सामग्री प्रबंधन शील्ड, स्टोर्स विभाग शामिल हैं। इस उपलब्धि पर मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ मण्डल सुनील कुमार वर्मा ने पुरस्कृत होने वाले समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों तथा विभागों को अपनी शुभकामनाएं दी है।

# पंकज चौधरी व केशव मौर्य की मुलाकात, सियासी हल्के में चर्चा

**ओबीसी वोट पाले में लाने की खातिर बीजेपी में चल रहा मंथन**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से शिष्टाचार मुलाकात की। यह मुलाकात उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली औपचारिक बातचीत थी। उन्होंने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों और पार्टी की रणनीतियों पर सार्थक चर्चा की। इसे शिष्टाचार भेंट के तौर पर पेश किया जा रहा है, लेकिन राजनीतिक हलकों में अटकलें तेज हो गई हैं। पंकज चौधरी ने मुलाकात के दौरान पूर्व सांसद रविंद्र कुशवाहा को साथ लिया। दोनों नेताओं ने सोशल मीडिया पर इस मुलाकात की तस्वीरें शेयर की। पंकज चौधरी ने लिखा, ष्आज लखनऊ में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से शिष्टाचार भेंट की। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, ष्लखनऊ स्थित सरकारी आवास, सात कालिदास मार्ग पर केंद्रीय राज्य मंत्री और बीजेपी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एवं पूर्व सांसद रविंद्र कुशवाहा से शिष्टाचार भेंट हुई।ष्पंकज चौधरी के बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात की। इस मुलाकात को लेकर राजनीतिक अटकलें तेज हो गई हैं। इसे पार्टी संगठन और सरकार के बीच समन्वय को बढ़ाने की दिशा में एक संकेत माना जा रहा है। पंकज चौधरी को ओबीसी चेहरा बनाए जाने का मकसद पार्टी के प्रभावी समाज कुर्मी, मौर्य और कुशवाहा पर पकड़ मजबूत करना है। राजनीतिक विश्लेषक मुलाकात को मंत्रिमंडल विस्तार, 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति से जोड़कर देख रहे हैं। बीजेपी सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल चाहती है ताकि चुनावी माहौल में कोई अंतर न रहे और पार्टी एकजुट दिखे।पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी को ओबीसी वोटों में नुकसान हुआ था। समाजवादी पार्टी की पीडीए के नारे के कारण बीजेपी को ओबीसी वोटरों में सेंध का सामना करना पड़ा था।बीजेपी इस वोट बैंक को वापस जोड़ने के प्रयास में है।

# छत बने पावर हाउस, 20,756 से अधिक घर बने पावर यूनिट : एके शर्मा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के नेतृत्व में ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश नित नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। कानपुर नगर में बिजली उत्पादन का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत शहर की छतों पर स्थापित सोलर रूफटॉप सिस्टम से करीब 64 मेगावाट क्षमता की सौर बिजली तैयार हो रही है। अब तक जिले में 20,756 सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाए जा चुके हैं, जिससे उत्तर प्रदेश नेडा के आंकड़ों के अनुसार सोलर रूफटॉप स्थापना के मामले में कानपुर नगर प्रदेश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। शहर की छतें अब छोटे-छोटे पावर हाउस के रूप में उभर रही हैं। इस उपलब्धि पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने जनपदवासियों को बधाई दी है।

# मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोज का हुआ आयोजन



खिचड़ी वितरित करते लोग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मकर संक्रांति के महापर्व पर खिचड़ी भोज का आयोजन इकाना क्रिकेट स्टेडियम के पास किया गया। कार्यक्रम में प्रदीप यादव एवं विनीत तिवारी, अवनीश द्विवेदी, अतुल यादव, सुबोध यादव, अभिनव तिवारी के द्वारा लोगों में खिचड़ी, गजक एवं विभिन्न प्रकार की चटनी, रायता, पापड़ के साथ आगंतुकों का पूरा सम्मान किया गया। खिचड़ी का महाप्रसाद उनकी टीम के द्वारा लोगों में पूरे उत्साह के साथ वितरित किया गया। इकाना क्रिकेट स्टेडियम के पास स्थित होने के कारण विभिन्न प्रकार के आगंतुक यहां पर आते रहे। प्रसाद का भरपूर लुफ्त उठाया। महाप्रसादी में हृदय आनंद से गर्वित हो उठा। प्रदीप यादव के साथ सभी उनके मित्रगण खिचड़ी के एक दिन से पूर्व पूरी तैयारी में जुटे रहे। तमाम लोगों ने खिचड़ी का लुफ्त उठाया। इस पवित्र त्योहार पर जो अगले 55 वर्ष तक 15 जनवरी को मनाया जाएगा, क्योंकि इस वर्ष से सूर्य की दिशा बदल रही है यह अवसर भारतीय रीति रिवाज एवं धार्मिक परंपरा के अनुसार हर वर्ष नहीं प्राप्त होता है। अन्य लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रसाद वितरण करने में सहभागी बने बक्शी का तालाब इंटर कॉलेज के कृषि प्रवक्ता डॉ0 जितेंद्र कुमार यादव ने सम्मान किया एवं प्रसाद का वितरण कराया। रेखा यादव, शक्ति यादव, लीलावती देवी, हरिश्चंद्र यादव, अरहान, कृष्णा, आशी, गुनगुन आदि लोगों ने सहयोग किया।

# जन्मदिन पर गठबंधन को लेकर मायावती ने दिया बड़ा संकेत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने गुरुवार को कहा कि पार्टी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 सहित देश में होने वाले सभी छोटे-बड़े चुनाव अकेले लड़ेगी। उन्होंने दावा किया कि 2027 में उत्तर प्रदेश में बसपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने लखनऊ में अपना 70वां जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों पर निशाना साधा। उन्होंने स्पष्ट किया, हमारी पार्टी ने उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में सभी चुनाव अकेले लड़ना अधिक उचित समझा है। किसी भी पार्टी के साथ किसी भी चुनाव में किसी प्रकार का गठबंधन नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भविष्य में यदि यह भरोसा हो जाता है कि किसी गठबंधन सहयोगी पार्टी के खासकर अगड़ी जातियों के वोट बसपा को स्थानांतरित हो सकते हैं, तभी गठबंधन पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में वर्षों लग सकते हैं।



**2027 में बनेगी बीएसपी की सरकार**

मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता बसपा के चार कार्यकालों को याद करते हुए एक बार फिर 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को सत्ता में लाने का मन बना चुकी है।

उन्होंने कहा कि इसे साकार करने के लिए पार्टी के कार्यकर्ता पूरी तरह जुट गए हैं, ताकि इस बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई जा सके। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस, भाजपा सहित अन्य जातिवादी पार्टियां विभिन्न हथकंडे अपना रही हैं जिनका मुंहतोड़ जवाब देकर उत्तर प्रदेश में पांचवीं बार बसपा की सरकार बनानी है।

ईवीएम को लेकर उन्होंने कहा कि पिछले कई चुनावों की तरह इस बार भी ईवीएम में धांधली और बेईमानी हो सकती है, इसके बावजूद बसपा पूरे देश में पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि लोगों का मानना है कि ईवीएम में धांधली करने वालों का सिस्टम कभी भी विफल हो सकता है और तब सही चुनाव परिणाम सामने आएंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि पूरे देश में ईवीएम का विरोध बढ़ रहा है। बसपा प्रमुख ने पूर्ववर्ती सरकारों पर आरोप लगाते हुए कहा कि बसपा के संस्थापक कांशीराम के निधन पर राष्ट्रीय शोक घोषित नहीं किया गया और उनकी उपेक्षा की गई थी। उन्होंने कहा कि अन्य जातियों के साथ-साथ मुस्लिम समाज के साथ भी अन्याय हुआ है। मायावती ने दावा किया कि बसपा सरकार के दौरान दंगे नहीं हुए और यादव समाज का भी पूरा ध्यान रखा गया।

### बीएसपी सुप्रीमो को योगी व अखिलेश ने दी बधाई



बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती आज अपना 70वां जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर पार्टी की ओर से बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और कई नेताओं ने उन्हें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर मायावती को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने लिखा, बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। प्रभु श्री राम से आपके लिए दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी मायावती को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने लिखा, आदरणीय मायावती को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। उनको स्वस्थ, स्वतंत्र जीवन और सार्थक सक्रियता के लिए अनंत शुभकामनाएं। अखिलेश यादव ने कहा कि मायावती ने हमेशा शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों के सम्मान और अधिकारों के लिए संघर्ष किया है और यह संघर्ष आगे भी जारी रहे, यही उनकी कामना है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी मायावती को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने अपने संदेश में उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।

# राजधानी में मौसम साफ, चल रही ठंडी हवा, अगले पांच दिन में ठंड से मिलेगी राहत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में आज सुबह से मौसम साफ है। हल्की धुंध के बाद समय से धूप निकल आई। हालांकि, ठंडी हवा चलने से गलन महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 5 दिन में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ेगा जिससे ठंड से कुछ राहत मिलेगी। आज अधिकतम 21 और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री के आसपास रह सकता है। एक दिन पहले बुधवार को लखनऊ में मौसम साफरहा। सुबह से चटक धूप निकली, लेकिन सुबह और शाम के समय गलन के साथ में ठंड का असर बना रहा। अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 0.8 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 1 डिग्री कम रहा। लखनऊ में आज मौसम विभाग की तरफसे कोई अलर्ट नहीं है, लेकिन 16 जनवरी को मौसम विभाग की तरफ से कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। दो पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से प्रदेश के न्यूनतम तापमान में अगले 5-6 दिनों के दौरान 4-6 डिग्री की बढ़त रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में जारी वर्तमान शीत लहर के दौर से 15 जनवरी से निजात मिलने के साथ प्रदेश भर में कोहरे के क्षेत्रफल और घनत्व में बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसके दिन चढ़ने के साथ छंटने से दिन में मौसम सामान्य बना रहेगा।

### सर्वश्रेष्ठ बोर्डिंग स्कूलों की कार्यप्रणाली अपनाएंगे सर्वोदय विद्यालय : असीम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाज कल्याण विभाग संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय अब देश के प्रतिष्ठित और सर्वश्रेष्ठ बोर्डिंग स्कूलों की सफल कार्यप्रणालियों को अपनाएंगे। समाज कल्याण विभाग और बोर्डिंग स्कूल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया बीएसएआई के बीच आपसी सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन एमओयू होगा। गुरुवार को देहरादून स्थित द दून स्कूल में बीएसएआई से जुड़े देश के प्रतिष्ठित बोर्डिंग स्कूलों के प्राचार्यों के साथ एक बैठक हुई। बोर्डिंग स्कूलों में अपनाई जा रही बेस्ट प्रैक्टिसेज, प्रशासनिक व्यवस्था, छात्र कल्याण, अनुशासन, पाठ्येतर गतिविधियों और छात्रों के समग्र विकास से जुड़े मॉडलों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य देश के सर्वश्रेष्ठ बोर्डिंग स्कूलों के सफल अनुभवों को सर्वोदय विद्यालयों तक पहुंचाना है। सर्वोदय विद्यालयों की शिक्षा के साथ उनकी आवासीय व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। सर्वोदय विद्यालयों में बोर्डिंग सुविधाओं को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से सर्वोदय विद्यालयों के प्राचार्यों और शिक्षकों की एक टीम बीएसएआई से जुड़े प्रतिष्ठित बोर्डिंग स्कूलों का शैक्षणिक भ्रमण करेगी। वे वहां की शिक्षण पद्धति, छात्र देखभाल प्रणाली, हॉस्टल प्रबंधन और प्रशासनिक कार्यप्रणाली का अध्ययन करेंगे, जिसके आधार पर एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर एसओपी तैयार की जाएगी। 125 सर्वोदय विद्यालयों में लागू की जाएगी।

**निर्णय**

## अष्ट खम्भा स्तूप का होगा सौन्दर्यीकरण, एक करोड़ होंगे खर्च

# महाराजा सुहेलदेव भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक, स्तूप बनेगा पर्यटन का केंद्र : जयवीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजभर समाज की शौर्यगाथा, महाराजा सुहेलदेव की गौरवशाली विरासत को नई पीढ़ी से जोड़ने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग ने महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर लाने का निर्णय लिया है।

अम्बेडकर नगर स्थित ऐतिहासिक 'राजभर वंशीय खम्भा स्तूप' को प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर विशिष्ट पहचान दिलाने के उद्देश्य से राज्य सरकार 1 करोड़ रुपए की धनराशि से इसका पर्यटन विकास करेगी।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अम्बेडकर नगर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान देने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार एक महत्वपूर्ण पहल कर रही है। जिले के लोरपुर क्षेत्र स्थित महाराजा सुहेलदेव राजभर वंशीय अष्ट खम्भा स्तूप का पर्यटन विकास किया जाएगा। इस प्रयास का उद्देश्य न केवल प्राचीन धरोहर की ऐतिहासिक गरिमा को बनाए रखना है, बल्कि इसे संस्कृति और पर्यटन के संगम के रूप में विकसित कर राजभर समाज की शौर्यगाथा को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करना है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग का उद्देश्य अम्बेडकर नगर जिले में धार्मिक के साथ ऐतिहासिक स्थलों का पर्यटन विकास करना है। इसी दिशा में 'राजभर वंशीय खम्भा स्तूप' का समेकित पर्यटन विकास किया जा रहा है। परियोजना के तहत अष्ट खम्भा स्तूप के आसपास सौंदर्यीकरण, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, सूचना केंद्र और पेयजल



जैसी बुनियादी सहित अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

11वीं सदी में श्रावस्ती के वीर शासक महाराजा सुहेलदेव राजभर ने उत्तर भारत पर हो रहे विदेशी आक्रमणों के दौर में लोगों की रक्षा की। सैय्यद सालार मसूद द्वारा किए गए आक्रमणों में धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहरों, विशेषकर प्रतीक चिन्ह अष्ट खम्भों को भारी क्षति पहुंची, जिसे राजभर समाज ने पहचान और आस्था पर आघात माना। महाराजा सुहेलदेव ने निर्णायक युद्ध में सालार मसूद को मार गिराया और क्षेत्र को पुनः सुरक्षित किया।

कालांतर में अष्ट खम्भों का जीर्णोद्धार हुआ और वे फिर से सांस्कृतिक गौरव का केंद्र बने। अब उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग इस ऐतिहासिक स्थल को पर्यटन विकास के माध्यम से नई पहचान देने जा रहा है। सरकारी प्रयासों और सुदृढ़ होती कनेक्टिविटी के चलते अम्बेडकर नगर तेजी से प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। घाघरा नदी के तट पर बसे इस जनपद में नौकायन, तैराकी और दर्शनीय घाट पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं, बीड़ी गांव का महादेव मंदिर, अकबरपुर-खाटेरी मार्ग स्थित शिव बाबा मंदिर, बेनीपुर के अनिरुद्ध नगर का हनुमान मंदिर तथा राज सुल्तानपुर के बाबा जी कुटी, मां कालिका मंदिर और श्री ब्रह्म बाबा मंदिर जैसे तीर्थस्थल धार्मिक पर्यटन को नई गति दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में जहां अम्बेडकर नगर में 3.31 लाख पर्यटक पहुंचे, वहीं 2025 के जनवरी से जून के बीच यह संख्या दो लाख के पार जा चुकी थी।

### मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोग आयोजित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दुबग्गा क्षेत्र के इटौली में मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी भोग का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तुलसी राम यादव द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों को खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया। इस आयोजन में कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इनमें मुख्य अतिथि के रूप में मोहनलालगंज से पूर्व संसद केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर , बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला शमिल होकर सभी को मकर संक्रांति की बधाई शुभकामनाएं दी एवं उपस्थित जनसमूह से लोकतंत्र को सशक्त बनाने हेतु मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाने की अपील की, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। कार्यक्रम में सतीश कुमार, आर.डी. पाल, संजय रावत, दयाराम यादव, निर्मल यादव, आदर्श मोहन मिश्रा, बबलू तिवारी, मधुर अवस्थी, मोहन, छबन सहित अनेक सम्मानित कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। जनसंपर्क, सहभागिता और लोकतांत्रिक जागरूकता से परिपूर्ण यह आयोजन अत्यंत प्रेरणादायी रहा। खिचड़ी भोग का यह आयोजन सुबह से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चला। इसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# मकर संक्रांति पर्व पर आयोजित किया खिचड़ी भोज

**मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मकर संक्रांति के पावन पर्व पर जिला पंचायत सदस्य वार्ड संख्या तीन के संभावित प्रत्याशी देवांश दीक्षित ने जलालाबाद-ढाईघाट स्टेट हाइवे पर ग्राम बलदेवपुर मोड़ के निकट स्टॉल लगाकर गंगास्नान को ढाईघाट जाने व आने वाले गंगा प्रेमियों के लिए खिचड़ी भोज का आयोजन किया। मकर संक्रांति पर्व पर सुबह 11 बजे से शुरू हुआ खिचड़ी भोज देर सांय तक चलता रहा। इस बीच हजारों गंगा प्रेमियों ने प्रसाद ग्रहण किया। खिचड़ी भोज की व्यवस्था में सतीशचंद्र दीक्षित, रामानंद मिश्रा, राहुल सिंह चंदेल, रजनीश दीक्षित, प्रमोद श्रीवास्तव,बुधपाल सिंह, श्याम बाबू श्रीवास्तव, राणा प्रताप सिंह, अवनीश दीक्षित, रिंकू दीक्षित आदि ने वाहनों से आ जा रहे गंगाभक्तों को रोक रोक कर प्रसाद ग्रहण करवाया। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ. विनय शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश मिश्रा,पत्रकार शैलेन्द्र पाण्डेय व शिवशंकर दीक्षित आदि ने खिचड़ी भोज के लिए सुबह से शाम तक तन मन धन से सेवा कार्य करने वाले दीक्षित परिवार एवं सहयोगियों की सराहना करते हुए साधुवाद की संज्ञा दी।

### नगर में भंडारे का आयोजन

**पुवायां, शाहजहांपुर।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर नगर में जगह जगह खिचड़ी भोज भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें राहगीरों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं द सेक्रेड हार्ट एकेडमी के प्रबंधक ने जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किए। गुरुवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने नगर में जगह जगह भंडारे का आयोजन किया। जिसमें निगोही रोड, खुटार रोड पर खिचड़ी भोज, बण्डा रोड़ पर हलवा व शाहजहांपुर पर पूड़ी सब्जी का प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा इस अवसर पर संजीव मल्होत्रा ने जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किए।

### मकर संक्रांति पर लोगों ने किया दान-पुण्य



**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में मकर संक्रांति का पावन पर्व मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने अपनी श्रद्धा के अनुसार दान-पुण्य किया किया। जगह-जगह खिचड़ी का वितरण किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। करकौर गांव के प्रधान शिवशरन उर्फ पप्पू वर्मा ने अपने आवास पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम किया। और अशोक बाबा जी ने गांव के मेन रोड तिराह पर बने आश्रम पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम किया जिसमें गांव के बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया। और दूसरी तरफ जोहरी लाल कश्यप ने अपने आवास पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम किया। सभी कार्यक्रमों में ग्रामीणों व राहगीरों ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अरविंद कुमार, अमित कुमार, महेंद्र कश्यप, भानु कश्यप, वेदराम कश्यप, राजपाल कश्यप, राजू राठौर,महेंद्र राठौर, दुर्गपाल राठौर, सुरेश सक्सेना, प्रवीण वर्मा, गंगासरण वर्मा, सूरजपाल वर्मा, रामेश्वर वर्मा मोरपाल वर्मा, राधा कृष्ण वर्मा, आसाराम वर्मा, नरेश वर्मा, सुभाष वर्मा, संजीव गुर्जर, मोरपाल गुर्जर, नन्हे गुर्जर, चरत पाल गुर्जर, बाबा व राहगीर सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। सनातन धर्म में मकर संक्रांति पर्व का विशेष महत्व है। यह पर्व सूर्य उपासना, प्राकृतिक और मानव जीवन के संतुलन को दर्शाता है। इस दिन भगवान सूर्य (भास्कर) अपने पुत्र शनि देव मिलने उनके घर जाते हैं। चूंकि कि शनि देव मकर राशि के स्वामी है। इसीलिए इस पर्व मकर संक्रांति कहा जाता है।

### मकर संक्रांति व ब्राह्मण समाज स्थापना दिवस पर परशुराम धाम में आयोजन



**शाहजहांपुर।** मकर संक्रांति के पावन पर्व एवं ब्राह्मण समाज स्थापना दिवस के अवसर पर परशुराम धाम में एक भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विधिवत हवन-पूजन, विचार गोष्ठी तथा खिचड़ी भोज संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री श्री 108 स्वामी शिव सच्चरूपाश्रम जी महाराज रहे। कार्यक्रम का संचालन रवि मिश्र ने किया तथा संरक्षक के रूप में केशव चंद्र मिश्र बाबू जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर के.के. शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विजय पाठक, श्री दत्त शुक्ला, आलोक द्विवेदी, रामसागर अवस्थी, सतेन्द्र शुक्ला, अशोक मिश्रा, आलोक मिश्रा, अवधेश दीक्षित, हरिशरण, अजय अवस्थी, गोपाल शर्मा (गोविंद गौ सदन), वरुण शुक्ला सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्वामी शिव सच्चरूपाश्रम जी महाराज ने अपने प्रवचन में देश की आज़ादी में संतों के योगदान, परोपकार की भावना तथा समाज व धर्म की रक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत परंपरा सदैव राष्ट्र, समाज और संस्कृति की रक्षा का आधार रही है। कार्यक्रम के अंत में केशव चंद्र मिश्र ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### कांग्रेसियों ने राजीव चौक पर हनुमान चालीसा का पाठ कर जताया विरोध



**पुवायां, शाहजहांपुर।** अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा हनुमानजी की आकृति वाली पतंग उड़ाने पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विरोध दर्ज कराया। गुरुवार को कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राजीव चौक पर एकत्रित हुए इसके बाद वहां पर हनुमान चालीसा का पाठ किया। साथ ही देश की सरकार के लिए सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है भारत सरकार के द्वारा भगवान हनुमानजी की आकृति वाली पतंग बनाकर उड़ाना करोड़ो सनातनियों की भावनाओं पर सीधा प्रहार है। साथ ही कहा कि भाजपा सरकार ने धर्म को सत्ता, प्रचार और चुनावी लाभ का माध्यम बना लिया है। इस बीच नगराध्यक्ष आशीष तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष सतेंद्र त्रिवेदी, आलोक शुक्ला, राहुल मौर्य, मशीन गुप्ता, अंकित अग्रवाल, अरुणोदे मिश्रा, सूरज कश्यप, सुमित शुक्ला, सुनील कुशवाहा, मनोज बाजपेयी, राममोहन मिश्रा आदि कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

### जन सेवा केंद्र पर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** 10 जनवरी को सिधौली कस्बे में स्थित एक जन सेवा केंद्र पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने हुई मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में नईम खान ने कोतवाली सिधौली में तहरीर देकर बताया कि उसका भाई रिजवान खान 10 जनवरी को सुबह करीब 11 बजे जन सेवा केंद्र पर बैठा हुआ था। तभी गांव के ही मुमताज, यूनुस, औरंगज़ेब व शाजेब अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ दुकान में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से रिजवान खान के साथ मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं, जिनमें कुछ चोटें खुली और कुछ अंदरूनी बताई जा रही हैं। मारपीट के दौरान आरोपियों ने दुकान में रखा मोबाइल, प्रिंटर, लैपटॉप और फर्नीचर भी तोड़ दिया, जिससे काफी नुकसान हुआ।

### जरूरतमंदों को कम्बल वितरण कर सामूहिक भोज का आयोजन

**मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत बुढ़ौरा शेरगंज के प्रधान प्रतिनिधि राहुल मिश्रा ने मकर संक्रांति के पावन पर्व पर ग्राम पंचायत के जरूरतमंदों को कम्बल वितरण कर सामूहिक भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. विनय शर्मा व विशिष्ट अतिथि युवा ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी और भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश मिश्रा व प्रधान मनीराम ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. विनय शर्मा ने कहा कि जिस तरह किसान अपने खेतों में थोड़ा सा बीज डालकर बीज से कई गुना अधिक पैदावार प्राप्त करता है। ठीक उसी प्रकार जनहित में जरूरतमंदों की थोड़ी सी मदद करके उसे प्रतिफल के रूप में कई गुना लाभ प्रकृति देती है। प्रधान प्रतिनिधि राहुल मिश्रा ने भी इस कड़ाके की सर्दी में जरूरतमंदों को कम्बल वितरण कर पुण्य कार्य किया है। प्रकृति अपने नियम के अनुसार इस पुण्य कार्य का उन्हें कई गुना प्रतिफल देगी। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी ने कहा कि सर्वशक्तिमान प्रभु ने जिसे भी किसी असहाय, पीड़ित, कमजोर के मदद के योग्य बनाया है,उसे मदद करनी चाहिए। उन्होंने ग्राम पंचायत के विकास का वायदा करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत से जो भी विकास कार्य के प्रस्ताव उन्हें दिए जाएंगे,वे समय रहते पूरे करवाए जाएंगे। प्रधान प्रतिनिधि राहुल मिश्रा ने ग्राम पंचायत के ग्राम उमरापुर, रसूलपुर, मझरिया, बुढ़ौरा, शेरगंज के जरूरतमंदों का चयन कर कम्बल वितरण किया। प्रधान प्रतिनिधि ने अतिथियों और वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र पाण्डेय,शिवशंकर दीक्षित, सोनू शर्मा, सुरेन्द्र यादव को श्रीराम नामी पटका और फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता मनमोहन अवस्थी, अनिल भदौरिया, ग्रामीण पवनेश वर्मा, संदीप तिवारी, नेत्रपाल वर्मा, रक्षपाल वर्मा, लालाराम वर्मा, धनपाल वर्मा, नबाब सिंह वर्मा, मुंशी सिंह यादव, शेर सिंह यादव, हरिश्चंद्र वर्मा, रामसेवक वर्मा,रामचंद्र वर्मा आदि सैकड़ों ग्रामीणों ने सामूहिक भोज में प्रसाद ग्रहण कर प्रधान प्रतिनिधि के कार्यों की प्रशंसा की।

### कन्याओं को भोज कराकर हुआ उपजा कार्यालय पर भंडारा



**शाहजहांपुर।** मकर संक्रांति पर्व पर हर वर्ष की भांति इस बार भी जेल रोड बहादुरपुरा स्थित यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन उपजा के जिला कार्यालय पर विशाल भंडारा का आयोजन हुआ। भंडारा की शुरुआत कन्याओं को भोज कराकर हुई। भंडारा सुबह करीब 11 बजे शुरू हुआ और देर शाम तक चला। जिसमें हजारों राहगीरों के साथ पत्रकारों और दुकानदारों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान उपजा के प्रदेश संगठन मंत्री मोहम्मद इरफान, प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार शर्मा, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता, संरक्षक ओंकार मनीषी, जिलाध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी, जिला महामंत्री पंकज सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा एडवोकेट, अमरदीप रस्तोगी, रामलड़ैते तिवारी, उपाध्यक्ष ऐनुल हक, जिला सचिव विषक मिश्रा एडवोकेट, इमरान जिलानी, मीडिया प्रभारी शशांक सोमवंशी, स्वदेश शुक्ला, प्रभाकर मिश्रा एडवोकेट, अंकित गुप्ता, सोनू हिंदुस्तानी, सूर्योदय सिंह बिब्बी एडवोकेट, अरूण दीक्षित एडवोकेट, अमित सहाना, अमित सक्सेना, जगदीश सिंह, अर्शियान अर्श, विश्नुदयाल कनौजिया, ताराचन्द्र, जीशान खां आदि दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे। भंडारा में श्याम मोहन उर्फ बाबा, मोहम्मद आजम, महेश गुप्ता, सतीश शर्मा, रूपराम, वैभव पांडेय आदि का विशेष सहयोग रहा।

### छोटी सब्जी मंडी में मकरसंक्रांति पर्व पर भंडारा का आयोजन किया गया



**शाहजहांपुर।** लायन क्लब शाहजहांपुर शक्ति के द्वारा फूड फॉर हंगर के अंतर्गत मकर संक्रांति के उपलक्ष में छोटी सब्जी मंडी के पास भंडारा का आयोजन किया गया। जोकि दोपहर 12 बजे से लेकर देरशाम तक चला। भंडारे में स्थानीय बाजार के दुकानदारों, रहगीरों व क्लब के सदस्यों ने प्रसाद ग्रहण कर एक दूसरे को मकरसंक्रांति की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर लायन ललिता यादव ने बताया कि मकर संक्रांति एक बड़ा पर्व है, मकर संक्रांति पर सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है। इसीलिए इस त्यौहार के नाम में मकर' शब्द है। संक्रांति शब्द सूर्य के एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करने का प्रतीक है। इस दिन ब्राह्मणों और जरूरतमंद लोगों को दान दिया जाता है, जिससे उनका आशीर्वाद मिले और घर में सुख शांति और समृद्धि बनी रहे। क्लब शक्ति के द्वारा लगाए गए भंडारे में हजारों लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही क्लब द्वारा सैकडों लोगों को सूखी खिचड़ी भी वितरित की गई इस आयोजन में अध्यक्ष लायन ललिता यादव, सचिव लायन गुरमीत कौर, चार्टर अध्यक्ष लायन गुरजीत कौर, लायन शुभांगी गुप्ता, लायन विम्मी गुप्ता, लायन मनजीत कौर, लायन दुर्गा, इला यादव, सुमन गुप्ता समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## मनरेगा बचाओ अभियान के तहत पुवायां में बैठक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



पुवायां विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक खुटार में महिला कांग्रेस की ब्लॉक अध्यक्ष वर्षा रानी के आवास पर मनरेगा बचाओ अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का नेतृत्व महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष अर्चना कटारिया ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए अर्चना कटारिया ने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीण महिलाओं और मजदूरों के लिए जीवनरेखा है, लेकिन वर्तमान सरकार की नीतियों के चलते यह योजना कमजोर की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मजदूरों को समय से काम और मजदूरी नहीं मिल रही, जिससे ग्रामीण परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं को बचाने के लिए संगठित होकर संघर्ष करें। बैठक में मौजूद महिलाओं ने भी अपने-अपने गांवों में रोजगार न मिलने, मजदूरी भुगतान में देरी और कार्यों में कटौती जैसी समस्याएं रखीं। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहीं। बैठक के माध्यम से सरकार तक मनरेगा से जुड़ी समस्याओं को पहुंचाने और आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया गया। साथ में शामिल रहे महानगर अध्यक्ष सीमा गौतम, सायरा बानो, तबस्सुम, सायरा, नसरीन, सीमा, राधा, शगुफ्ता, रानी, मोनी, आदि।

### महिला पुलिस कर्मियों से बदसलूकी मामले में एक वकील हिरासत में, सरे बाजार शाम को रस्ते में हुई थी घटना

**तिलहर-शाहजहांपुर।** सरे शाम सरे बाजार सिविल ड्रेस में पैदल बाजार जा रही दो महिला पुलिस कर्मियों से रास्ते में बदसलूकी किए जाने के मामले में पुलिस ने वकील को हिरासत में लिया है। समाचार भेजे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। जानकारी के मुताबिक बुधवार शाम करीब साढ़े छह बजे दो महिला पुलिस कर्मी सिविल ड्रेस में बाजार से कुछ जरूरत का सामान लेने कोतवाली से पैदल जा रहीं थीं। इसी दौरान बिरियागंज पुलिस चौकी से चंद कदमों आगे पोटरगंज मंडी के पश्चिमी गेट के समीप एक युवक ने बदसलूकी कर दी। फिर क्या था पीड़ित कर्मियों ने मौके पर ही जमकर उसकी धुनाई लगा दी। सूचना मिलते ही दो अन्य पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। घटना का संज्ञान होते ही सीओ ज्योति यादव भी कोतवाली पहुंची और पीड़िताओं से घटना की जानकारी ली। पीड़िताओं की ओर से तहरीर दिए जाने के बाबजूद गुरुवार शाम तक मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। चर्चा है कि आरोपी वकील नशे में धुत था । विडंबना यह है कि यदि आरोपी नशे में था तो पुलिस ने उसका चिकित्सीय परीक्षण क्यों नहीं कराया। महिला पुलिस कर्मियों के साथ हुई इस घटना की आज चर्चा का दौर रहा। नागरिकों का मानना है कि जब महिला पुलिस कर्मी ही सुरक्षित नहीं हैं ऐसे में उनकी बहू बेटियों की सुरक्षा की भला क्या गारंटी है।

## अभाविप ने विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य पर किया तहरी भोज

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर इकाई के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के उपलक्ष में मकर संक्रांति पर स्टूडेंट आफ सेवा आयाम के तहत मिशन स्कूल के पास तहरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सेवा भाव और एकता की भावना को बढ़ावा देना था। विभाग संगठन मंत्री राहुल गंगवार ने कहा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर हम यह तेहरी वितरण कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं ताकि समाज में सेवा भाव और एकता की भावना को बढ़ावा दिया जा सके। स्वामी विवेकानंद जी ने हमें जीवन के मूल्यों और आदर्शों के बारे में सिखाया, और हमें अपने देश और समाज के लिए कुछ करने के लिए प्रेरित किया। महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव ने कहा यह कार्यक्रम हमें स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को याद करने और उनके बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। हमारा उद्देश्य है कि समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर उनकी सेवा करें और उन्हें खुशियां बांटें। हम युवाओं को प्रेरित करना चाहते हैं कि वे अपने समाज के लिए कुछ करें और देश के विकास में योगदान दें। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और तेहरी का आनंद लिया। कार्यक्रम मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री राहुल गंगवार, जिला संगठन मंत्री संदीप सागर, महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव, जिला संयोजक वैभव सक्सेना, महानगर मीडिया संयोजक भानु प्रताप, योगेश दीक्षित, अन्नू, अनुज आदि मौजूद रहे।

## विश्व पुस्तक मेला में डॉ. ह्यूमन की पुस्तक का विमोचन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नई दिल्ली के प्रगति मैदान (भारत मंडपम) में आयोजित नौ दिवसीय विश्व पुस्तक मेला में अर्थियन सोसाइटी के निदेशक एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. इरफान ह्यूमन की पुस्तक साइबोर्ग विज्ञान कथाएं का विमोचन डॉ. सी.वी. रामन विश्वविद्यालय और रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल के चांसलर और आइसेक्ट के संस्थापक प्रख्यात शिक्षाविद् संतोष चौबे ने किया और इस पुस्तक के नये विषय की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान लेखकों को ऐसे रोचक विषयों पर लिखना चाहिए ताकि बच्चों और विद्यार्थियों का ज्ञानार्जन हो सके। उन्होंने कहा कि विश्व पुस्तक मेला एक ऐसा शक्तिशाली मंच है जहाँ लेखक, पाठक और प्रकाशक विचारों का आदान-प्रदान कर सकते हैं और साहित्य की विविध धाराओं को एक साथ ला सकते हैं। इससे पूर्व विश्व पुस्तक मेला का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा किया गया, जिसमें अतिथि देश कतर और फ़ोकस देश स्पेन के प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में अभिनेत्री-राजनीतिज्ञ हेमा मालिनी, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, संगीतकार रिक्की केज, अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के साथ कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय लेखक, वक्ता और विशेषज्ञ उपस्थित रहे। डॉ. इरफान ह्यूमन ने बताया कि 18 जनवरी तक चलने वाले विश्व पुस्तक मेला मे 1,000 से अधिक प्रकाशक दुनिया भर से मेले में भाग ले रहे हैं। ये प्रकाशक 35 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, इसमें रूस, जापान, पोलैंड, फ्रांस, खाज़ाकि़स्तान, हंगरी, चिली आदि शामिल हैं। मेले में लगभग 600 से ज्यादा कार्यक्रम और 1,000 से अधिक वक्ता होंगे। अन्तर्राष्ट्रीय सहभागियों के बीच ऑस्ट्रिया और यूक्रेन का संयुक्त साहित्यिक प्रदर्शनी भी है, जो अलग-अलग भाषाओं और संस्कृति के विमर्श को सामने लाती है।

## शिक्षकों के किए गए समायोजन को लेकर शिक्षक संगठनों में उबाल

▶ **19 जनवरी को बीएसए कार्यालय पर किया जाएगा विरोध प्रदर्शन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के परिषदीय विद्यालयों में 271 शिक्षक-शिक्षिकाओं के किए गए अनियमित समायोजन को लेकर जनपद के सभी प्रमुख शिक्षक संगठनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसी क्रम में सभी संगठनों ने एकजुटता का परिचय देते हुए संयुक्त शिक्षक समिति का गठन कर 19 जनवरी से आंदोलन की घोषणा कर दी है। रोटीगोदाम स्थित परिषदीय विद्यालय परिसर में आयोजित संयुक्त बैठक में शिक्षक संगठनों ने आरोप लगाया कि समायोजन प्रक्रिया में शासनादेश एवं विभागीय आदेशों की घोर अवहेलना की गई है। महिलाओं, सेवानिवृत्ति में मात्र तीन माह शेष रहने वाले शिक्षकों, दिव्यांग एवं गंभीर बीमारियों से ग्रस्त शिक्षकों को 60 से 70 किलोमीटर दूर समायोजित कर उत्पीड़न किया गया है। संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति ने निर्णय लिया कि 19 जनवरी (सोमवार) को प्रातः 11 बजे से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 20 जनवरी (मंगलवार) को प्रातः 11 बजे से खिरनीबाग रामलीला मैदान में जनपद के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं जोरदार विरोध प्रदर्शन करेंगे। आवश्यक होने पर आगामी आंदोलन की रूपरेखा भी घोषित की जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुनीश मिश्र ने कहा कि यह समायोजन पूरी तरह शिक्षक उत्पीड़न की नीयत से किया गया है, जिसमें न वरिष्ठता का पालन किया गया और न ही महिला एवं गंभीर बीमार शिक्षकों की परिस्थितियों को देखा गया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि इस अनियमित समायोजन के कारण दर्जनों विद्यालय बंद या एकल अध्यापक वाले हो गए हैं, जबकि कुछ शिक्षकों को बिना आधार के संरक्षण दिया गया है। यूनाइटेड शिक्षक यूनियन के जिला महामंत्री हरिशंकर ने कहा कि समायोजन से पूर्व न तो वरिष्ठता सूची जारी की गई और न ही रिक्त पदों की जानकारी सार्वजनिक की गई। बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजकमल आर्य ने आरोप लगाया कि पुरुष शिक्षकों को नजदीकी विद्यालय तथा महिला शिक्षिकाओं को 60 से 70 किलोमीटर दूर समायोजित किया गया, जो स्पष्ट रूप से भेदभावपूर्ण है। कौमी एकता शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नफीस अहमद ने कहा कि इस समायोजन का उद्देश्य न तो अध्यापक विहीन या एकल अध्यापक विद्यालयों को सुदृढ़ करना है, बल्कि केवल शिक्षकों का उत्पीड़न करना है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री ने कहा कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा शासनादेशों की अवहेलना कर सरकार की स्वच्छ कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाया गया है, जिससे जनपद के समस्त शिक्षक आक्रोशित हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री अंकुर त्रिपाठी ने मांग की कि सर्वप्रथम यह समायोजन तत्काल निरस्त किया जाए, उसके पश्चात समायोजन नियमावली, बंद एवं एकल विद्यालयों तथा सरप्लस शिक्षकों की सूची सार्वजनिक की जाए। बैठक में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सरताज अली, कौमी उर्दू शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नफीस अहमद,पुवायां अध्यक्ष अश्विनी अवस्थी, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के भावलखेड़ा मंत्री उपेंद्र गुप्ता, महानगर अध्यक्ष इमरान सईद, कांट ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह सहित अवनीश कुमार सिंह, उमेश चन्द्र सक्सेना, सचिन अवस्थी, विजय कांत शर्मा, प्रदीप सिंह, राकेश रोशन, राघवेन्द्र सिंह, संजय त्रिपाठी, शेर सिंह, वीरेश कुमार, मनीष, हरीश, ओमप्रकाश वर्मा, लक्ष्मी कांत, आदर्श श्रीवास्तव सहित दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पुवायां में खनन सरेआम, चौकड़ी मारे बैठे अफसरान

▶ **पुलिस मेहरबान... धड़ल्ले से चल रहा खनन का काम!**

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





प्रदेश सरकार जहां खनन माफिया के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई के लिए जिले के आलाअधिकारियों को निर्देश दे रही है। वहीं जिला शाहजहांपुर के तहसील पुवायां में खनन माफियाओं को स्थानीय पुलिस प्रशासन से भय नही लगता है इसलिए दिनदहाड़े जमकर खुलेआम खनन कर मिट्टी की ट्रालियां सड़क पर दौड़ा रहे हैं। क्योंकि उनको पुलिस प्रशासन का भय नही लगता है। उसके साथ ही खनन माफिया ट्राली मिट्टी व बालू भरकर बिक्री करते हैं। इन खनन माफियाओं से पुवायां की पुलिस भलीभांति परचित हैं क्योंकि खनन माफिया मिट्टी भरी ट्राली लेकर राजीव चौक से गुजरते है और राजीव चौक पर पुलिस भी मौजूद रहती है। पुलिसकर्मी खनन की ट्रालियों को रोकने की बजाय उन्हें खनन करने के लिए बढ़ावा दे रही है। क्योंकि पुवायां में निगोही रोड़ स्थित माफियाओं का अवैध खनन कार्य चल रहा है। यह खनन डंके की चोट पर किया जा रहा है। लेकिन इस खनन में के बारे में पुलिस व तहसील प्रशासन को जानकारी नही है। खनन माफिया रात के अंधेरे में मिट्टी का खनन करते है और मिट्टी को नगर में बन रहे मकान में मिट्टी डाल रहे थे। बताया जा रहा है कि ये सभी मिट्टी की ट्रालियां राजीव चौक से होकर से गुजरती है। लेकिन पुवायां को इसकी भनक तक नही लगी। जिसकी जानकारी कोतवाल को हुई तो उन्होंने हल्का दरोगा को मिट्टी की ट्रालियां पकड़कर कोतवाली लाने के लिए कहा। जिसके बाद पुलिस सक्रिय है मगर खनन माफिया निडर है उनको पुलिस का भय नही है। बताया जा रहा है कि खनन माफियाओं पर किसी नेता का हाथ है। जिसकी दम पर वह खनन का कार्य कराते हैं।

### स्थानीय अधिकारियों को नहीं है खनन की जानकारी

पुवायां में धड़ल्ले से अवैध मिट्टी का खनन हो रहा है जबकि जिले से एडीएम अरविंद कुमार ने कई मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज किया था लेकिन पुवायां एसडीएम को क्षेत्र में हो रहे खनन की कोई जानकारी नही है यदि जानकारी है तो खनन माफियाओं पर कार्यवाही क्यों नही की जाती है। इससे यह प्रतीत होता है कि या तो खनन माफियाओं पर किसी बड़े नेता का हाथ है या फिर अधिकारियों की जेब गर्म हो जाती है।

### मारपीट का मुकदमा दर्ज, दो नामजद

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव बरौरा निवासी बलीहसन की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित ने कोतवाली में दी गई शिकायत में बताया कि 16 दिसंबर को वह काम समाप्त कर घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान गांव के ही तजाददीन और उसका भांजा शोएब रास्ते में मिल गए और बिना किसी कारण के गंदी-गंदी गालियां देने लगे। पीड़ित द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट की और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। इसके बाद दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद बलीहसन ने कोतवाली पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड सं.- 216354620648 व पेन कार्ड सं.- BMEPJ9790B में मेरा नाम जनकलली (JANAKLALI) तथा जन्म तिथि 01-01-1950 अंकित है,जो सत्य व सही है। जबकि मेरे पति स्व. शत्रुधन प्रसाद के सर्विस बुक में मेरा नाम जनकलली देवी (JANAKLALI DEVI) तथा जन्म तिथि 30-01-1950 दर्ज हो गयी है,जो गलत है।मेरा सही नाम जनकलली (JANAKLALI) व जन्म तिथि 01-01-1950 सभी कागजात में है वहीं सही माना जाये। जनकलली पत्नी स्व. शत्रुधन प्रसाद, ग्राम-महेवा नानकार, पोस्ट-करोहामान, तहसील-मनकापुर, जनपद -गोन्डा।

## खबरें एक नजर में

### चीनी मिल जाने का रास्ता जर्जर, गन्ना किसानों की मुसीबत



**तिलहर – शाहजहांपुर।** तिलहर क्षेत्र के करीब पचास गांवों से चीनीमिल गन्ना ले जाने बाला प्रमुख जर्जर होने से किसानों की मुसीबत बनी हुई है। बता दें कि नगर के दक्षिणी राजनपुर, गैसरा, बंधा तीन संपर्क मार्जिन से जुड़े करीब 50 गांव क्षेत्रों का गन्ना ईदगाह मौजमपुर के रस्ते होकर पुराना रोडवेज होकर चीनीमिल को भेजा जाता है। लेकिन लंबे अरसे से ईदगाह से मौजमपुर मोड़ तक का करीब दो सौ मीटर रास्ता बेहद जर्जर और घरेली नालियों के सड़क पर जाने से रास्ता कीचड़ युक्त हो चुका है। जिसमें ट्रेक्टर ट्रालियां व बुग्गी फंसती रत्ती हैं। और तमाम लोग चोटिल हो चुके हैं। लेकिन प्रशासन इसकी ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश पनपना स्वाभाविक है। गांव जोधपुर नवादिया के प्रधान अनुरुद्ध यादव उर्फ पहलवान ने प्रशासन से उक्त मार्ग अतिशीघ्र दुरुस्त कराए जाने की पुरजोर मांग की है।

### दो पक्षों में सरे बाजार लाठी डंडे चलने से आधा दर्जन घायल, दुकान स्वामित्व को लेकर कई बार हो चुका विवाद

**तिलहर – शाहजहांपुर।** नगर के मुख्य बाजार में एक दुकान के स्वामित्व को लेकर चले आ रहे विवाद ने बुधवार देर शाम उग्र रूप धारण कर लिए। लाठी डंडे चलने से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। गौर तलब है कि नगर की बजरिया चंदन लाल स्थित एक  किराएदारी दुकान की बिक्री किए जाने के चलते स्वामित्व को लेकर कई वर्षों से किरायेदार व खरीददार के बीच विवाद चल आ रहा है। इसी के चलते बुधवार देर शाम करीब सात बजे  दोनो पक्षों में चले लाठी डंडे चलने से आधा दर्जन से लोग घायल हो गए। इस घटना बाजार में अफरा तफरी मच गई। उधर पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भिजवाया। घटना में एक पक्ष के राजीव गुप्ता , मुकेश गुप्ता , राजू , नवनीत गुप्ता , कीर्ति गुप्ता घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के कमलसिंह , रोहित सिंह , रमेश सिंह घायल हुए हैं। समाचार भेजे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

### पत्रकार को पितृ शोक

**शाहजहांपुर।** सदर निवासी विपिन त्रिपाठी के पिता शांति प्रकाश त्रिपाठी की अचानक पांच दिन पूर्व तबियत खराब हो गई थी,  जिन्हें परिजनों ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां पर गुरुवार को शाम उनका उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पत्रकार के पिता के निधन से शोक की लहर है।

### पुवायां में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी मकर संक्रांति

**पुवायां, शाहजहांपुर।** गुरुवार को मकर संक्रांति का पर्व नगर पुवायां मे बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेवा भारती शाहजीपुर ग्रामीण कॉटिल्य पुरम कॉलोनी बंडा द्वारा नगर पुवायां में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में आधा दर्जन अलग अलग स्थानों पर कन्या खिचड़ी भोज आयोजित किया गया। मकर संक्रांति पर आयोजित खिचड़ी भोज कार्यक्रम की शुरुआत सेवा भारती के कार्यकर्ताओं के द्वारा 21 कन्याओं को तिलक लगाकर चुनरी उढ़ाते हुए अभिनंदन करते हुए की गई। इससे पहले महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति को तिलक लगाकर खिचड़ी अर्पित की गई। इसके बाद सभी कन्याओं को सामूहिक खिचड़ी भोज कराया गया। जहाँ सभी कन्याओं ने उत्साहपूर्वक खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। महर्षि वाल्मीकि मंदिर में कन्या भोज के दौरान 3 साल से लेकर 18 साल तक की कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा सेवा भारती द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन पुवायां के मोहल्ला गढ़ी छावनी स्थित संकट मोचक हनुमान मंदिर पर आयोजित किया गया जहां लोगों ने सामूहिक रूप से खिचड़ी भोज का प्रसाद ग्रहण किया। सेवा भारती के कार्यकर्ताओं के द्वारा पुवायां के मोहल्ला कसभरा गोल्डन पैलेस के सामने भी टेंट लगाकर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जहां सड़क पर आने जाने वाले लोगों ने खिचड़ी भोज का प्रसाद ग्रहण किया। लगभग सभी स्थानों पर  सुबह 10 से 11:00 बजे के बीच खिचड़ी भोज की शुरुआत हुई। मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में आयोजित खिचड़ी भोज के कार्यक्रम में सेवा भारती के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे जिन्होंने पुवायां के अलग-अलग स्थान पर खिचड़ी भोज आयोजित कर सड़क पर आने जाने वाले राहगीरों के लिए खिचड़ी प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर प्रत्येक स्थान पर बच्चों ने खिचड़ी भोज का खूब आनंद लिया।

### रोजा में जगह जगह हुआ भंडारा

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन थाना क्षेत्र के रोजा कोतवाली में रेलवे कॉलोनी स्टेशन कॉलोनी बस अड्डा मंडी समिति लंगोटी बाबा चौराहा जमुई नहर पर जाम का गांव के पास मठिया कॉलोनी हथोड़ा बुजुर्ग निवास पर ग्राम बलिया में जगह-जगह खिचड़ी भोज की आयोजन किए गए। कहीं-कहीं सब्जी पूरी खिलाई गई। आदर्श नगर कॉलोनी में कई जगह चाय का वितरण किया गया  हथोड़ा बुजर गांव में कुछ बच्चों ने एक दूसरे को बिस्किट बनते रोजा जंक्शन रेलवे कैंटीन पर लोको पायलटो ने खिचड़ी भोज का आयोजन किया। बच्चों ने पतंग उड़ा कर लुफ्त उठाया इस अवसर पर लोको पायलट जैसी शर्मा लोको पायलट सुशील कुमार लोको पायलट फसत हुसैन मुकेश शुक्ला जाम पेंट अजय कुमार मिश्रा अवनीश मिश्रा दिनेश कुमार मिश्रा आदेश मिश्रा सुनील कुमार रमेश चंद्र रामकुमार दिनेश पाल मोहनीश कुमार राम रतन डीके मिश्रा सोहनलाल देवेंद्र पाल युगल किशोर मुकेश शुक्ला राम रतन सहित कई लोग उपस्थित थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, हत्या का आरोप

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का लगाया आरोप पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक के पिता ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

बृहस्पतिवार को खुटार क्षेत्र के गांव सिलहुआ निवासी राकेश मिश्रा पुत्र शारदा प्रसाद मिश्रा ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उनका पुत्र सचिब मिश्रा 14 जनवरी 2026 की शाम लगभग 5 बजे अपनी मोटरसाइकिल से किसी कार्य से खुटार आया था। रात करीब 10 बजे उन्हें गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा फोन पर सूचना दी गई। कि उनका पुत्र खून से लथ-पथ बंडा रोड होते हुए सिलहुआ जाने वाले मार्ग पर ईदगाह के पास सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल सचिब मिश्रा को अपनी गाड़ी से खुटार स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां इलाज के लिए ले गए। चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए उसे शाहजहांपुर रेफर कर दिया। परिजन इलाज के लिए शाहजहांपुर ले जा रहे थे, इसी दौरान रात करीब 12 बजे रास्ते में सचिब की मौत हो गई। परिजनों ने तहरीर में आरोप लगाया गया है कि मृतक के शरीर पर कई जगहों पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे यह प्रतीत होता है कि उसके साथ किसी व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा मारपीट की गई, जिसके कारण उसकी मृत्यु हुई। मृतक की मोटरसाइकिल गांव के पास बालकराम के खेत के निकट बनी पुलिया के पास पड़ी हुई मिली। रात अधिक हो जाने के कारण तत्काल सूचना नहीं दी जा सकी। अगले दिन थाना खुटार पहुंचकर परिजनों ने अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी। परिजनों ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर

> परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर दिया गया है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।
> **-श्यामवीर सिंह, थाना अध्यक्ष खुटार**

दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों के स्पष्ट होने की बात कही जा रही है। मृतक की शादी 2016 में हुई थी। इसका एक 6 महीने का लड़का मन्नत है व पत्नी नैंसी माता मीना मिश्रा का रो रो कर बुरा हाल है घटना के बाद गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

### स्कूल के सामने संचालित मीट दुकान बंद कराने को दी तहरीर

**तिलहर – शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर में बस्ती के बीच और स्कूल के निकट संचालित मीट की  दुकान बन्द कराये जाने को लेकर सभासद आसिफ खान ने कोतवाली में तहरीर दी है। सभासद आसिफ खान ने बताया कि मोहल्ला दिलाजाक में बस्ती के बीच और स्कूल के समीप नदीम पुत्र खलील द्वारा अबैध रूप से मीट की दुकान संचालित की जा रही है ।  जिससे स्कूल आने जाने वाले बच्चों व उनके माता पिता को परेशानी का सामना करना पडता है 7 सभासद ने बताया कि उक्त मामले में पालिका प्रशासन द्वारा दुकान संचालित करने वाले नदीम को पूर्व में नोटिस भी दिया जा चुका है । उसके बाद भी वह मनमानी पर उतारू है।

## सीओ तिलहर की गाड़ी में साइड से रोडवेज ने मारी टक्कर

- शाहजहांपुर से बरेली जा थी रोडवेज बस, तकनीकी खराबी से हुई अनियंत्रित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

तिलहर सीओ ज्योति यादव की सरकारी गाड़ी को सिविल लाइन दुर्गा होटल मोड़ के पास बस स्टैंड से बरेली जा रही, रोडवेज बस संख्या यूपी 78 स्ह 5067 ने टक्कर साइड से मार दी। जिससे सीओ की गाडी व बस की एक साइड खरोंच गई। गनीमत रही कि बस की स्पीड कम थी, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि हादसे के बाद मौके पर पुलिसकर्मियों ने बस को रुकवाकर कागज बगैरह चैक किए। सीओ अपने कार्य से चली गई। करीब आधा घंटे बस इमली रोड मोड़ पर खड़ी रही। जिसके बाद पुलिस वालों ने बस का 500 रुपये का चालान काटते हुए बस को गंतव्य स्थान को जाना दिया। परिचालक अनुराग मिश्रा ने बताया कि बस की कमानी में दिक्कत की वजह से बस अनियंत्रित हो जाने से सीओ की गाड़ी में बस की साइड लग गई थी। पुलिस द्वारा चालान काटने के बाद बस को जाने दिया गया। जानकारी करने पर सीओ तिलहर ज्योति यादव ने बताया कि बस में तकनीकी दिक्कत से साइड गाड़ी में लग गई थी, कोई चोट नही लगी थी। बस चालक को हिदायत देकर जाने दिया गया।

## स्वामी चिन्मयानंद ने किया पुस्तक वाङ्मय का विमोचन

- डॉ. कविता भटनागर और डॉ. श्रीकांत मिश्रा ने किया है संपादन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय संगीत की सघन परंपरा, उसकी साधना और शास्त्रीय गरिमा को शब्दबद्ध करती एक महत्वपूर्ण कृति का विमोचन आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक गरिमा के वातावरण में सम्पन्न हुआ। डा. कविता भटनागर एवं डा. श्रीकांत मिश्रा द्वारा संपादित भारतीय संगीत पर आधारित पुस्तक वाङ्मय का विमोचन मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने किया। इस अवसर पर स्वामी चिन्मयानंद ने कहा कि भारतीय संगीत केवल स्वर और ताल का संयोजन नहीं, बल्कि आत्मा की अनुभूति और ब्रह्म से संवाद का माध्यम है। वाङ्मय जैसी कृतियाँ इस आध्यात्मिक-सांस्कृतिक धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का सेतु बनती हैं। एस एस कालेज के सचिव डा. अवनीश मिश्रा ने  कृति को भारतीय संगीत साहित्य में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए इसे शोधार्थियों, साधकों और रसिकों के लिए समान रूप से उपयोगी बताया। संपादक डा. कविता भटनागर ने कहा कि साहित्य, कला एवं संगीत से रहित समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि वाङ्मय में नाद-ब्रह्म की अवधारणा, रागों की दार्शनिकता, संगीत की साधना परंपरा और उसके सांस्कृतिक प्रभावों को साहित्यिक सौंदर्य के साथ प्रस्तुत किया गया है। डा. श्रीकांत मिश्रा ने बताया कि इस पुस्तक से विद्यार्थी, शिक्षक तथा साहित्य, कला तथा संगीत के रसिक लाभान्वित होंगे, ऐसा मेरा मत है। विमोचन कार्यक्रम में डा. आलोक कुमार सिंह, सुयश सिन्हा, ममता सिंह सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

## सांसद ने सांसद खेल स्पर्धा का किया उद्घाटन, खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

- जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता भी मौजूद रही, डाक्टर सुदामा प्रसाद विद्यास्थली में हुआ आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डाक्टर सुदामा प्रसाद विद्यास्थली में सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद अरुण सागर ने पहुंचकर खेल स्पर्धा का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान जिला खेल कार्यालय और जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति ने सयुंक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता मौजूद रहीं।इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। साथ ही उन्होंने उन योजनाओं की जानकारी दी जो देश में खेल में रूचि रखने वाले खिलाड़ियों के लिए शुरू की गई हैं।

सांसद ने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा का मकसद है, सभी सांसदों द्वारा अपने संसदीय क्षेत्रों में युवाओं को खेलकूद के लिए प्रोत्साहित करने, प्रतिभाओं को निखारने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर का खेल आयोजन है, जिसमें पारंपरिक और आधुनिक खेलों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी शामिल किया जाता है, जिसका उद्देश्य अनुशासन, टीम वर्क और समग्र व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि बहुत से ऐसे लोग हैं। जिनके पास कमाल की प्रतिभाएं हैं लेकिन उनकी प्रतिभाओं को दिखाने के लिए और उनको देश के सामने लाने के लिए मंच नही होता था ।अब सांसद खेल स्पर्धा एक ऐसा माध्यम बन गया है जो इसी तरह से ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी प्रतिभाओं को मंच देता है। फिट इंडिया और खेलो इंडिया जैसे राष्ट्रीय अभियानों को बढ़ावा दिया जाता है ।इसमें क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स, खो-खो, रस्साकशी, तीरंदाजी और पारंपरिक खेल जैसे पिट्ठू आदि शामिल होते हैं।सांसद ने लोगो से अपील की है कि इसमें 18 वर्ष से कम, 18-40 वर्ष और 40 वर्ष से अधिक आयु के महिला और पुरुष प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। सांसद ने कहा कि खेल में रूचि रखने वाले खिलाड़ी अब खेलकूद में भी अपना भविष्य बना सकते हैं। इसके लिए सरकार पूरी जिम्मेदारी उठा रही है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलाड़ियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इन योजनाओं को शुरू किया है।

### पीलीभीत की विभा मिश्रा बनीं यूपी टीम की कोच मिल रही है बधाइयां



**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**

जनपद पीलीभीत की जिला व्यायाम शिक्षिका विभा मिश्रा का चयन उत्तर प्रदेश टीम के कोच के रूप में 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय कबड्डी अंडर-19 बालिका प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 19 जनवरी से 23 जनवरी 2026 तक सोलन हिमाचल प्रदेश में आयोजित होगी। विभा मिश्रा विगत कई वर्षों से बालिकाओं को कबड्डी का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दे रही हैं। उनके कुशल मार्गदर्शन में अनेक खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं। उनके इस चयन से जनपद पीलीभीत सहित पूरे खेल जगत में हर्ष और गर्व का वातावरण है। उनकी इस उपलब्धि पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह सहित अनेक खेल प्रेमियों, शिक्षकों, अधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी तथा उत्तर प्रदेश टीम की जीत के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित कीं है।

## अनियंत्रित ट्रक ने गोलगप्पे खा रहे लोगों को रौंदा, एक की मौत, सात घायल

**पूरनपुर, पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**



सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गढ़वा खेड़ा में हाइवे पर कल दोपहर करीब तीन बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर नीचे उतर आया और सड़क किनारे गोलगप्पे खा रहे लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में आठ लोग घायल हो गए, जिनमें से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव जोगराजपुर निवासी मोहम्मद वक्स पुत्र इमाम वक्स और उनका भाई मोहम्मद अजीम कपड़े का काम करते हैं। बुधवार दोनों भाई पूरनपुर से कपड़ा लदवाकर ई-रिक्शा के माध्यम से जोगराजपुर भेज चुके थे। इसके बाद मोहम्मद वक्स,उनके भाई अजीम और उनके बच्चे गढ़वा खेड़ा गांव के पास सभी लोग एक गोलगप्पे की दुकान पर रुक गए और गोलगप्पे खाने लगे। इसी दौरान अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक हाईवे से अनियंत्रित होकर नीचे उतर आया और दुकान के पास खड़े लोगों को कुचल दिया। हादसे में जोगराजपुर निवासी मोहम्मद अजीम, मोहम्मद वक्स, उनके बच्चे जीलानी पुत्र रशीद (उम्र सात वर्ष) और अयान पुत्र मोहम्मद वक्स (उम्र आठ वर्ष) के साथ ही गढ़वा खेड़ा निवासी चंद्रशेखर पुत्र मुनीश समेत करीब आठ लोग घायल हो गए। ट्रक की चपेट में आने से तीन बाइकें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। घायलों को आनन-फानन में पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मोहम्मद अजीम को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## रैन बसेरा रामभरोसे, भीषण ठंड में हीटर की गैस खत्म, ठिठुरते दिखे लोग

- केयर टेकर बोला सुबह निगम कर्मचारी को हीटर बंद होने की दी थी जानकारी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जहां योगी सरकार द्वारा भीषण ठंड के दृष्टिगत नगर निकायों में आमजन, रहगीरों को राहत देने के उद्देश्य रैन बसेरों का संचालन कराया जा रहा है। वही उन्हीं के सरकार में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के गृह जनपद में रैन बसेरों का हाल निगम के जिम्मेदार लोगों की अनदेखी से खराब हो रखे है। जब तक नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया जाता तो व्यवस्था ठीक रहती है, उसके बाद रैन बसेरा में दिक्कतें रहती है। गुरुवार को रोडवेज बस स्टैंड पर रैन बसेरा में लगा रुम हीटर बंद था, जिस कारण वहां पर भीषण ठंड में रात बिताने पहुंचे लोग, ठिठुरते नजर आए।केयर टेकर वसीम का कहना था कि एक दिन से गैस न होने से हीटर बंद है। नगर आयुक्त डा.बिपिन कुमार मिश्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल गैस सिलेंडर में रिफलिंग के आदेश दिए है। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वालों पर एक्शन लिया जाएगा। रैन बसेरों की निरंतर मानीटरिंग की जा रही है।

### मकर संक्रांति पर खिचड़ी, तिल-गुड़ के प्रसाद वितरण का आयोजन

**चुनार (मिर्जापुर)।** नगर में मकर संक्रांति के उपलक्ष पर हर साल की भांति स्वर्गीय श्याम मुरारी मिश्रा की इच्छा अनुसार संतोषी मां मंदिर पर कन्या पूजन व खिचड़ी भोग के साथ प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें कन्याओं को गिफ्ट भेंट किया। इस दौरान चुनार बालू घाट मंदिर के पास त्रिमुहानी पर सुबह से ही खिचड़ी गुड का वितरण अनवरत चलता रहा। खिचड़ी वितरण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद,महेंद्र वर्मा,राजकुमार नीतीन दास कन्हैयालाल, सुरेश वर्मा, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका विजय कुमार वर्मा, मनीष राय चंद्रहास गुप्तामौजूद रहे। वही नगर के रेलवे स्टेशन टेंपो स्टैंड पर संतोषी माता पर खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया संयोजन जगदीश गुप्ता, किशन कुमार मोदनवाल सभासद, रविन्द्र सिंह, विनय तिवारी फॉरेस्ट इंस्पेक्टर, आनंद गुप्ता,अजय गुप्ता, दीपू चौरसिया, प्रीतम, सागर, हीरा मढ़ी मौर्य, शुभम, संतोष चौरसिया आदि रहें।

## घायल गोवंशों का विहिप पदाधिकारियों ने जाना हाल

- मामले की जांच व गो तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों से की बात

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के देवहट गांव में टेसुआ नाले में बुधवार सुबह गोवंशीय पशुओं से लदे ट्रक के पलटने की घटना पर गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद विंध्याचल मंडल के विभाग मंत्री रामचंद्र शुक्ल ने विहिप पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं संग घटना स्थल का निरीक्षण किया। विभाग मंत्री कार्यकर्ताओं के साथ घटना में सुरक्षित बचे गोवंशों का हाल जानने महोगढ़ी गौ आश्रय स्थल पर पहुंचे और उनके स्वास्थ्य परीक्षण आदि के संबंध में गौशाला कर्मियों से जानकारी ली। बुधवार को 34 गोवंशों को लादकर जा रहा ट्रक वनविभाग के दरोगा की कार को टक्कर मारते हुए देवहट गांव के टेसुआ नाले में पलट गया था। जिसमें तेरह गोवंशों की मौके पर तथा एक गोवंश की शाम को मौत हो गई थी वहीं गो तस्कर ट्रक चालक घटना के बाद भाग निकला। घटना में चौदह गोवंशों की मौत हो चुकी है।16 गोवंशों को महोगढ़ी गो आश्रय स्थल पर संरक्षित कराया गया है।विभाग मंत्री ने गंभीर रूप से घायल चार गोवंशों को उपचार के बाद ठंड के मौसम में खुले आसमान के नीचे नाले के पास छोड़ दिए जाने पर अधिकारियों से गहरी नाराजगी जताई। घायल गोवंशों को गौ आश्रय स्थल पर भेजने के लिए संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्ता की। विभाग मंत्री ने घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की कार्यकर्ताओं से जानकारी ली।आरएसएस की खंड कार्यवाहिका प्रतिमा सिंह परिहार व विहिप कार्यकर्ताओं ने मामले की जांच और गो तस्करी में लिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करवाए जाने का विभाग मंत्री से अनुरोध किया। जिसपर विभाग मंत्री ने मामले की जांच व गो तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए आइजी आर पी सिंह और एडिशनल एसपी मनीष मिश्र से फोन पर बात की। विभाग मंत्री ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि गो तस्करी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही की जाएगी।कहा कि पुलिस की चौकसी में कमी के चलते यह घटना हुई है।कहा कि इस मामले में वनविभाग की कार्य प्रणाली भी संदिग्ध लग रही है जिसकी जांच होनी चाहिए।कहा कि यदि मामले की जांच में पुलिस द्वारा ढुलमुल रवैया अपनाया गया तो विश्व हिंदू परिषद आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। विहिप जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर मिश्र,गौ रक्षा प्रमुख निरंजन पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष राजेश मिश्र, ग्राम प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता,आरएसएस खंड कार्यवाह तारकेश्वर केशरी, विहिप नेता पिंटू केशरी, विजय पाल, प्रतिमा सिंह, पप्पू केशरी, ओम चौरसिया आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

**पूरनपुर, पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**



उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पूरनपुर इकाई द्वारा मंगलवार की रात 9 बजे लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन नगर महामंत्री रवि जायसवाल के प्रतिष्ठान पर किया गया, जहां व्यापारियों व पदाधिकारियों ने एकजुट होकर पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से लोहड़ी सजाकर विधि-विधान से पूजन व अग्नि प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद ढोल-नगाड़ों की थाप पर सभी ने एक-दूसरे को लोहड़ी, मकर संक्रांति व नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री लेखराज भारती ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम व भाईचारा बढ़ता है। वहीं राजेंद्र प्रसाद स्मारक फार्मेसी कॉलेज के चेयरमैन अमित मिश्रा ने भी शुभकामनाएं दीं। नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक पर्वों से एकता मजबूत होती है। जिला अध्यक्ष एम.ए. जिलानी ने आयोजन की सराहना की। बड़ी संख्या में व्यापारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गिग-वर्कर की सुध

गिग वर्कर्स की हड़ताल और उनके मुश्किल हालात को लेकर समाज में बढ़ती फिक्र के बाद हुए सरकारी हस्तक्षेप से गिग वर्कर्स की बड़ी मुश्किल हल हुई है। कोहरे-ठंड और बेतरतीब ट्रैफिक के बीच गिग-वर्कर्स पर दस मिनट में सामान उपभोक्ता तक पहुंचाने का दबाव एक बड़े तनाव की वजह बना हुआ था। गिग-वर्कर्स को हीमैन मानकर द्रुत गति से वाहन दौड़ाकर अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ती थी। कुछ डिलीवरी ब्वॉयज के दुर्घटनाग्रस्त होकर जान गंवाने व घायल होने के भी समाचार थे। अब यह सुखद ही है कि केंद्रीय श्रममंत्री मनसुख मांडविया के हस्तक्षेप के बाद क्विक कॉमर्स कंपनियां कष्टदायक दस मिनट में डिलीवरी की व्यवस्था खत्म करने को तैयार हो गई हैं। इटर्नल के स्वामित्व वाली इकाई ब्लिंकिट, जिसने दस मिनट में डिलीवरी को अपने कारोबार की आक्रामक विज्ञापन रणनीति का हथियार बना लिया था, ने अब अपने मंचों से दस मिनट में डिलीवरी का दावा हटा लिया है। निश्चित रूप से यह अमानवीय ही था कि बेकारी का त्रास झेलते युवाओं पर आनन-फानन दस मिनट में सामान उपभोक्ता तक पहुंचाने का दबाव बनाया जाए। लंबी ड्यूटी, कम पैसा और जल्दी सामान पहुंचाने के दबाव में बड़ी संख्या में गिग-वर्कर्स काम छोड़ जाते थे। आजकल ठंड के मौसम में उपभोक्ता घर से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। अतः उत्तर भारत में भीषण सर्दी और कोहरे के बीच दस मिनट में तेजी से सामान पहुंचाना दुष्कर कार्य था। भारत में आम ट्रैफिक की जटिल स्थिति किसी से छिपी नहीं है। सड़क हादसों के कारण उनका जीवन जोखिम में बना रहता था। इतना ही नहीं, कई बार डिलीवरी ब्वॉयज को बहुमंजिला इमारतों और कालोनियों के सुरक्षा गार्डों से जूझना पड़ता था, जिससे उन्हें सामान पहुंचाने में देरी हो जाती थी। फिर उपभोक्ता के मोबाइल पर मिले ओटीपी के बाद उनका सामान डिलीवर माना जाता था। समय पर सामान की डिलीवरी न होने पर उनके कार्य प्रदर्शन का मूल्यांकन कमतर आंका जाता है। दरअसल, गिग वर्कर्स को अच्छी रैंक तभी मिलती है जब वे दस मिनट में सामान पहुंचा देते हैं, जिसके चलते वे मानसिक तनाव में रहते थे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों दस मिनट में डिलीवरी का दबाव झेलते तथा मेहनताने में कमी आदि मांगों को लेकर गिग-वर्कर्स ने देशव्यापी हड़ताल की थी। हालांकि, कंपनी मालिकों ने साल के आखिरी दिनों में उत्सव के माहौल में डिलीवरी बाधित होते देख हड़ताल को कामयाब नहीं होने दिया, लेकिन इस हड़ताल से पूरे देश का ध्यान गिग-वर्कर्स की जायज मांगों की तरफगया। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा समेत कई राजनेताओं ने भी गिग-वर्कर्स के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया। पिछले दिनों ध्यान आकर्षण के लिए बाकायदा राघव चड्ढा डिलीवरी ब्वॉय की ड्रेस पहनकर सामान डिलीवर करने भी गए। निःसंदेह, डिलीवरी ब्वॉयज का काम बेहद चुनौतीपूर्ण है, काम के घंटे बहुत ज्यादा हैं और उसके अनुपात में मेहनताना बेहद कम है। इन्हीं चिंताओं के बाद केंद्र सरकार द्वारा लाया गया नया लेबर कोड चर्चा में आया, जिसमें उल्लेख है कि गिग वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्हें पर्याप्त सुविधाएं नियोक्ता कंपनी द्वारा दी जाएं। यह विडंबना ही है कि गिग वर्कर्स की मेहनत से क्विक कॉमर्स कंपनियों का कारोबार तो तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन गिग वर्कर्स की माली हालत नहीं सुधरी है। यही वजह है कि बड़ी संख्या में गिग वर्कर्स थोड़े समय काम करके नौकरी छोड़ देते हैं। निर्विवाद रूप से आज जरूरी है कि गिग वर्कर्स ही नहीं, तमाम असंगठित क्षेत्र के कामगारों को अविलंब सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया जाए। उन्हें बीमा, न्यायोचित काम के घंटे, समय पर समुचित भुगतान व चिकित्सा आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इस दिशा में कानून बनाना ही काफी नहीं होगा, जरूरत लगातार इस बात की निगरानी की भी होगी कि धरातल पर इन कानूनों का कितना अमल हो रहा है। निश्चित रूप से असंगठित क्षेत्र के हर कामगार की सुध ली जानी चाहिए। तभी देश में श्रम की गरिमा स्थापित हो सकेगी। यही देश की युवा श्रमशक्ति का भी सम्मान होगा।

# भारतीय सेना : युद्धभूमि में अडिग, संकट में राष्ट्र का संबल

*योगेश कुमार गोयल*

प्रतिवर्ष 15 जनवरी को भारतीय सेना दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष हम 78वां सेना दिवस मना रहे हैं। सेना दिवस के अवसर पर पूरा देश थलसेना के अदम्य साहस, जांबाज सैनिकों की वीरता, शौर्य और उसकी शहादत को याद करता है। इस विशेष अवसर पर जवानों के दस्ते और अलग-अलग रेजीमेंट की परेड के अलावा झांकियां भी निकाली जाती हैं और उन सभी बहादुर सेनानियों को सलामी दी जाती है, जिन्होंने देश और लोगों की सलामती के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। 15 जनवरी को ही यह दिवस मनाए जाने का विशेष कारण यही है कि 1899 में कर्नाटक के कुर्ग में जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल केएम करियप्पा आज ही के दिन वर्ष 1949 में भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ बने थे। उन्होंने 15 जनवरी 1949 को ब्रिटिश जनरल फ्रांसिस बुचर से भारतीय सेना की कमान संभाली थी। जनरल फ्रांसिस बुचर भारत के आखिरी ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ थे।1953 में वे भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए और 94 वर्ष की आयु में 1993 में उनका निधन हुआ। केएम करियप्पा दूसरे ऐसे सेना अधिकारी थे, जिन्हें फील्ड मार्शल की उपाधि दी गई थी।

भारतीय थल सेना का गठन ईस्ट इंडिया कम्पनी की सैन्य टुकड़ी के रूप में कोलकाता में 1776 में हुआ था, जो बाद में ब्रिटिश भारतीय सेना बनी और देश की आजादी के बाद इसे 'भारतीय थल सेना' नाम दिया गया। भारतीय सेना की 53 छावनियां और 9 आर्मी बेस हैं और चीन तथा अमेरिका के साथ भारतीय सेना दुनिया की तीन सबसे बड़ी सेनाओं में शामिल है। हमारी सेना संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में सबसे बड़ी योगदानकर्ताओं में से एक है। यह दुनिया की कुछेक ऐसी सेनाओं में से एक है, जिसने कभी भी अपनी ओर से युद्ध की शुरूआत नहीं की। भारतीय सेना के ध्वज का बैकग्राउंड लाल रंग का है, ऊपर बायीं ओर तिरंगा झंडा, दायीं ओर भारत का राष्ट्रीय चिह्न और तलवार हैं। सेना दिवस के अवसर पर सेना प्रमुख को सलामी दी जाती रही है लेकिन 2020 में पहली बार सेना प्रमुख के स्थान पर देश के प्रथम सीडीएस बने जनरल बिपिन रावत को सलामी दी गई थी।

देश की आजादी के बाद भारतीय सेना पांच बड़े युद्ध लड़ चुकी है, जिनमें चार पाकिस्तान के खिलाफ और एक चीन के साथ लड़ा था। देश की आजादी के बाद 1947-48 में हुए भारत-पाक युद्ध को 'कश्मीर युद्ध' नाम से भी जाना जाता है, जिसके बाद कश्मीर का भारत में विलय हुआ था। 1962 में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा धोखे से थाग-ला-रिज पर भारतीय सेना पर हमला बोल दिया गया था। उस जमाने में भातीय सेना के पास स्वचालित और आधुनिक हथियार नहीं होते थे, इसलिए चीन को रणनीतिक बढ़त मिली थी। 1965 के भारत-पाक युद्ध के बाद 1971 में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी। 13 दिनों तक चले उस युद्ध के बाद ही पाकिस्तान के टुकड़े कर बांग्लादेश का जन्म हुआ और पाकिस्तानी जनरल नियाजी के साथ 90 हजार पाक सैनिकों ने जांबाज भारतीय सेना के समक्ष हथियार डाल दिए थे। मई से जुलाई 1999 तक चले कारगिल युद्ध में तो भारतीय सेना ने पाकिस्तान को छठी का दूध याद दिला दिया था।



**भले ही चीन के पास भारत से ज्यादा बड़ी सेना और सैन्य साजो-सामान है लेकिन आज के परिप्रेक्ष्य में दुनिया में किसी के लिए भी इस तथ्य को नजरअंदाज करना संभव नहीं हो सकता कि भारत की सेना को अब धरती पर दुनिया की सबसे खतरनाक सेना माना जाता है और सेना के विभिन्न अंगों के पास ऐसे-ऐसे खतरनाक हथियार हैं, जो चीनी सेना के पास भी नहीं हैं। धरती पर लड़ी जाने वाली लड़ाईयों के लिए भारतीय सेना की गिनती दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में होती है और कहा जाता है कि अगर किसी सेना में अंग्रेज अधिकारी, अमेरिकी हथियार और भारतीय सैनिक हों तो उस सेना को युद्ध के मैदान में हराना असंभव होगा। जापान के एक आकलन के मुताबिक भारतीय थलसेना चीन के मुकाबले ज्यादा मजबूत है। इस रिपोर्ट के अनुसार हिन्द महासागर के मध्य में होने के कारण भारत की रणनीतिक स्थिति बेहद महत्वपूर्ण है और दक्षिण एशिया में अब भारत का काफी प्रभाव है। अमेरिकी न्यूज वेबसाइट सीएनएन की एक रिपोर्ट में भी दावा किया जा चुका है कि भारत की ताकत पहले के मुकाबले बहुत ज्यादा बढ़ गई है और युद्ध की स्थिति में भारत का पलड़ा भारी रह सकता है। बोस्टन में हार्वर्ड केनेडी स्कूल के बेलफर सेंटर फॉर साइंस एंड इंटरनेशनल अफेयर्स तथा वाशिंगटन के एक अमेरिकी सुरक्षा केन्द्र के अध्ययन में कहा जा चुका है कि भारतीय सेना उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में लड़ाई के मामले में माहिर है और चीनी सेना इसके आसपास भी नहीं फटकती।**

आज पूरी दुनिया भारतीय सेना का लोहा मानती है। आधुनिक हथियारों और प्रौद्योगिकी के साथ भारतीय सेना एक विश्वस्तरीय सेना है। सेना दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर चीन द्वारा वर्तमान में लगातार पेश की जा रही चुनौतियों के दौर में भारतीय सेना की निरन्तर बढ़ती ताकत का उल्लेख करना बेहद जरूरी है। 2025 की 'ग्लोबल फायरपावर रिपोर्ट' के अनुसार भारतीय सेना की गिनती दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेनाओं में की जाती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय थल सेना के जखीरे में कई तरह के आधुनिक हथियार शामिल हैं, जिनमें आधुनिक टैंकों के साथ बैलिस्टिक मिसाइलें भी हैं। भारत की थल सेना के पास चार हजार से अधिक टैंक हैं। इसके अलावा भारतीय सेना के जखीरे में एक लाख से अधिक आर्म्ड व्हीकल भी शामिल हैं। थल सेना के पास 100 सेल्फ प्रोपेल्ड आर्टिलिरी, 3300 हल्की आर्टिलिरी भी हैं तथा थल सेना के बेड़े में करीब 1500 रॉकेट आर्टिलरी भी शामिल हैं।

भारतीय सैन्यबल में 14.45 लाख सक्रिय सैन्यकर्मी हैं, जो दुनिया में दूसरे नंबर पर है। सेना में 12 लाख से ज्यादा आरक्षित बल तथा बीस लाख अर्धसैनिक बल हैं। भारतीय थलसेना में 4600 से ज्यादा टैंक टी-72, टी-90, अर्जुन एमके-1, अर्जुन एमके-2 इत्यादि टैंक, 5 हजार से ज्यादा तोपें, 290 स्वचालित तोपें, 290 से ज्यादा रॉकेट तोपें तथा 8600 बख्तरबंद वाहन शमिल हैं। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय थलसेना हर परिस्थिति में चीनी सेना से बेहतर और अनुभवी है, जिसके पास युद्ध का बड़ा अनुभव है, जो कि विश्व में शायद ही किसी अन्य देश के पास हो।

भले ही चीन के पास भारत से ज्यादा बड़ी सेना और सैन्य साजो-सामान है लेकिन आज के परिप्रेक्ष्य में दुनिया में किसी के लिए भी इस तथ्य को नजरअंदाज करना संभव नहीं हो सकता कि भारत की सेना को अब धरती पर दुनिया की सबसे खतरनाक सेना माना जाता है और सेना के विभिन्न अंगों के पास ऐसे-ऐसे खतरनाक हथियार हैं, जो चीनी सेना के पास भी नहीं हैं। धरती पर लड़ी जाने वाली लड़ाईयों के लिए भारतीय सेना की गिनती दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में होती है और कहा जाता है कि अगर किसी सेना में अंग्रेज अधिकारी, अमेरिकी हथियार और भारतीय सैनिक हों तो उस सेना को युद्ध के मैदान में हराना असंभव होगा।

जापान के एक आकलन के मुताबिक भारतीय थलसेना चीन के मुकाबले ज्यादा मजबूत है। इस रिपोर्ट के अनुसार हिन्द महासागर के मध्य में होने के कारण भारत की रणनीतिक स्थिति बेहद महत्वपूर्ण है और दक्षिण एशिया में अब भारत का काफी प्रभाव है। अमेरिकी न्यूज वेबसाइट सीएनएन की एक रिपोर्ट में भी दावा किया जा चुका है कि भारत की ताकत पहले के मुकाबले बहुत ज्यादा बढ़ गई है और युद्ध की स्थिति में भारत का पलड़ा भारी रह सकता है। बोस्टन में हार्वर्ड केनेडी स्कूल के बेलफर सेंटर फॉर साइंस एंड इंटरनेशनल अफेयर्स तथा वाशिंगटन के एक अमेरिकी सुरक्षा केन्द्र के अध्ययन में कहा जा चुका है कि भारतीय सेना उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में लड़ाई के मामले में माहिर है और चीनी सेना इसके आसपास भी नहीं फटकती।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

विचार

# बंगाल में बढ़ता घमासान

पश्चिम बंगाल की राजनीति में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। लगातार ऐसे प्रकरण घटित हो रहे हैं जिनकी वजह से चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दूसरी तरफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का तृणमूल कांग्रेस के खिलाफसक्रिय होना बता रहा है कि भाजपा यहां चुनाव जीतने के लिए साम, दाम, दंड, भेद सब कुछ अपना रही है। चुनाव आयोग और ईडी दोनों संवैधानिक संस्थाएं हैं और दोनों की साख तभी कायम रहेगी, जब बिना राजनैतिक दबाव के ये कार्य करती दिखाई दें। लेकिन प. बंगाल में ऐसा नहीं हो रहा है। पिछले हफ्ते ममता बनर्जी की टीएमसी के लिए चुनावी रणनीति बनाने वाली एजेंसी आईपैक के दफ्तर और उसके सहसंस्थापक प्रतीक जैन के घर ईडी ने अचानक दबिश दी।

यह छापेमारी कोयला घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस के सिलसिले में दी गई थी और इसका कोई राजनैतिक मकसद नहीं था, ऐसा तर्क ईडी की तरफसे आया। जबकि टीएमसी का सीधा आरोप है कि यह राजनैतिक बदले की कार्रवाई थी और ईडी के जरिए अमित शाह टीएमसी की रणनीति चुराना चाहते हैं। ममता बनर्जी ने जिस तरीके से इस छापेमारी का विरोध किया, इसके खिलाफ रैली निकाली इसकी उम्मीद भाजपा को नहीं रही होगी। ईडी ने पहले कलकत्ता हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट में टीएमसी के खिलाफ याचिका दी है कि उसने काम में बाधा डाली और ममता बनर्जी मौके पर आकर एक फाइल लेकर चली गई।

इधर टीएमसी ने भी हाईकोर्ट में याचिका दी थी। पिछले हफ्ते इस पर सुनवाई शुरु हुई, लेकिन भीड़ और हंगामे के कारण चल नहीं पाई। फिर बुधवार को फिर से सुनवाई हुई तो इसमें ईडी और भाजपा को बड़ा झटका लगा है। सुनवाई के दौरान ईडी की तरफ से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू बार-बार यही अपील करते रहे कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल है, इसलिए उस पर फैसला आने के बाद ही सुनवाई हो।

राजू ने इस बात पर भी आपत्ति जाहिर की कि आई पैक की तरफ से अदालत में कोई मौजूद नहीं था। ईडी ने टीएमसी के आरोप खारिज करते हुए यह भी कहा कि उसने कोई दस्तावेज जब्त नहीं किए। सब कुछ ममता बनर्जी और उनके सहयोगी लेकर चले गए। इस पर टीएमसी की तरफ से पेश वकील मेनका गुरुस्वामी ने साफ कहा कि ईडी के इस बयान को दर्ज कर लिया जाए कि छापेमारी के दौरान कुछ भी जब्त नहीं किया गया। यानी भविष्य में अब ईडी किसी दस्तावेज को छापेमारी में बरामद सबूत के तौर पर पेश करना चाहे तो भी यह संभव नहीं होगा। क्योंकि ईडी ने खुद माना है कि उसने कुछ बरामद नहीं किया है।

अदालत में टीएमसी ने आरोप लगाया कि ईडी राजनीतिक पार्टी के साथ मिलकर झूठे इल्जाम गढ़ रही है। फिलहाल ईडी की बार-बार अपील के बाद और टीएमसी की तरफ से दी गई दलीलों के बाद याचिका खारिज कर दी गई हैं, अब सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर क्या फैसला आता है, ये देखना होगा। हाईकोर्ट ने कहा है कि अगर ईडी चाहे तो सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद फिर आ सकती है। यानी जिस उम्मीद से ईडी की छापेमारी आईपैक पर करवाई गई थी और उसके बाद अदालत में भी टीएमसी को घेरने की कोशिश हुई थी, उसमें फिलहाल भाजपा को नाकामी हासिल हुई है। ममता बनर्जी



अपने विरोधी को घेरने के लिए सड़क पर उतरना और लोगों को अपने साथ करने की राजनीति खूब जानती हैं। ईडी की छापेमारी प्रकरण ने ममता बनर्जी का ये कौशल भाजपा को याद दिला दिया है। अब सुप्रीम कोर्ट से अगर टीएमसी के खिलाफ फैसला आएगा, तो भी ममता बनर्जी उसे सहानुभूति के लिए इस्तेमाल कर लेंगी और अगर पक्ष में फैसला आता है, तब तो भाजपा की बड़ी हार तय है। यानी इस समय ममता बनर्जी के लिए चित भी मेरी और पट भी मेरी वाली स्थिति बन चुकी है। इधर एसआईआर पर भी ऐसे-ऐसे खुलासे हो रहे हैं, जिनसे चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। अर्मत्य सेन के बाद जादवपुर विवि के कुलपति को चुनाव आयोग ने पेश होने का नोटिस दिया है। वहीं मंगलवार को बांकुड़ा जिले के खतड़ा में टीएमसी कार्यकर्ताओं ने एक वाहन जब्त किया, जिसमें एसआईआर के करीब 3,000 फॉर्म-7 भरे हुए थे। पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया। घटना में दो भाजपा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि फार्म-7 का इस्तेमाल मतदाता सूची में किसी का नाम शामिल किए जाने का विरोध करने या किसी मृत या स्थानांतरित व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से हटवाने के लिए किया जाता है। ममता बनर्जी ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में फार्म-7 ले जाने का उद्देश्य वैध मतदाताओं के नाम हटाना था।

वहीं भाजपा ने सफाई में कहा कि हमारे बीएलए (बूथ स्तरीय एजेंट) जो बीएलओ (बूथ स्तरीय अधिकारी) को फॉर्म-7 जमा नहीं करा पाए थे, वे उन्हें ईआरओ (चुनाव पंजीकरण अधिकारी) कार्यालय में जमा कराने जा रहे थे। तृणमूल कार्यकर्ताओं ने हमारे कार्यकर्ताओं पर हमला किया। उनकी पिटाई की और फार्म छीन लिए। चुनाव आयोग ने भी कहा है कि फॉर्म उनकी वेबसाइट पर उपलब्ध है। कोई भी मतदाता फॉर्म-7 जमा कर सकता है। फार्म-7 जमा करने मात्र से नाम मतदाता सूची से बाहर नहीं हो जाता। फार्म में दी गई जानकारी के आधार पर दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही नाम मतदाता सूची से बाहर किया जाता है।


साहित्य



## पारंपरिक मूल्यों का महत्व

**श्याम सिंह बिष्ट**

शरद ऋतुदेखों ऋतु शरद मैं
वो फिर काँपने लगे है
बैठे, रहते, थे बना कर घर
जो किसी पुलिया
खुले आसमान के नीचे
यह शरद ऋतु
कब उनके लिए खुशगवार बना
जली हुई थी जो आग, गर्माहट,
बुझी वह भी
उन ओस वाली बूंदो से
चिपका कब तक
रहता वह बच्चा
अपनी माँ की गोद से पेट की आग
जब तक ना बुझी हो
कब तक मोड़े रहते
वो पेट से उन घुटनों को
जब शरद ऋतु हो अपने चरम पर
होता ग्रीष्म ऋतु
उत्तार फैकतें
उन फटे वस्त्रों को
पर ऋतु शरद ने
कब इन पर दया दिखाई
देखों ऋतु शरद मैं
फिर वो काँपने लगे हैं



## राशिफल

**मेषः-** पुराने गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनाएं। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें।

**वृषभः-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में न गंवायें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बिमार पड़ सकता है।

**कर्कः-** सब कुछ सामान्यतः ठीक होते हुए भी मन में अरुचितकर लगेगा। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट होगा। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**सिंहः-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्ट का वातावरण रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें, नुकशान हो सकता है।

**कन्याः-** प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव उन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित हो सकता है। कल्पनाओं में जीना छोड़ कर भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयास करें।

**तुलाः-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन मौज मस्ती समय व्यर्थ कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**वृश्चिकः-** नये घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन अत्यंत प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न शील बनें।

**धनुः-** नए क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव है। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नए सम्बन्धों के सहयोग से आर्थिक कठिनाईयां दूर होंगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव पहुंच सकता है।

**कुंभः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिया गया निर्णय से पश्चताप का कारण बन सकता है।

**मीनः-** मन को सकारात्मक दिशा प्रदान करें। भाग्य से प्राप्त अच्छे-बुरे सभी परीस्थितियों के साथ समझौतावादी बनें। अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

# आवारा कुत्तों की समस्या : सख्ती और करुणा दोनों जरूरी

*विपिन पब्बी*

सुप्रीम कोर्ट फिलहाल आवारा कुत्तों के मुद्दे पर कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। जहां एक तरफ याचिकाएं आवारा कुत्तों के खतरे से निपटने के लिए अधिकारियों द्वारा सख्त कार्रवाई की मांग कर रही हैं, वहीं दूसरी तरफ याचिकाएं जानवरों के अधिकारों के पक्ष में हैं।

यह एक साल में चौथी बार है, जब सर्वोच्च न्यायालय इस मामले पर विचार कर रहा है। पिछले साल कोर्ट की एक डिवीजन बैंच ने दिल्ली सरकार को नगर निगम क्षेत्रों से सभी आवारा कुत्तों को हटाने और उन्हें इंसानी बस्तियों से दूर डॉग शैल्टर में भेजने का आदेश देकर हलचल मचा दी थी। काफी हंगामे के बाद, सुप्रीम कोर्ट की एक दूसरी बैंच ने इस आदेश पर रोक लगा दी और कहा कि कोर्ट के पिछले आदेश को लागू करना संभव नहीं है। इसके बाद, एक और बैंच ने फैसले को पलट दिया और शैक्षणिक संस्थानों, खेल परिसरों, अस्पतालों और बाजारों जैसे सार्वजनिक स्थानों से सभी आवारा कुत्तों को हटाने का आदेश दिया।

ताजा सुनवाई, जो कोर्ट ने खुद शुरू की थी, कई दिनों से चल रही है तथा कुछ और दिनों तक जारी रहने की संभावना है। निरूसंदेह यह एक गंभीर मुद्दा है और अधिकारी एक व्यवहार्य और प्रभावी समाधान खोजने में विफल रहे हैं। नैशनल सैंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एन.सी.जी.सी.) ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा था कि 2024 में कुत्तों के काटने के कुल मामले 37,17,336 थे, जबकि 'संदिग्ध मानव रैबीज से होने वाली मौतों' की कुल संख्या 54 थी। इनमें पालतू कुत्तों के काटने के मामले भी शामिल हैं, लेकिन ऐसे मामले बहुत कम हैं। यह एक सच्चाई है कि बहुत से लोग, खासकर बुजुर्ग, कुत्तों के झुंड द्वारा हमला किए जाने के डर से टहलने के लिए बाहर जाने से हिचकिचाते हैं। ऐसे हमलों की संख्या, खासकर बच्चों पर, पूरे देश में बढ़ रही है।

एक याचिका पर जवाब देते हुए, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने सरकार को आवारा कुत्तों के काटने के मामलों में पीड़ितों को 10,000 रुपए की दर से मुआवजा देने का निर्देश दिया था। इसी तरह पालतू कुत्तों के मालिकों को भी पीड़ितों को उसी दर से मुआवजा देने का निर्देश दिया गया था। हालांकि यह एक थकाऊ प्रक्रिया है और अब तक बहुत कम लोगों ने दावा किया है। दूसरी ओर, कुत्ता प्रेमियों को आवारा कुत्तों को खाने की चीजें बांटते देखना आम बात है। कुछ लोग ऐसा हर दिन करते हैं और कुत्तों के झुंड उनके आने का इंतजार करते हैं। सोसाइटी फॉर प्रिवैंशन ऑफ क्राइम्स अगेंस्ट एनिमल्स, जिसका गठन पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने किया था, जानवरों के खिलाफअपराधों के मामलों को सक्रिय रूप से उठा रही है। कुछ लोग आवारा कुत्तों की संख्या में तेजी से बढ़ौतरी और कुत्ते के काटने के मामलों के लिए उन्हें और संगठन



को भी दोषी ठहराते हैं। एनिमल बर्थ कंट्रोल (ए.बी.सी.) रूल्स, 2023, जिसमें 'आवारा कुत्तों' की बजाय 'कम्युनिटी एनिमल्स' शब्द का इस्तेमाल किया गया है, इन जानवरों को खाना खिलाने का प्रावधान करता है। 'यह रैजिडैंट वैल्फेयर एसोसिएशन या अपार्टमैंट ओनर्स एसोसिएशन या लोकल बॉडी के प्रतिनिधि की जिम्मेदारी होगी कि वे दया भाव से कम्युनिटी एनिमल्स को खाना खिलाने के लिए जरूरी इंतजाम करें'। नियमों में बताया गया है कि खाना खिलाने की जगहें सीढियों, बिल्डिंग के एंट्री गेट और बच्चों के खेलने की जगह जैसी ज्यादा भीड़भाड़ वाली जगहों से दूर होनी चाहिएं और कम्युनिटी कुत्तों को तय समय पर खाना खिलाया जाना चाहिए। नियम मानते हैं कि ये कुत्ते बिना मालिक वाले घुसपैठिए नहीं, बल्कि इलाके के जीव हैं, जो अपने स्थानीय माहौल में रहते हैं और वहीं के हैं। जस्टिस विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एन.वी. अंजारिया, जो अभी इस मामले की सुनवाई कर रहे हैं, ने कहा है कि नगर निगम अधिकारी अब जवाबदेही से बच नहीं सकते, क्योंकि एनिमल बर्थ कंट्रोल (ए.बी.सी.) रूल्स, 2023 के तहत कानूनी जिम्मेदारियों का पालन करने में उनकी नाकामी ने संकट को और बढ़ा दिया है। बैंच ने संकेत दिया है कि वह राज्यों पर 'भारी मुआवजा' लगाएगी और कुत्ते के काटने से चोट लगने या मौत के मामलों में आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वाले व्यक्तियों की भी जवाबदेही तय करेगी। कोर्ट ने जोर देकर कहा कि ऐसे हमलों के अक्सर 'पूरी जिंदगी' तक असर रहते हैं और सवाल किया कि आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों को जानवरों को अपने घरों या परिसर में रखकर जिम्मेदारी क्यों नहीं लेनी चाहिए? इसमें कोई शक नहीं कि आवारा कुत्तों का मुद्दा एक जटिल समस्या है, लेकिन इससे पूरी संवेदनशीलता के साथ निपटा जाना चाहिए। जाहिर है, सरकारों ने इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। आवारा कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए नसबंदी के जरिए आधे अधूरे प्रयास किए गए हैं लेकिन जमीन पर इसका कोई साफ असर नहीं दिख रहा। सुप्रीम कोर्ट को जवाबदेही तय करनी चाहिए और आवारा कुत्तों की नसबंदी करके समस्या से निपटने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा उठाए गए कदमों की बारीकी से निगरानी की व्यवस्था करनी चाहिए। इसे उन दूसरे देशों द्वारा उठाए गए कदमों का भी अध्ययन करना चाहिए, जिन्होंने इस मुद्दे को सफ्लतापूर्वक संभाला है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### मकर संक्रांति पर अंबेडकर पाठशाला शिक्षा सेवा फाउंडेशन में एबीवीपी ने आयोजित किया खिचड़ी भोज



**चरखारी/महोबा।** अंबेडकर पाठशाला शिक्षा सेवा फाउंडेशन में एबीवीपी सेवार्थ विद्यार्थी के अंतर्गत मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर खिचड़ी भोज का आयोजन निःशुल्क अम्बेडकर पाठशाला खंदिया चरखारी में किया गया कार्यक्रम का आयोजन फाउंडेशन के डायरेक्टर इन्द्र कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर एबीवीपी सेवार्थ विद्यार्थी प्रांत संयोजक पवन कुशवाहा ने बताया कि मकर संक्रांति एक प्रमुख हिंदू त्योहार है, जो सूर्य देव के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करने पर मनाया जाता है। इस दिन को मकर संक्रांति, उत्तरायण, पोंगल और माघी, खिचड़ी जैसे विभिन्न नामों से जाना जाता है यह दिन स्नान-दान के लिए बहुत शुभ माना जाता है, और लोग पवित्र नदियों में स्नान कर सूर्य देव की पूजा करते है। यह त्योहार ऋतु परिवर्तन से भी जुड़ा है मकर संक्रांति को अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है इस मौके पर महिपाल साहू संरक्षक, रवि यादव प्रबंधक, मनोज यादव उपाध्यक्ष, अनिल प्रजापति प्रचार प्रसार प्रमुख, मोहित घोष, पाठशाला संचालक मनीष अहिरवार सहित सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं ने बच्चों के साथ बैठकर खिचड़ी ग्रहण की खिचड़ी कार्यक्रम का आनंद लिया,उपस्थित सभी छात्र छात्राओं, बच्चों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी और उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं दी और आधा सैकड़ा छात्र छात्राएं बच्चें उपस्थित रहे।

### मां बाघविराजन मन्दिर में खिचड़ी भोज का आयोजन




**कुलपहाड़/ महोबा।** मकर संक्रांति पावन पर्व विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मां-बाघ बिराजन धाम मंदिर प्रांगण तथा श्री राम लला मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास पूर्वक खिचड़ी भोज प्रसाद के साथ मनाया गया रामलला मंदिर प्रांगण में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तथा भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर कमलेश सक्सेना ने अपनी टीम के साथ खिचड़ी भोग प्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्रीमती खुशबू अर्जरिया रानी अर्जरिया सहित भारी संख्या में भक्त जनों ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह बृजेंद्र जी द्वारा राष्ट्रीय सेवक संघ के पदाधिकारियों तथा स्वयंसेवकों के साथ बैठकर त्योहारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी इसके साथ ही आपने बताया कि 2 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 वर्ष पूर्ण कर चुका है कहा कि आगामी दशहरा वर्ष 2026 तक पंच परिवर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है जिसमें सामाजिक समरसता में अपने परिवार मित्र तथा समाज से प्रारंभ करें कहा कि राष्ट्रीय सेवक संघ अपने संविधान में पूर्ण आस्था रखता है कार्यक्रम में खंड कारवाह सुरेंद्र, डॉक्टर कमलेश सक्सेना, सुधीर सोनी, मानवेंद्र सिंह मानू राजा, राकेश अर्जरिया, हरिदास अनुरागी, दिनेश चौरसिया, राकेश गुप्ता बाबू मां-बाघबिराजन धाम मंदिर प्रांगण में मंदिर के पुजारी पंडित नरेंद्र दुबे जी महाराज द्वारा खिचड़ी भोग प्रसाद का आयोजन भक्त जनों के सहयोग से किया गया जिसमें भारी संख्या में महिला पुरुष बच्चों आदि ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया इस मौके पर इंद्रपाल सिंह यादव एडवोकेट राजेंद्र सिंह यादव अशोक अग्रवाल पत्रकार सीताराम स्वर्णकार पत्रकार सुनील मिश्रा सुरेंद्र बहादुर सक्सेना अनिल राजपूत जयवर्धन अरजरिया अरुण दीक्षित रघुवीर यादव राकेश यादव अतुल सक्सेना जगपाल यादव रिंकी दुबे जी मालती यादव पूनम भटनागर संतोष राजपूत संध्या गुलाब सिंह यादव आदि ने अपना सहयोग प्रदान कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### फालोअप: पुरानी रंजिश में शराब पिलाकर की गई थी युवक की हत्या



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** बीती रात कस्बे के बाकी मार्ग में शराब पीने के बाद युवकों के मध्य हुए विवाद के बाद युवक की हत्या किए जाने पर युवक के पिता ने पुरानी रंजिश में चार लोगों के खिलाफ हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया है बुधवार की बीती रात करीब 9:30 बजे बांकी मार्ग में पानी टंकी के सामने वार्ड संख्या 18 के निवासी सुमित यादव 24 पुत्र राजबहादुर यादव की शराब पिलाने के बाद लोहे की राड से प्रहार करके हत्या कर दी गई थी। मृतक के पिता राजबहादुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसके पुत्र से पड़ोसी संतोष साहू रंजिश रखता था। इसी ने महेंद्र गुप्ता, विष्णु प्रसाद, भोला निषाद के साथ मिलकर पुत्र की हत्या की है। पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है बाकी की तलाश कराई जा रही है। उधर गुरुवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किया। शाम को उसका कस्बे के मोक्ष धाम में अंतिम संस्कार किया गया। मृतक अपने पीछे माता-पिता भाई बहन को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक दो भाइयों में छोटा था और ट्रक चलाकर परिवार के भरण पोषण में सहयोग करता था।

### राममंदिर की दूसरी वर्षगांठ पर कंबल वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**खड़ेही लोधन (हमीरपुर)।** इमिलिया गांव के एक गेस्ट हाउस में राम मंदिर की दूसरी वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए गरीब व असहाय1100 सौ को कंबल वितरित किए ।आयोजक ने अतिथियों को भगवान राम की तस्वीर और अंग भेंट कर सम्मानित किया। मुस्करा विकास क्षेत्र के इमिलिया गांव निवासी और मन्नूलाल कोरी के विधिक सलाहकार आशीष शुक्ला के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत राठ विधायक मनीषा अनुरागी, अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद जिलाअध्यक्ष दीपा तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि करके की ।इसके बाद आयोजित कार्यक्रम गांव हुसैना, तगारी, इमिलिया, न्यूरिया, टीहर, केमोखर, मसगांव, उमरी, भरखरी से आए हुए ग्यारह सौ लोगों को कम्बल वितरित किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप मे आयी राठ विधायक मनीषा अनुरागी ने कार्यक्रमक सराहना करते हुए कहां की ऐसे कार्यक्रम से निर्बल व असहाय वर्ग की मदद करना पुण्य का काम है यदि व्यक्ति की क्षमता है तो इसे अनवरत प्रतिवर्ष चालू रखना चाहिए कार्यक्रम आयोजक आशीष शुक्ला ने मुख्य अतिथियों को भगवान राम जी का चित्र और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित इस मौके पर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष दीपा तिवारी,यूटा के प्रदेश संरक्षक रमाकांत शुक्ला,ब्लॉक प्रमुख मुस्करा वीरनारायण मुन्ना दादी, जिला पंचायत सदस्य करन सिंह राजपूत,शैलेन्द्र तिवारी, दिग्विजय पाठक, शक्ति चौरसिया, बालजी पांडेय, मदन मोहन राजपूत विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी, कन्हैया दीक्षित, गणेश लाला,विनोद कुमार त्रिपाठी,बच्चा प्रधान मौजूद रहे।

# रघुनाथ धाम में मकर संक्रांति पंद्रह दिवसीय मेले का शुभारंभ

- मेले में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को अस्थाई चौकी की स्थापना
- विभिन्न प्रकार के झूले व दुकानें बनी लोगों का आकर्षण, जुटने लगी भारी भीड़

**जैतपुर (महोबा), समृद्धि न्यूज।**

श्री रघुनाथ धाम मंदिर परिसर, जैतपुर में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले पारंपरिक पंद्रह दिवसीय मेले का भव्य शुभारंभ श्रद्धा एवं उल्लास के साथ किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि थाना प्रभारी कुलपहाड़ विनोद कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी संतराम, चौकी इंचार्ज सुजीत जायसवाल एवं ग्राम प्रधान छोटेलाल अहिरवार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। शुभारंभ से पूर्व श्री रघुनाथ जी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई। मंदिर प्रबंधक एवं आचार्य पंडित सुशील अरजरिया ने मुख्य यजमान ग्राम प्रधान छोटेलाल अहिरवार के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा संपन्न कराई, जिसके उपरांत मेले का औपचारिक उद्घाटन किया गया।

इस ऐतिहासिक एवं पावन मेले में दूर-दराज़ से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। मेले के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्थानीय हस्तशिल्प, घरेलू उपयोग की वस्तुओं की दुकानें एवं मनोरंजन के विभिन्न साधन उपलब्ध रहेंगे। यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक भी है। मंदिर प्रबंधक पंडित सुशील अरजरिया ने बताया कि यह मेला वर्ष 1931 से लगातार वैधानिक रूप से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मेले का प्रथम भव्य उद्घाटन उनके पूर्वज दादा गुरु पंडित हरप्रसाद अरजरिया, तत्कालीन गवर्नर, कलेक्टर एवं उस समय के जमींदार स्वामी प्रसाद अग्रवाल द्वारा कराया गया था। तब से लेकर आज तक प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति पर्व पर विधि-विधान से मेले का शुभारंभ किया जाता है। मेले की तैयारियों को लेकर ग्राम प्रधान छोटेलाल अहिरवार एवं मेला अध्यक्ष कामता कुशवाहा ने संयुक्त रूप से जानकारी दी कि आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, सुरक्षा, पार्किंग एवं यातायात नियंत्रण की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक सहयोग सुनिश्चित किया गया है तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर इस पारंपरिक आयोजन का आनंद लें। इस अवसर पर पूर्व प्रधान प्रतिनिधि मौला बक्श, जगत सिंह, तनवीर खान, डॉ. सतीश राजपूत, देवेंद्र अरजरिया, शशि भूषण रिछारिया, अखिलेश रावत बुंदेलखंड किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### परिवार परामर्श केन्द्र की पहल से दंपती के परिवार में लौटी खुशियां



**महोबा।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत जनपद महोबा पुलिस द्वारा संचालित परिवार परामर्श केन्द्र के प्रभावी प्रयासों से कई बिखरते परिवारों को टूटने से बचाया गया है। संवाद, समझ और संवेदनशील परामर्श के माध्यम से पारिवारिक विवादों का समाधान कर परिवारों में पुनः खुशियों की वापसी कराई गई। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन महोबा स्थित सभा कक्ष में परिवार परामर्श केन्द्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी महिला थाना द्वारा की गई। कार्यक्रम में परिवार परामर्श केन्द्र के सभी सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पारस्परिक पारिवारिक विवाद से ग्रस्त 12 पति-पत्नी जोड़ों की गहन काउंसिलिंग की गई। प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए दोनों पक्षों को संयमित, सकारात्मक एवं संवेदनशील परामर्श प्रदान किया गया। काउंसिलिंग के परिणामस्वरूप एक पति-पत्नी जोड़ा आपसी सहमति से पुनः साथ रहने हेतु सहमत हुआ, जबकि शेष प्रकरणों को अगली तिथि पर पुनः काउंसिलिंग के लिए आमंत्रित किया गया है। परिवार परामर्श केन्द्र एवं जनपद महोबा पुलिस के इन सफल प्रयासों की प्रभावित परिवारों एवं उनके परिजनों द्वारा सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया। परामर्श कार्यक्रम के दौरान प्रभारी महिला थाना उनि निकिता शुक्ला, म.कां. अनुप्रिया, म.कां. भारती यादव सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर नीतू पालीवाल, रामजी गुप्ता, शिव कुमार गोस्वामी, मो. हनीफ एवं सुरेशचन्द्र जायसवाल आदि सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति सराहनीय रही।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी संपन्न

- सुदृढ़ कानून-व्यवस्था व उत्कृष्ट पुलिसिंग की दिशा में दिए निर्देश
- सीसीटीएनएस में आठवीं बार प्रथम आने पर अपर पुलिस अधीक्षक को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में प्रबल प्रताप सिंह पुलिस अधीक्षक महोबा की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उद्देश्य जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना, अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाना तथा पुलिसिंग की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित करना रहा।

इस बैठक का शुभारंभ सैनिक सम्मेलन से किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक ने जनपदीय पुलिस कर्मियों की समस्याओं का अनुश्रवण करते हुए उनके समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थानों पर नियमित सैनिक सम्मेलन आयोजित कर पुलिस कर्मियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में अपराध नियंत्रण, संवेदनशील पुलिसिंग एवं नागरिक सुरक्षा को केंद्र में रखते हुए यक्ष एआई आधारित एप्लीकेशन की जानकारी दी गई। इस एप्लीकेशन के माध्यम से अपराधियों पर कड़ी निगरानी, उनकी गतिविधियों की प्रभावी जांच तथा विभिन्न घटनाओं में संलिप्तता का विश्लेषण आसान होगा। एप्लीकेशन की आंशिक जानकारी होने पर आरक्षी को नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष पुलिस टीमों के गठन के निर्देश दिए गए। ये टीमें दुर्घटना की सूचना पर मौके पर जाकर कारणों की समीक्षा करेंगी, सुधारात्मक सुझाव देंगी तथाठ संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर साइनेज बोर्ड, यातायात जागरूकता एवं यातायात व्यवस्था सुधार सुनिश्चित करेंगी। प्रदेश स्तर पर सीसीटीएनएस में लगातार 8 वीं बार प्रथम स्थान प्राप्त करने पर श्रीमती वन्दना सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि महोबा पुलिस की तकनीकी दक्षता, अनुशासन एवं उच्च प्रोफेशनलिज़्म को दर्शाती है। आगामी पंचायत चुनावों को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए। असामाजिक तत्वों की अद्यावधिक सूची, मुखबिर तंत्र को सुदृढ़ करना, संभावित प्रत्याशियों से जुड़े विवादों पर सतत निगरानी तथा किसी भी सूचना पर तत्काल और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए । किसी भी घटना पर पंजीकृत मुकदमे की प्राथमिक जांच 24 घंटे के भीतर पूर्ण कर पीड़ित से संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड, क्षेत्राधिकारी अपराध/साइबर गौरव उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

## सर्वोदय सेवा संस्थान ने साझा संग्रह में पुस्तक का किया लोकार्पण

**हमीरपुर।** प्रगति मैदान में आयोजित विश्व पुस्तक मेला में लेखक मंच के भव्य कार्यक्रम में हमीरपुर की संस्था सर्वोदय साहित्य सेवा संस्थान हमीरपुर की पुस्तक सर्वोदय साझा संग्रह का लोकार्पण किया गया यह कार्यक्रम सर्वोदय साहित्य संस्थान हमीरपुर के प्रबंधक कमल किशोर कमल की मौजूदगी में भारत और विश्व के जाने माने साहित्यकार गरिमामयी उपस्थिति ने चार चांद लगा दिए। उक्त पुस्तक का प्रकाशन दिल्ली के स्वतंत्र प्रकाशन ने किया। प्रकाशक सुशील स्वतंत्र ने पुस्तक के सफल संपादन के लिए प्रबंधक कमल किशोर सहित साझा संग्रह में शामिल सभी रचनाकारों को हार्दिक बधाई प्रेषित की।सर्वोदय साझा संग्रह के सफल लोकार्पण की सूचना पाकर संस्था के अध्यक्ष जगदीश चंद्र जोशी,कोषाध्यक्ष पंकज अनुराग, उपाध्यक्ष कंचन गुप्ता एवं रणविजय चक्रवर्ती, संरक्षक देवीदीन अविनाशी, सदस्य देवनारायण सोनी, रामराज एवं उप प्रबंधक देशराज रचनाकार सहित जनपद वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। यह पुस्तक शिक्षक एवं कवि कमल किशोर के संपादकत्व में संस्था द्वारा प्रकाशित पहली पुस्तक है।



## महोबकंठ पुलिस टीम ने अवैध सूखे गांजा के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**महोबकंठ (महोबा)समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध मादक पदार्थों के रोकथाम अभियान के क्रम में गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ विनोद कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रामबाबू यादव, उपनिरीक्षक अजय प्रताप सिंह, कांस्टेबल साहब सिंह, कांस्टेबल नितिन कुमार आदि पुलिस टीम द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्तियों/वांछित व वारन्टियों की तलाश के दौरान ग्राम काशीपुरा के पास से अवैध गाँजा के साथ 1 नफर अभियुक्त रूपकिशोर विश्वकर्मा पुत्र स्व. देवीदीन विश्वकर्मा उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम काशीपुरा थाना महोबकंठ जनपद को नियमानुसार पुलिस हिरासत में लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से 2 पीले रंग की बोरियों में कुल 6 किलो 985 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं 05/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## मकरसंक्रांति पर नगर उद्योग व्यापार मंडल ने आयोजित किया खिचड़ी भोज

**कुरारा, हमीरपुर।** कुरारा कस्बे की मेन बाजार सब्जी मंडी में मकर संक्रांति के अवसर पर नगर उधोग व्यापार मंडल द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जिसपर लोगो को व राहगीरों को खिचड़ी खिलाई गई। कस्बे के नगर उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में खिचड़ी के त्योहार पर नगर उधोग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी की अगुआई में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जिसपर ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल के द्वारा लोगो को खिचड़ी का वितरण किया गया। राहगीरों को भी खिचड़ी बांटी गई। इस मौके में नगर उधोग व्यापार मंडल के संरक्षक कैलास चौरसिया, छोटेलाल गुप्ता, महामंत्री रवि गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्रीबाबू शिवहरे सहित गुरु शर्मा, पंकज पालीवाल, सैलानी गुप्ता सहित व्यापार मंडल के दर्जनों लोगों ने प्रतिभाग किया।



## अनु मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष ने अपनी बेटी का वृद्धा आश्रम में जन्मदिन मना कर किया खिचड़ी भोज

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



बेटी अनिका का 8वा जन्मदिन के शुभ अवसर पर डा सुरेश पत्नी संध्या वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनु मोर्चा ने नगर के बर्द्धाश्रम में अपनी बेटी के जन्मदिन पर बर्द्धजनो के बीच जाकर केक काटा और बर्द्धजनो ने बेटी को आशिर्वाद दिया उसके बाद सभी बर्द्धजनो का मुह मीठा कराया और सभी बर्द्धजनो को देशी घी से बनी मसाले दार चटपटी खिचडी भोज कराया अचार के साथ जन्मदिन में शामिल हुई भाजपा जिला अध्यक्ष शकुन्तला निषाद ने भी बेटी को आशिर्वाद दिया और भोजन वितरित किया इस मौके पर डा सुरेश ने कहा कि मेरा जीवन गरीब अशाह लोगों के लिये है हमको जितनी खुशी गरीबो के बीच अपनी खुशी को मनाने में मिलती है वह खुशी और कही नही मुझे बर्द्धजनो की सेवा करने में अच्छा लगता है और कहा कि हम इस समय बर्द्धजनो की आँखों का निशुल्क ऑपरेशन कराकर रोशनी देने का काम कर रहा हूं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कोरी समाज महासस्थान रामबहादुर नयन व शीमा वर्मा मण्डल मंत्री भाजपा उपस्थित रहे।

### पतारा गांव में आग लगने से लाखों रुपए का समान जल कर राख

**कुरारा, हमीरपुर।** विकास क्षेत्र के पतारा गांव में देर रात एक मजदूर के घर में आग लग गई। जिसमें लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। आग लगने से घर में रखा खाने पीने का सामान, अनाज और गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। वही रात में पीड़ितों द्वारा कुरारा पुलिस को सूचना भी दी गई पर पुलिस नही पहुची। पतारा गांव निवासी बिहारी प्रजापति मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। उनका कच्चा मकान गांव के लाल दास बाबा मंदिर के पास है। रात करीब साढ़े दस बजे उनके मकान में अचानक आग लग गई। जब परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। जब तक परिजन कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। मुहल्ले वालों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। परंतु तब तक घर के अंदर रखा अनाज कपड़े नकदी और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह नष्ट हो चुका था। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# धर्म परिवर्तन से मना करने पर युवक ने युवती का वायरल किया अश्लील वीडियो

- हिंदूवादी संगठनों में पैदा हुआ आक्रोश

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



धर्म छिपाकर प्रेम जाल में फसाने के बाद धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने युवती के इंकार कर देने से खफा युवक ने नाबालिग के अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में बीती रात वायरल कर दिए। इससे हिंदूवादी संगठनों में आक्रोश पनप गया और उन्होंने लव जिहाद का आरोप लगाकर युवती के पिता को साथ लेकर थाने में जमकर हंगामा काटा और आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए थाने के सामने हाईवे में जाम लगा दिया। कस्बे में कमलेश तिराहा में रहने वाले एक युवक ने दूसरे समुदाय की नाबालिग युवती को अपना धर्म छिपाकर प्रेम जाल में फसांया और अश्लील वीडियो बना लिये। इसके बाद युवती पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। युवती के मना करने पर युवक ने बुधवार को देर शाम युवती के अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिए। वीडियो वायरल होते ही हिंदूवादी संगठनों में आक्रोश पनप उठा और सुबह से ही पिडिता के घर पर हिंदूवादी संगठनों के नेताओं, कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हिंदूवादी संगठन पीड़िता के पिता को साथ लेकर थाने पहुंचे और हंगामा करते हुए कठोर कार्यवाही की मांग की। साथ ही बाजार बंद कराकर थाने के सामने हाईवे जाम कर दिया। पुलिस ने पीडिता के पिता की तहरीर पर कस्बा निवासी मौलाना खान एवं उसके पुत्र अबान खान के खिलाफ धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने, दुष्कर्म करने आदि की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

सुबह 10 बजे थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ आरोपी के आवास पर छापा मारा और आरोपी के पिता को हिरासत में लेकर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। करीब 11:00 बजे थानाध्यक्ष ने पीड़िता घर पुलिस बल भेजकर तहरीर मंगाई परंतु वह नहीं आये। करीब 12:00 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बजरंग दल, गौरक्षा संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, व्यापार मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता बाजार बंद कराते हुए सैकड़ो की तादाद में थाने पहुंचे और कार्यवाही की मांग की। थाने पहुंचने के चंद मिनट के बाद हिंदूवादी संगठनों ने थाने के कार्यालय में घुसने की कोशिश की। इस पर थानाध्यक्ष अनूप सिंह भड़क उठे और आरएसएस, व्यापार मंडल के पदाधिकारी को धमकाने लगे। थानाध्यक्ष के इस रवैये से हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता भड़क गए और थाने में सामने प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए जाम लगा दिया। करीब 1:00 बजे सीओ सदर राजेश कमल थाने पहुंचे। थाने गेट पर उनकी गाड़ी को हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारियो ने घेर लिया। गाड़ी से उतरते ही उनके साथ धक्का-मुक्की भी की गई। थाने में यह बवाल चल ही रहा था इसी बीच करीब 1:30 बजे दो दर्जन से ज्यादा हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता आरोपी के घर जा धमके और आवास पर जमकर तोड़फोड़ की। दोपहर करीब 2:00 बजे घटना की सूचना पाकर सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति, महामंडलेश्वर ज्योतिर्मानंद महाराज, चेयरमैन धीरेन्द्र शिवहरे के साथ थाने पहुंचे और कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया लेकिन कार्यकर्ता कठोर कार्यवाही की मांग पर अड़े रहे। करीब 2:30 बजे पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके एफ आई? आर की कॉपी उपलब्ध कराई। एफ आई आर की कापी लेकर सदर विधायक ने कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग पड़े रहे।

### धर्मांतरण को लेकर हिंदू संगठनों में उबाल

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** लव जिहाद को मामले को लेकर बजरंग दल, आरएसएस सहित हिंदू संगठनों ने हाईवे जमकर जोरदार प्रदर्शन किया और थाने का घेराव किया। संगठनों की मांग है कि आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए कस्बे में एक मुस्लिम युवक द्वारा हिन्दू युवती के अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने पर हिंदू संगठनों में उबाल आ गया है। इसको लेकर सोशल मीडिया पर लगातार मुहिम छेड़ दी गई ह। गुरुवार को बजरंग दल,आरएसएस सहित हिंदू संगठनों के सैकड़ो कार्यकर्ता आरोपी मुस्लिम युवक को खिलाफ कार्यवाही करने को लेकर थाने को घेर लिया। मौके पर पहुंचे सीओ सदर से नोंकझोंक के बाद लोगों ने हाईवे पर जाम कर दिया और बाजार बंद करा दिया गया। बताया जा रहा है कि युवती के पिता के द्वारा आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी जा रही है और उसके खिलाफ मुस्लिम धर्मांतरण करने को लेकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की जा रही है।

### चार घंटे तक हिंदूवादी संगठनों की गिरफ्त में रहा थाना और हाइवे

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** गुरुवार को कस्बे का थाना और हाईवे 4 घंटे तक हिंदूवादी संगठनों की गिरफ्त मे रहा। पुलिस बचाव की मुद्रा में नजर आई और असहाय दिखी। इस दौरान हिंदूवादी संगठनों ने भगवा ध्वज लहराते हुए जमकर नारेबाजी की कस्बे के एक युवक की घिनौनी हरकत से कस्बे में तनाव व्याप्त हो गया। थानाध्यक्ष के थोड़े से तेवर तीखे कर लेने से मामला उलटा हो गया और पुलिस को बैक फुट में आना पड़ा। आक्रोश बढ़ने से हिंदूवादी संगठनों ने थाना सहित हाईवे में कब्जा जमा लिया और कार्यवाही की मांग पर अड़ गए।

### सूचना

मेरे पुत्र जीतेन्द्र के सम्बन्ध अराजकतत्वों से हो गये हैं, वह आये दिन झगड़ा-फ़साद करता है, अपराधिक लोगों की संगत के कारण प्रार्थी अपने पुत्र जीतेन्द्र को परिवार और चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता है। आज से पुत्र जीतेन्द्र अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। उससे मेरा व मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्यों से कोई लेना-देना नहीं है।

प्रार्थी-सुरेश चन्द तिवारी पुत्र नारायण दास तिवारी, निवासी-ग्राम-तुर्रामुहार, थाना पनवाड़ी, जिला-महोबा (उत्तर प्रदेश)।

# डॉ. श्याम सिंह यादव सेवा संस्थान ने किया सद्भाव व समरसता के प्रतीक खिचड़ी भोज का भव्य आयोजन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



डा. श्याम सिंह यादव सेवा संस्थान के तत्वावधान में महापर्व मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर सामाजिक समरसता का प्रतीक खिचड़ी भोज आयोजित किया गया। सामाजिक एवं सांस्कृतिक परम्परा का निर्वहन करते हुए, सर्व प्रथम साधू एवं ब्राह्मणों का पूजन एवं दान के पश्चात खिचड़ी भोज प्रारम्भ किया गया। ओजस्विता सामाजिक समन्वय, परस्पर सहिष्णुता एवं भाईचारे की प्रबल भावना आदि गुणों से युक्त यह 'खिचड़ी भोज' विशिष्ट आनन्द की अनुभूति कराता है। ऊँच-नीच, एवं जातिगत मतभेदों को भुलाकर सभी वर्ग के लोगों ने एक साथ भोजन ग्रहण कर मकर संक्रांति के इस पर्व को सार्थक कर दिया। इस पावन अवसर पर समाज के प्रत्येक वर्ग से प्रतिष्ठित एवं जन सामान्य सभी लोगों ने पधारकर अपनी उपस्थिति से इस आयोजन को गरिमा प्रदान की और कहा कि यह पर्व आपसी प्रेम और सद्भाव की दृष्टि से अनूठा है। खिचड़ी सामाजिक सद्भाव एवं समरता का प्रतीक है। संस्थान के महामंत्री डॉ0 विकास यादव ने आये हुए सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित कर संस्थान को दिये जा रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राकेश कुमार वर्मा पूर्व कारागार मंत्री उ0प्र0, अरविन्द कुमार सिंह 'गोप' पूर्व मन्त्री उत्तर प्रदेश शासन, गौरव रावत विधयक जैदपुर, सुरेश यादव विधायक जैदपुर, तनुज पुनिया सांसद, डा0 पी0एल0 पुनिया पूर्व सांसद, सुरेन्द्र वर्मा चेयरमैन प्रतिनिधि, राम गोपाल रावत, पूर्व विधायक, अरविन्द यादव पूर्व एम0एल0सी0, राम मगन रावत पूर्व विधायक हैदरगढ़, सरताज चौधरी, वसीम राइन, डॉ0 हरनाम सिंह, बृजेश दीक्षित एडवोकेट, हुमायुँ नईम खाँ एडवोकेट, पुष्पेन्द्र सिंह एडवोकेट, आशीष यादव एडवोकेट, डा0 वीरेन्द्र श्रीवास्तव, आसिफ जमाल, मो0 आफाक सहित समाज सेवा से जुड़े दिनेश शर्मा, राम सेवक यादव, राम प्रगट यादव, रामकैलाश यादव, शैलेन्द्र सिंह, रत्नेश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## भिटरिया में मकर संक्रांति पर भव्य खिचड़ी भोज हजारों लोगों ने उठाया प्रसाद का लाभ

**रामसनेही घाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत के वार्ड 14 भिटरिया स्थित हैदरगढ़ रोड पर मकर संक्रांति के पावन अवसर पर वर्मा फास्ट फूड के प्रतिष्ठान पर भव्य खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में राहगीरों एवं स्थानीय नागरिकों ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। मकर संक्रांति पर्व सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीक है, जिसे समाज में शुभता, उन्नति और सकारात्मक परिवर्तन का संकेत माना जाता है। इसी दिन से शुभ कार्यों का आरंभ भी किया जाता है।

उत्तरायण के छह महीनों में सूर्य के मकर से मिथुन राशि तक भ्रमण करने से दिन बड़े और रातें छोटी होने लगती हैं। इस पावन पर्व पर तिल और गुड़ के दान का विशेष महत्व बताया जाता है। आयोजन के दौरान खिचड़ी के साथ दही, सलाद, पापड़ एवं चटनी की विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे प्रसाद ग्रहण करने वालों में विशेष उत्साह देखने को मिला। हजारों राहगीरों ने इस सेवा भावपूर्ण आयोजन की सराहना की। इस सफल आयोजन में आकाश वर्मा, शिवम वर्मा, अंजनी कुमार साहू जयकरन, अभिषेक वैश्य, महेश, विनय वर्मा, दीपक वर्मा, सतीश यादव, विशाल पाल, आशीष विश्वकर्मा, विशाल यादव, रवि पाल एवं रिंकू वर्मा का विशेष सहयोग रहा।

आयोजकों ने समाज सेवा और आपसी सद्भाव की भावना के साथ भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

## पान मसाले के गोदाम में लगी आग, हजारों रूपए का माल खाक

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत हैदरगढ़ के सुबेहा टेंपो स्टैंड के निकट स्थित एक पान मसाले के गोदाम में आग लग गई जिसमें हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत हैदरगढ़ निवासी बैजनाथ चौरसिया की पान मसाले की दुकान एवं गोदाम सुबेहा मार्ग पर स्थित है आज शाम लगभग 4:00 बजे गोदाम में शॉर्ट सर्किट के चलते अचानक आग लग गई जिसमें 70000 की कीमत के पान मसाले और एलइडी टीवी सहित काफी सारा सामान जलकर राख हो गया।

## असन्दरा थाना क्षेत्र के ग्राम बठौली में दबंगों की दबंगई दंपती को बेरहमी से पीटा

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के थाना असन्दरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बठौली में बल्ली (लकड़ी/बांस) को लेकर हुए विवाद में दबंगों द्वारा एक दंपती की बेरहमी से पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता मंजू देवी पत्नी लल्लन गुप्ता ने इस संबंध में थाने में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए शिकायत पत्र के अनुसार, ग्राम बठौली निवासी मंजू देवी और उनके पति लल्लन गुप्ता का गांव के ही कुछ लोगों से बल्ली को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया और विपक्षी पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से लैस होकर दंपती पर हमला कर दिया। हमलावरों ने न केवल लाठी-डंडों से जमकर पिटाई की।

# टोल गेट के बैरियर हटाकर अधिवक्ताओं ने दिया धरना

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे पर स्थानीय कोतवाली के बारा टोल प्लाजा पर एक दिन पहले टोल कर्मियों द्वारा अधिवक्ता की पिटाई के विरोध में गुरुवार को

**● अधिवक्ता के साथ की गई मारपीट में टोल कर्मियों का 151 में हुआ था चालान**

अधिवक्ताओं द्वारा टोल प्लाजा पर धरना प्रदर्शन किया गया। मारपीट की घटना से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने टोल पर लगे सारे बैरियर हटवा दिए।जिससे लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर आवागमन करने वाले वाहन बेरोक टोक आवागमन करते देखे गए।। अधिवक्ताओं के हंगामा को देखते हुए स्थानी कोतवाली के अलावा कई थानों की फोर्स एवं पीएसी के जवान लगाए गए वही मौके पर मौजूद एसडीएम सीओ एवं प्रभारी निरीक्षक हैदरगढ़ के बाद प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे एडीशनल एस पी उत्तरी द्वारा अधिवक्ताओं को जेल भेजे गए अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओ को जोड़ने के आश्वासन पर





प्रदर्शन समाप्त हो गया। गुरुवार को दूसरे दिन प्रयागराज, लखनऊ व हैदरगढ़ बार के तमाम अधिवक्ता साथियों के साथ टोल प्लाजा पर पहुंचे पीड़ित अधिवक्ता ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। अधिवक्ताओं के हंगामा की सूचना मिलते ही कोतवाल अभिमन्यु मल्ल दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए और और नाराज अधिवक्ताओं को मनाने की कोशिश करने लगे। अधिवक्ताओं को शांत न होने पर कोतवाल ने इसकी सूचना उप जिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा एवं पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार सिंह को दिया हंगामा को देखते हुए प्रशासन द्वारा कई थानों की फोर्स के अलावा पीएसी भी बुला ली गई। फिर भी मामला शांत नहीं हो सका। प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ता दोषी टोल कर्मियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्यवाही एवं स्थानीय अधिवक्ताओ के वाहनों को टोल फ्री किए जाने की मांग कर रहे थे। मामले का हल निकलता ना देख अधिकारियों ने इसकी सूचना जिला मुख्यालय पर दी। शाम 4:00 बजे पहुंचे एडिशनल एसपी द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजने एवं स्थानीय अधिवक्ताओं का टोल माफ कराने का आश्वासन दिये जाने पर मामला शांत हो चुका था परंतु इसी बीच अधिवक्ताओं को जानकारी हुई कि जिन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था उन धाराओं की बजाय धारा 151 के तहत गिरफ्तार अभियुक्तो का चालान कर जेल भेजा गया है।यह जानकारी होते ही अधिवक्ता एक बार फिर से आंदोलित हो गए। बताते हैं की उग्र हुए वकीलों ने टोल प्लाजा पर एक बार फिर से तोड़फोड़ शुरू कर दी और वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरो को तोड़ डाला। इसी बीच घटनाक्रम की जानकारी होने पर टोल प्लाजा पर पहुंचे उ0प्र0बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष व सदस्य अखिलेश अवस्थी व सेंट्रल बार एशोसिएशन के महामंत्री कुलदीप नारायण मिश्रा की वार्ता एएसपी उत्तरी से हुई। देर शाम एएसपी द्वारा सुसंगत धाराओं को जुड़वानेके आश्वासन पर मामला समाप्त हो गया। उल्लेखनीय हैं कि प्रतापगढ़ जनपद के थाना हथिगवाँ के परानूपुर गाँव निवासी रत्नेश शुक्ला पुत्र नर्मदा प्रसाद उच्च न्यायालय इलाहाबल में अधिवक्ता है और बुधवार की दोपहर उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ काम से जा रहे थे तभी टोल टैक्स को लेकर टोलकर्मियों ने अभद्रता करते हुए मारपीट की थीं।

## खबरें एक नजर में

### सालों से बांस-बल्लियों पर दौड़ रही बिजली

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील तिलोई के विद्युत उपकेंद्र सेमरौता के अंतर्गत आने वाले गांव जेहटा उसरहा में बिजली विभाग की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है। गांव में आज भी उपभोक्ताओं को बांस-बल्लियों के सहारे खींचे गए तारों से बिजली आपूर्ति की जा रही है, जो कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से पक्के विद्युत पोल लगाए जाने की मांग की जा रही है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। गांव निवासी मोतीलाल, राम बहादुर तथा समाजसेवी अभिषेक बाजपेयी ने बताया कि आंधी-बारिश के दौरान बांस-बल्लियां गिर जाती हैं, जिससे पुराने और जर्जर तारों के टूटने व करंट फैलने का खतरा लगातार बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति बच्चों, बुजुर्गों और मवेशियों के लिए बेहद खतरनाक है। हर मौसम में गांववासियों को डर के साए में रहना पड़ता है,लेकिन इसके बावजूद विभाग की ओर से समस्या के समाधान को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। इस संबंध में सेमरौता पावर हाउस के अवर अभियंता ने बताया कि मामले की जांच कराकर समस्या का शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा। अब देखना यह होगा कि विभागीय आश्वासन धरातल पर उतरता है या ग्रामीणों को इसी तरह जान जोखिम में डालकर बिजली का उपयोग करना पड़ेगा।

### तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान ताज मोहम्मद उर्फ ननकू पुत्र मो. हबीब निवासी पूरे तुराब मजरे बसौनी थाना फुरसतगंज को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा व दो जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### रविवार को सभी बूथों पर पढ़ी जाएगी आलेख्य निर्वाचक नामावली

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि एक जनवरी के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत तैयार की गई आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का पठन रविवार 18 जनवरी को समस्त मतदेय स्थलों पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रत्येक बूथ पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया जाएगा। सभी मतदाताओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि को अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित होकर मतदाता सूची का अवलोकन अवश्य करें। यदि किसी मतदाता का नाम सूची में शामिल नहीं है तो फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र, नाम कटवाने के लिए फार्म-7, तथा नाम, पता या अन्य विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर फार्म-8 घोषणा पत्र सहित भरकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी को दिनांक 6 फरवरी तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध करा दें।

## खिचड़ी भोज और कंबल वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

**लालगंज रायबरेली।** मकर संक्रांति के अवसर पर ग्राम सभा कोरिहरा के कोटेदार द्वारा खिचड़ी भोज और कंबल बितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।खिचड़ी भोज पारंपरिक रूप से मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में ग्रामीणों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। वही बढ़ती ठंड को देखते हुए कोटेदार द्वारा गांव के गरीब, असहाय और बुजुर्गों को कंबल वितरित किए गए ताकि उन्हें राहत मिल सके। वही कोटेदार सचिन सिंह ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और जरूरतमंदों की सहायता करना था। इस अवसर पर सनी सिंह कोरिहरा, संजय सिंह राजू मास्टर ,पिंकू सिंह काका,नरेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह फौजी,रामदेव यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्राम प्रधान ने बांटे 1000 कंबल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

**महराजगंज रायबरेली।** खैरहना प्रधान ने जरुरतमंदों को बांटे 1000 कंबल। अमावा विकासखंड व चन्दापुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले। खैरहना प्रधान राजू के द्वारा विगत वर्षो की बात इस वर्ष भी गरीब असहाय कमजोर बेबस बुजुर्ग महिलाएं विधवा महिलाएं एवं बुजुर्ग व्यक्तियों को कंबल प्रदान किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक रामलाल अकेला व उनकी पत्नी शांति अकेला रही। तो वहीं विशिष्ट अतिथि महराजगंज प्रधान संघ अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह रहे। ग्राम प्रधान राजू ने बताया कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत के लोगों को कंबल प्रदान किए गए हैं आज 1000 से अधिक कंबल ग्राम पंचायत के लोगों को दिए गए हैं जिससे उन्हें ठंड से निजात मिलेगी साथ ही कार्यक्रम में आए हुए विशिष्ट अतिथियों को भी अंग वस्त्र पहनकर उनका सम्मान किया गया है। इस मौके पर ग्राम प्रधान संतोष सिंह अशोक यादव सईद हरकेश यादव प्रधान विजय राज सिंह सुंदर नेता अख्तर रामनरेश रामनेवाज छोटे मंसूर गुड्डू रज्जन मंटू रामरतन यादव सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।



## सड़क हादसों से दहला डलमऊ क्षेत्र, तीन की दर्दनाक मौत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** डलमऊ क्षेत्र इन दोनों दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र बना हुआ है सड़कों पर दौड़ रहे यमराज रूपी डंपरों ने बीते 10 दिनों में पांच लोगों की जिंगनिया समाप्त कर दी है सड़क हादसों में लगातार हो रही मौतों के चलते क्षेत्र वासियों में दहशत का माहौल व्याप्त है वही इन हादसों के चलते कई घरों के चिराग बुझ गए और परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा गुरुवार को डलमऊ कस्बे मैं घटित हुई सड़क हादसे को देखकर सभी के रेंगटें खड़े हो गए हादसा इतना भयानक था जिसने भी देखा उसका दिल टहल गया हादसे के बाद नाराज पारिवारिक जनों एवं क्षेत्रीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया और कस्बे में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग करने लगे।

## ब्लॉक सभागार में संस्कृति उत्सव का हुआ आयोजन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**





विकास खण्ड मुसाफिरखाना सभागार में तहसीलदार राहुल सिंह की अध्यक्षता में संस्कृति उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव कार्यक्रम में स्थानीय कवियों, गीतकारों ने अपनी ओजस्वी प्रस्तुति के माध्यम से कार्यक्रम में उत्सव जैसा माहौल बना दिया। कार्यक्रम का संचालन पद्माकर मिश्र ने बहुत ही रोचक ढंग से किया। कार्यक्रम में शामिल कवियों में प्रदीप तिवारी पंथ, संतोष कुमार पांडेय, शुभम सिंह के अतिरित आल्हा गायक राजपति सिंह तथा कार्यक्रम में शामिल पत्रकार प्रेस परिषद अयोध्या मण्डल प्रभारी यशपाल सिंह व समाज सेवी नंदकिशोर त्रिपाठी नंदा बाबा को तहसीलदार राहुल सिंह ने पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया। कार्यकम में अन्य लोगों के अलावा नायब तहसीलदार राम लखन वर्मा, कानूनगो चंद्रदेव सिंह, लेखपाल देवेश सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, प्रभात कुमार श्रीवास्तव व अनुचर पवन कुमार तिवारी सहित अन्य संभ्रांत लोग उपस्थित रहे। अन्त में कवि व शिक्षक प्रदीप तिवारी द्वारा आल्हा गायक बाबू राजपति सिंह तथा पद्माकर मिश्र को उत्कृष्ट योगदान के लिए शील्ड देकर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रेस परिषद मण्डल प्रभारी यशपाल सिंह द्वारा कार्यकम के आयोजन के महत्व पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आए दिन ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए इससे स्थानीय नव युवकों में उत्साह वर्धन होता है।

## कंबल वितरण व खिचड़ी भोज में विधायक की गैरमौजूदगी बनी सियासी चर्चा

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

जगदीशपुर रामलीला मैदान में जिला पंचायत सदस्य एवं युवा भाजपा नेता सोनू यज्ञ सैनी द्वारा अपनी माताजी की पुण्यतिथि पर विशाल कंबल वितरण एवं खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हजारों जरूरतमंदों की सहभागिता, सुव्यवस्थित आयोजन और व्यापक जनसमर्थन के बीच यह कार्यक्रम क्षेत्रीय राजनीति में चर्चाओं का केंद्र बन गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि सहित भाजपा संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और प्रबुद्धजन मंचासीन रहे। इसके बावजूद जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश पासी की अनुपस्थिति ने राजनीतिक गलियारों में स्वाभाविक प्रश्न खड़े कर दिए। आयोजन के दौरान उनका नाम न तो मंचीय बैनरों, पोस्टरों अथवा विशिष्ट अतिथियों की सूची में दिखा और न ही मंच संचालन में उनका उल्लेख हुआ। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों के बीच यह विषय चर्चा में रहा कि जब सरकार और संगठन के अनेक वरिष्ठ चेहरे एक साथ मंच साझा कर रहे थे, तब अपने ही क्षेत्र के विधायक की गैरहाजिरी के क्या निहितार्थ हो सकते हैं। राजनीतिक हलकों में इसे लेकर विभिन्न कयास लगाए गए, हालांकि इस संबंध में किसी भी पक्ष की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। वहीं आयोजक सोनू यज्ञ सैनी ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि यह आयोजन राजनीति से परे, पूरी तरह सेवा भाव से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक राहत पहुंचाने के संकल्प का प्रतीक है और भविष्य में भी ऐसे जनसेवी कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कुल मिलाकर, यह आयोजन जहां मानवीय संवेदना, सेवा और सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश देता नजर आया, वहीं विधायक की अनुपस्थिति को लेकर उठे सवालों ने जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र में सियासी हलचल को और गति दे दी है।

# उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद डीपीआरओ ने ग्राम पंचायत रामगढ़ से निकलवा दिया गया भुगतान

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



सीतापुर में तैनात जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू के द्वारा जिले में सिर्फ अपनी मनमानी कर रहे हैं जिला पंचायत राज अधिकारी के लिए उच्च न्यायालय के आदेश भी कुछ नहीं मानते है विकास खण्ड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत रामगढ़ के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को उच्च न्यायालय की तरफ से एक आदेश 19/5/2025 को जारी किया गया था उसे आदेश में साफ लिखा गया था की प्रधान के कार्य बहाल कर दिए जाएं परंतु जिला पंचायत राज अधिकारी अपने आप को उच्च न्यायालय से ऊपर समझते हुए 26/5/2025 को ग्राम पंचायत रामगढ़ से भुगतान लगवा दिया गया आखिर जिला पंचायत राज अधिकारी जिले में क्या दिखाना चाहते हैं कि मैं उच्च न्यायालय से ऊपर हूं इसीलिए उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद ग्राम पंचायत रामगढ़ से कई फर्मो पर लगभग ढाई लाख के आसपास भुगतान लगवा दिया गया और उच्च न्यायालय के आदेश की अहलान कर दी गई जिला पंचायत राज अधिकारी की लापरवाही या अपनी मनमानी से ग्राम पंचायत रामगढ़ में इन फेमों के नाम पर जैसे श्री श्याम कंस्ट्रक्शन कंपनी, आस्था बिजनेस सेंटर आदि पर भुगतान लगवा कर अपनी मनमानी की गई है जिससे स्पष्ट हो रहा है कि जिले में जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू सिर्फ अपनी मनमानी कर रहे हैं और भ्रष्टाचार्यो को संरक्षण देने का कार्य भी तेजी से कर रहे हैं क्या जिला प्रशासन ऐसे मामले को संज्ञान में लेते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू पर निष्पक्ष कार्यवाही करेगा जो उच्च न्यायालय के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे हैं उन पर कार्यवाही करेगी या सिर्फ नोटिस देखकर फाइल दबाने का कार्य किया जाएगा

## जिलाधिकारी ने किया महोली शुगर मिल का निरीक्षण

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने अब से कुछ देर पहले महोली चीनी मिल का निरीक्षण किया है, निरीक्षण के दौरान जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी भी मौजूद रहे हैं, गुरुवार को जिलाधिकारी के द्वारा अचानक किए गए महोली चीनी मिल के निरीक्षण के बाद क्षेत्रीय नागरिकों ने विभिन्न प्रकार के कयास लगाने शुरू कर दिए हैं, हालांकि निरीक्षण की वजह क्या रही है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन जिलाधिकारी के द्वारा अचानक महोली चीनी मिल में पहुंचना, क्षेत्रीय नागरिकों में चर्चा का विषय बना हुआ है...!

## आस्था बिजनेस सेंटर पर लगा शौचालय मरम्मत का भुगतान

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**





विकासखंड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत रघुनाथपुर हरिहरपुर में सचिव और प्रधान की मनमानी की वजह से फर्जी भुगतान लग रहे हैं और सरकार और प्रशासन को लाखों का चूना लगाने का कार्य किया जा रहा है जहां सरकार और प्रशासन लगातार विकास कार्यो पर विशेष ध्यान दे रही है और वही सचिव और प्रधान सिर्फ अपनी जेब भरने की चक्कर में लगी हुई हैं सचिव के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 25 और 2025 26 के 15वें व 5वें वित्त से फर्जी भुगतान लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है सचिव के द्वारा आस्था बिजनेस सेंटर पर शौचालय मरम्मत का भुगतान लगा दिया गया है और यादव कंटेस्टेंट पर सचिव के द्वारा प्रशासनिक व्यय का भुगतान लगाने का कार्य किया गया है सचिव के द्वारा नल मरम्मत नल रिबोर के नाम पर भी फर्जी भुगतान लगाने का कार्य किया गया है जो इस सभी मामले की निष्पक्ष जांच हो जाए तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही हो सकती है क्या इस मामले पर खंड विकास अधिकारी गोंदलामऊ के द्वारा सही जांच करवा कर भ्रष्टाचार्यो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करेंगे और सरकार की मनसा को लेकर कार्य कर पाएंगे।

# प्रधान ने ठिठुरते जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

**कुठौंद,जालौन समृद्धि न्यूज।**

शीत लहर के बीच जहां ग्रामीणांचल में रहने वालों बेसहारा व निर्धन लोगों के लिये बड़ी मुसीबत खड़ी हो गयी है तो वहीं ग्राम प्रधान ने ऐसे जरूरतमंदों की सुध लेकर उन्हें मकर संक्रांति के अवसर पर कम्बल बांटकर उनका हालचाल लिया। ग्राम पंचायत लोहाई दिबारा के ग्राम प्रधान श्रीकांत दीक्षित ने भीषण सर्दी को देखते हुए गरीबों, दिव्यांगों व विधवा महिलाओं को 140 कंबलों का वितरित किया।

कंबल पाकर लोग काफी खुश नजर आए। ग्राम प्रधान ने बताया कि इस समय काफी ठंड पड़ रही है। गरीबों के पास पर्याप्त संसाधन न होने पर वह ठंड से ठिठुर रहे हैं। मैं ऐसे लोगों की मदद करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहता हूं।

इस दौरान लेखपाल इंद्रपाल सिंह ग्राम विकास अधिकारी अनीता यादव व कोटेदार मुन्नीलाल चतुर्वेदी ओमकार नाथ, श्याम नारायण राजीव सिंह सैकड़ों नागरिक मौके पर मौजूद रहे ग्रामीणों ने प्रधान श्री कांत दीक्षित की प्रशंसा की।

## सुरावली में बीडीसी प्रतिनिधि व ग्राम प्रधान ने बांटी रजाई


जरूरतमंदों को कम्बल बांटते ग्राम प्रधान।

**कुठौंद।** ग्राम सुरावली मे मकर संक्रंति के अवसर पर बीडीसी प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह राठौड़ एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विकेक पाठक के द्वारा सभी ग्राम के गरीबों व निराश्रितों को कड़ाके की ठंड से राहत देने के लिए ग्राम की सभी लोगो को ससम्मान बुलाकर एवं फूल मालाओ से स्वागत करते हुए सभी को गरम रजाई वितरित की गई। गरम रजाई पाकर सभी रजाई पाने बाले लोगों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। रजाई वितरण कार्यक्रम मे बीडीसी प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह राठौड प्रधान प्रतिनिधि विवेक पाठक, केदार तिवारी, दिलीप तिवारी, रबी पाठक प्रभात सिंह, आरपी वर्मा पत्रकार आदि लोग सम्मलित रहे।

## पारिवारिक बंटवारे का मसला हुआ हिंसक, दोनों पक्षों में हुई मारपीट

**जालौन,उरई।** पारिवारिक मकान के बंटवारे को लेकर परिवार के ही दो लोगों के बीच आपस में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी दुबे निवासी बृजेंद्र कुमार व रामप्रकाश के बीच पारिवारिक मकान के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। बुधवार की शाम दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद के साथ ही दोनों के बीच गाली, गलौज व मारपीट होने लगी। वहां मौजूद लोगों ने समझाने का प्रयास किया। न मानने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

# युवा उद्यमियों को मिला व्यापारिक चेतना पुरस्कार

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



युवा चेतना सप्ताह के अंतर्गत चौथे दिन उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के सहयोग से आयोजित व्यापार उदय कार्यक्रम में ऐसे युवा उद्यमियों को सम्मानित किया गया, जिनकी निर्माण इकाइयों और नवाचार से क्षेत्र में दर्जनों लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। मुख्य अतिथि जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त पार्थ धन्यंजय सिंह ने युवा उद्यमी दुर्गेश प्रजापति, सनी शर्मा, गौरव बाथम, गौरव कुमार, अंकित शाक्य, आकाश तिवारी, नीरज गुप्ता, कर्त्तव्य त्रिपाठी एवं आशीष पाल को व्यापारिक चेतना पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न उद्योग एवं स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देते हुए युवाओं से उनका लाभ उठाकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए जागरूक किया। इसके अलावा जिला संयोजक गौरव त्रिपाठी अमर, अशोक बाजपेई, प्रवीण गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किए।अंत में जिलाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संजीव चौहान के संचालन में हुए कार्यक्रम नगर अध्यक्ष गौरव गोयल, जिला महामंत्री आशीष वर्मा, आदित्य श्रीवास्तव, मनोज दीक्षित, अवनीश गुप्ता, अतुल वर्मा, उमेश राठौर, सचिन वर्मा, राहुल, जयकिशन, करुणाशंकर, शरद गुप्ता, संतोष कमल, रवि राठौर, ऋषभ मिश्रा, जय गोयल, सत्यम गर्ग, अमित भारतीय, पंकज दुबे सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# प्रशांतानंद चंदन ने बहाई भक्ति की गंगा



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मकर संक्रान्ति पर ग्राम जसुआमई में आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ ने भक्तों के हृदय में राम भक्ति की लहरें पैदा कर दीं।

मंगल भवन अमंगल हारी, द्रवहु सुदसरथ अजर बिहारी के संपुट के साथ सुप्रसिद्ध राम कथा वाचक पंडित प्रशांतानंद चंदन और उनकी टीम ने सुंदरकांड का जीवंत वाचन किया, जो सभी को भावविभोर कर गया। कार्यक्रम की शुरुआत राम दरबार के पूजन से हुई, जिसे पंडित विनोद दुबे और शिवानंद द्विवेदी ने यजमान ग्राम प्रधान आनंद स्वरूप तिवारी के सहयोग से संपन्न कराया। प्रशांतानंद चंदन ने सुंदरकांड की महिमा का बखान करते हुए कहा सुंदरकांड केवल एक कांड नहीं, बल्कि जीवन की हर विपत्ति में हनुमान जी की शक्ति और भक्ति का संदेश है। यह हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति से कोई अमंगल टल जाता है। उनके वाचन ने माहौल को दिव्य बना दिया। बीच-बीच में आचार्य अरुण पांडेय ने हृदयस्पर्शी भजन गाए- मेरा राम की कृपा से सब काम हो रहा है..., मेरी नैया है तेरे हवाले, जगत के रखवाले, तुम्हें छोड़कर जाऊं कहां राघव प्यारे... और आना पवन कुमार हमारे हरी कीर्तन में...। इन भजनों ने उपस्थितजनों को गहन भावुकता में डुबो दिया। आरती के बाद खिचड़ी प्रसाद का विशाल भंडारा प्रारंभ हो गया। इसमें सैकड़ों ग्रामीणों और आसपास के भक्तों ने उत्साहपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

> आरती के बाद खिचड़ी प्रसाद का हुआ विशाल भंडारा प्रारंभ

## उत्साह के साथ मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व



छिबरामऊ, कन्नौज। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में मकर संक्रांति का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। कई जगह स्टाल लगाकर खिचड़ी व तहरी बांटी गई। पुरानी गल्ला मंडी में उ. प्र. उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा, रामू गुप्ता व राजीव मिश्रा आदि ने खिचड़ी वितरण किया। पूर्वी बाईपास स्थित एसआरडी ई रिक्शा एजेंसी के पास स्टाल लगाकर खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान डिप्टी चीफ वार्डन नीरज दुबे, डिविजनल वार्डन अनुराग अग्निहोत्री, सेक्टर वार्डन पुष्पेंद्र सिंह तोमर, सेक्टर वार्डन सागर गुप्ता, अंबुज दुबे, रामजी गुप्ता, अंकित पांडेय, सुजीत तिवारी अंकित मिश्रा, पंकज, चौधरी, रामजी गुप्ता, जितेंद्र वर्मा, विकास राजपूत आदि मौजूद रहे। शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर में पंडित बनारसी दास शास्त्री ने माता दुर्गा जी को भोग लगाया। उसके बाद खिचड़ी प्रसाद वितरण का कार्यक्रम शुरू हुआ। शाम को महिला मंडल ने भजन कीर्तन किया।

> कई जगह बांटी गई खिचड़ी व तहरी

# समाजवादियों ने मनाया डिंपल यादव का जन्मदिन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर व ग्रामीण क्षेत्र में सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन समाजवादियों ने धूमधाम से मनाया।

सपा विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल के आवास पर सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान संतोष गुप्ता, आफाक खान, रवि गुप्ता, प्रीतम, लोकेन्द्र यादव, गफ्फार अहमद, जीतू सिंह, सलमान, अमित यादव, सुमित यादव, गोविंद सिंह, मीडिया प्रभारी अंकुर सिंह यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक में सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रियतेश तोमर, वरिष्ठ नेता दीपू चौहान, शैलेंद्र राठौर, रवि गुप्ता, गोविंद यादव, अरविंद गुप्ता, अवनीश गुप्ता, सतीश, प्रवेश, संजय, विपिन, अयान खान, अमित राठौर, विनेश, नीतेश, आशीष आदि उपस्थित रहे। कृष्णा फाउंडेशन की प्रबन्धक रंजू सिंह लकी, हिमानी शर्मा व राहुल वर्मा ने सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन पौधा लगा कर मनाया। वरिष्ठ सपा नेता दीपू चौहान ने हर साल की भांति इस साल भी भाभी जी का जन्म दिवस जरूरतमंदों में कंबल बांट कर मनाया। ग्राम शंकरपुर लोकपुर में समाजवादी सेवक राघवेंद्र यादव ने केक काटकर जन्मदिन मनाया।

इस मौके पर सर्वेश यादव, करू प्रधान, सुमित यादव, कोमल यादव, हिमांशु, मंजेश यादव, जय ओम यादव, जीतू यादव, अनुज, मिंटू, कन्हैया, भोला यादव, नन्हे यादव व आकाश यादव आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की दी जानकारी



**छिबरामऊ, कन्नौज।** बनवारी नगर स्थित सभागार में आयोजित व्यापारिक सेमिनार में जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त पार्थ धन्यंजय सिंह ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की विस्तृत जानकारी दी। जिला उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष तक के युवाओं को अपना उद्योग या व्यवसाय स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योजना के तहत युवाओं को बिना गारंटी ऋण, ब्याज में छूट तथा प्रशिक्षण की सुविधा दी जाती है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने बताया कि इस योजना में मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस और ट्रेडिंग सेक्टर के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे योजना का लाभ उठाकर स्वरोजगार अपनाएं और अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराएं। सेमिनार में उपस्थित व्यापारियों और युवाओं ने योजना में विशेष रुचि दिखाई और आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए शंका समाधान के लिए सवाल जबाव भी किए।

> बिना ब्याज और 10 प्रतिशत सब्सिडी के साथ मिल रहा है पांच लाख का ऋण

# संगठनात्मक मजबूती से ही सामाजिक कुरीतियां होंगी दूर: महेंद्र राठौर

## राठौर समाज सेवा समिति की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**



राठौर समाज सेवा समिति की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर मुरलीमनोहर स्थित राठौर धर्मशाला में बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया।


बैठक की शुरुआत करते हुए कमलेश राठौर ने कहा कि समाज की एकता और संगठनात्मक मजबूती से ही सामाजिक कुरीतियों को दूर किया जा सकता है और नई पीढ़ी को सही दिशा दी जा सकती है। इसके बाद कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू की गई, जिसमें सभी पदों पर सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। समिति के संरक्षक के रूप में कमलेश कुमार राठौर को चुना गया। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी महेंद्र सिंह राठौर को सौंपी गई। उनके चयन पर उपस्थित लोगों ने प्रसन्नता जताई और अपेक्षा की कि उनके नेतृत्व में समिति समाजहित में प्रभावी कार्य करेगी। उपाध्यक्ष पद पर विजय सिंह राठौर और महामंत्री की जिम्मेदारी गिरजाशंकर राठौर को दी गई, जबकि मंत्री पद पर संजय कुमार राठौर को चुना गया। कोषाध्यक्ष के रूप में सुरेशचंद्र राठौर को दायित्व सौंपा गया। प्रवक्ता पद पर लक्ष्मीनारायण राठौर और मीडिया प्रभारी के रूप में आशुतोष राठौर का चयन किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेंद्र सिंह राठौर ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति समाज की समस्याओं के समाधान, युवाओं को शिक्षा एवं रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य करेगी।

## मकर संक्रांति पर खिचड़ी व तिल लड्डू वितरित

**उरई,जालौन।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर श्री राधारमण सेवा समिति की ओर से गुरुवार को गहोई धर्मशाला, गोपालगंज (सब्जी मंडी) में दीन-हीन एवं असहाय लोगों को खिचड़ी व तिल के लड्डू वितरित किए गए। बड़ी संख्या में जरूरतमंदों ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति की संयोजिका स्वर्णलता सेठ ने बताया कि मकर संक्रांति सूर्य के उत्तरायण होने का पर्व है, जो नई ऊर्जा, सकारात्मकता एवं समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ना और भारतीय परंपराओं को जीवंत बनाए रखना समिति का उद्देश्य है। उल्लेखनीय है कि श्री राधारमण सेवा समिति विगत दो वर्षों से लगातार सामाजिक सेवा के कार्य कर रही है और आगे भी यह सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा।

# विद्युत सब स्टेशन में टेक्निकल टीम अनुरक्षण कार्य में जुटी

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**



विद्युत सब स्टेशनों की मशीनों व परिसर के अनुरक्षण का कार्य विभाग के द्वारा गतिशीलता से शुरू कर दिया गया है। गुरुवार को एसडीओ धर्मेंद्र सिंह के निर्देश के अनुरूप अवर अभियंता सत्य प्रकाश गौतम की अगुवाई में अनुरक्षण का कार्य चलाया गया। विदित हो कि समय-समय पर सबस्टेशनों में फाल्ट के मामले होने से बिजली आपूर्ति की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए अवर अभियंता सत्य प्रकाश गौतम की देखरेख व मौजूदगी में विद्युत सब स्टेशन कालपी में स्थापित 10-10 केवीए क्षमता के हैवी ट्रांसफार्मर की पुसिंग केबिल आदि चेक की। इसी प्रकार हाईटेंशन लाइनों व एशोमीटर का अनुरक्षण व मरमतीकरण का कार्य किया गया। इसी प्रकार ओसीवी मशीनों में अनुरक्षण मरम्मत तथा सफाई का कार्य चलाया गया है। टीजीटू अभिषेक धीर, रिंकू पोरवाल, दिलीप कुमार, फहमीद खान, आदि कर्मचारी कार्य में शामिल रहे। अवर अभियंता इंजीनियर सत्य प्रकाश गौतम ने दावा किया है कि अनुरक्षण का कार्य हो जाने से आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त हो जाएगी।

# एकजुट रहने से ही होगी देश की प्रगति

> मकर संक्रांति पर आरएसएस ने दिया समरसता का संदेश

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



आवास विकास कॉलोनी स्थित पार्क में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने समरसता का संदेश देते हुए मकर संक्रांति उत्सव मनाया।

इस अवसर पर विभाग बौद्धिक प्रमुख रजनीश दुबे ने कहा मकर संक्रांति का उत्सव समाज के सभी लोगों को एकजुट रहने का संदेश देता है। जब समाज के सभी लोग एकजुट होकर राष्ट्र हित में काम करेंगे तभी देश की प्रगति हो सकेगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार खिचड़ी में विभिन्न प्रकार की सामग्री डालकर उसे स्वादिष्ट बनाया जाता है उसी प्रकार समाज के सभी लोग मिलकर समरसता के भाव के साथ इस समाज को सुसंस्कृत करते हैं। उन्होंने कहा मकर संक्रांति का दिन बहुत ही पुण्य फल देने वाला होता है। आज के दिन भगवान सूर्य कर्क राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हुए उत्तरायण होते हैं। जिसे प्रकृति व जनमानस को आध्यात्मिक लाभ के साथ वैज्ञानिक तथ्यपरक लाभ होते हैं। इस अवसर पर रामशंकर गुप्ता, रामचंद्र दुबे, दिवाकर त्रिपाठी, जिला प्रचारक अंकित जी, अरविंद वर्मा, अरविंद सिंह चौहान, रमन शुक्ला, पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, मुनीष मिश्रा, अशोक सविता, डॉ अनिल दुबे, राजेश सक्सेना, नगर प्रचारक गौरव जी, संतोष पांडेय, देवेश सिंह राठौर, अनूप मिश्रा एवं राजेश पाठक सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कुकरगांव में सेतु निगम द्वारा निर्मित पुल के दोनों ओर सड़क कटी

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**



उरई जालौन मार्ग पर कुकरगांव के पास बने पुल के पहले सड़क में गड्ढा बन गया है। इसके अलावा पुल के पहले व बाद में सही जोड़ न किए जाने से वाहन चालकों को दिक्कत हो रही है। कुकरगांव में सेतु निगम द्वारा नए पुल का निर्माण कराया गया है। पुल निर्माण के समय पुल के दोनो ओर सड़क से पुल की ऊंचाई ज्यादा हो गई है। सड़क व पुल को जोड़ने के लिए बनाई गई सड़क को पुल के पास सही ढंग से नहीं डाला गया है जिससे पुल पर चढ़ते व उतरते समय वाहन चालकों को झटका लगता है। साथ ही पुल के पहले सड़क में कटाव भी हो गया है। पूरी सड़क पर कटाव हो जाने के कारण दो पहिया वाहनों के साथ बड़े वाहनों को भी निकलने में दिक्कत हो रही है। पुल से चढ़ने व उतरने पर जोर का झटका लगता है। लंबे समय से राहगीर परेशान हैं। अचानक वाहन में झटका लगने के कारण चार पहिया वाहनों में यात्रियों के चोट भी लग जाती है। यात्रा करने वाले जावेद, विनय, लकी, कपिल आदि ने मांग की पुल के पहले व बाद सड़क को सही कराया जाए और कटाव को भी सही किया जाए।

# पालिका की टीम पहुंचने पर महिलाओं ने किया हंगामा

> पीड़ित बोले नसबंदी ऑपरेशन कराने के उन्हें दिये गये थे पट्टे

**कोंच, जालौन समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका क्षेत्र में सिंहवाहिनी मंदिर के पास बुधवार को दलित बस्ती में पुलिस और नगर पालिका टीम जगह खाली कराने पहुंची, वही इस दौरान महिलाओं ने जमकर हंगामा किया, वही मामले में कुछ पीड़ितों ने एसडीएम ज्योति सिंह से शिकायत करते हुए उचित कार्यवाही की मांग की है।

कोंच नगर पालिका क्षेत्र में सिंह वाहिनी मंदिर के पास दलित बस्ती में रहने वाले लोगों ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह करीब 40 सालों से यहां निवास कर रहे हैं और उन्हें यह जगह और प्लॉट 40 साल पूर्व नसबंदी के दौरान पट्टे के रूप में आवंटित किए गए थे, लेकिन नगर पालिका अधिशासी अधिकारी मोनिका अमराव और पुलिस टीम इस जगह को खाली करने के लिए पहुंच गई, जिसका स्थानीय लोगों और महिलाओं ने विरोध किया और हंगामा भी किया है, वहीं पीड़ितों ने मामले में एसडीएम से शिकायत करते हुए नगर पालिका कर्मचारियों पर अभद्रता और गाली गलौज और बुलडोजर से मकानों को हटाने का आरोप लगाते हुए उचित कार्यवाही करने और समस्या के सामाधन की मांग की है। फिलहाल नगर पालिका के जिम्मेदारों का इस मामले में कहना है कि यह जगह नगर पालिका क्षेत्र की भूमि है और सरकारी जगह पर कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# सहकार भारती से जुड़कर बेरोजगार बन सकते आत्मनिर्भर : डीएफओ

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

सहकार भारती जालौन के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जिला कार्यालय पाठक टॉवर उरई में मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर विशाल खिचड़ी भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि परवेज खॉन जिला उद्यान अधिकारी ने भारत माता एवं सहकार भारती के संस्थापक लक्ष्मणराव इनामदार के चित्र पर माल्यार्पण कर दीपोज्जवलित कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रेम कुमार पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीएचओ परवेज खान ने कहा कि हमारे विभाग से सहकार भारती के बेरोजगार महिलाएं एवं किसान आदि अपनी आय दुगुनी करने के लिये व्यापार कर सकते हैं बशर्ते काम करने की दृढ़ता निश्चित हो। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग हमारे विभाग में आकर सरकार की कल्याणकारी योजनाएं उद्यान विभाग द्वारा संचालित हो रही है उनका लाभ उठाये इसमें विभाग हर स्तर पर सहयोग करने में पीछे नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से फूल एक-एक कली मिलकर एक साथ मजबूत होकर संगठित होकर अपनी सुगंध का एहसास कराता है।

# पंचनद संगम में भक्ति-श्रद्धा से भक्त दिखे सराबोर

> श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

**जगम्मनपुर,जालौन समृद्धि न्यूज।**



मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर जनपद जालौन स्थित पांच नदियों के संगम स्थल पंचनद पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। 14 एवं 15 जनवरी को मनाए गए मकर संक्रांति पर्व के दौरान विशेष रूप से 15 जनवरी को संक्रांति स्नान एवं दान के धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालु पंचनद संगम पहुंचे। श्रद्धालुओं ने प्रातः काल से ही संगम में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं ने संगम क्षेत्र में स्थित मंदिरों में विराजमान देवी-देवताओं एवं श्री बाबा साहब महाराज के दर्शन किए।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए पुलिस बल को पूरी सतर्कता के साथ तैनात किया गया था। इस अवसर पर रामपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र, जगम्मनपुर पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक पंकज कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक शिवश्याम पांडे, उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## पैतृक गांव में हुआ पूर्व सांसद रामचरण दोहरे का अंतिम संस्कार

**जालौन (उरई)।** पूर्व सांसद व शिक्षाविद् रामचरण दोहरे का उनके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार हुआ। पूर्व सांसद के अंतिम दर्शन के लिए लोगों का हुजूम गांव में उमड़ा रहा। उनके ज्येष्ठ पुत्र ने उन्हें मुखाग्नि दी। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी पूर्व सांसद व शिक्षाविद् रामचरण दोहरे का निधन बुधवार को हो गया था। उनके निधन के बाद गांव व आस पास क्षेत्र के शुभचिंतकों व जनप्रतिनिधियों में शोक व्याप्त हो गया। बुधवार से ही उनके शुभचिंतक उनके अंतिम दर्शनों के लिए उनके घर पहुंचने लगे थे। यह सिलसिला गुरुवार तक जारी रहा। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार की दोपहर करीब एक बजे उनके गांव में खेत पर कराया गया। इस दौरान उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। अंतिम संस्कार से पूर्व उन्हें सलामी दी गई।

# जूनियन नेशनल लेवल कबड्डी प्रतियोगिता के लिये उपेंद्र चयनित

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**



ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी होनहार कबड्डी खिलाड़ी उपेंद्र सेंगर का चयन उत्तर प्रदेश जूनियर कबड्डी टीम में हुआ है। यह झांसी मंडल के खेल इतिहास में पहला अवसर है जब किसी खिलाड़ी का चयन जूनियर नेशनल लेवल कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। ग्राम लौना जैसे छोटे से गांव से निकलकर उपेन्द्र सेंगर ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है और अब वह उत्तर प्रदेश की टीम में जूनियर नेशनल कबड्डी चौंपियनशिप में खेलते नजर आएंगे। 51वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चौंपियनशिप का आयोजन 15 से 18 जनवरी तक आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में किया जाएगा, जहां उपेंद्र सेंगर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उपेंद्र सेंगर के चयन से उनके गांव के साथ ही क्षेत्र में खुशी की लहर है। खेल प्रेमी धीरज बाथम, सोनू सिंह आदि ने इस उपलब्धि को गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि उनका चयन आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

# बैलगाड़ी से टकराकर घायल हुए बाइक चालक की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव मदारपुर निवासी महेंद्र सिंह राजपूत का 18 वर्षीय पुत्र गौतम अपने चचेरे भाई अमित कुमार के साथ बाइक से कायमगंज में समरसिर्विल लेने आया था। समरसिर्विल लेकर वापस लौटते समय गांव से कुछ दूरी पर रात के अंधेरे में आगे चल रही बैलगाड़ी में उनकी बाइक पीछे से घुस गई। जिससे बाइक चला रहा गौतम गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि अमित बाल-बाल बच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन गौतम को सीएचसी लेकर आए। यार डॉक्टर जितेंद्र बहादुर सिंह ने उसके पेट में चोट बताकर प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, लेकिन परिजन उसे इलाज के लिए लोहिया ना ले जाकर घर ले गए। गौतम बोलचाल रहा था। जिससे परिवार वालों को लगा कि उसकी हालत ज्यादा नाजुक नहीं है। रोज की तरह सुबह गौतम ने नित्य क्रिया कर नाश्ता किया, तो उसकी हालत बिगड़ गई। उसकी हालत बिगड़ती देख परिजन उसे सीएचसी ला रहे थे। रास्ते में उसकी हालत और बिगड़ गई। सीएचसी पहुंचने पर डॉ0 अमरेश ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर के बताते ही परिवार में कोहराम मच गया। पिता महेंद्र सिंह, मां गिरिजा देवी और छोटे भाई गौरव का रो-रोकर बुरा हाल था। उन्होंने बताया कि गौतम खेतीबाड़ी में हाथ बंटाया करता था। अस्पताल से मेमो भेज कर पुलिस को सूचना दे दी गई है।



मृतक का फाइल फोटो



घायल को मृत घोषित करते चिकित्सक

# मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने लगायी गंगा में डुबकी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद ढाईघाट पर मकर संक्रांति के अवसर पर श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगायी और पुरोहितों को दान दक्षिणा दी। जगह-जगह खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया।

मकर संक्रांति पर दान पुण्य का खासा महत्व है। इसी को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं ने पौ फटते ही गंगा घाट पहुंचकर गंगा में आस्था की डुबकी लगायी तथा भगवान भाष्कर को जल अर्पण किया। मकर संक्रांति पर शाही स्नान को लेकर प्रशासन ने पहले से ही तैयारियां की थी। शमशाबाद थाना चौराहे से लेकर ब्लॉक रोड, गंगा रोड और बिरिया डाडा मार्ग पर पुलिस बल तैनात किया गया था। गहरे पानी में खतरे के निशान लगाए गए थे और बैरिकेडिंग की गई थी। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए गोताखोर और पीएसी के जवान भी तैनात थे। पुलिस लगातार गश्त कर रही थी और प्रशासनिक अधिकारी भी मेले का भ्रमण कर रहे थे। यहां पर जनपद के अलावा आसपास के जिलों जैसे कन्नौज, आगरा, एटा, इटावा, मैनपुरी शिकोहाबाद आदि दूरदराज जनपदों से लोग आये थे। वहीं मकर संक्रांति के पर्व को देखते हुए नगर में कई समाजसेवियों ने खिचड़ी का वितरण किया। राहगीरों ने खिचड़ी का प्रसाद लिया।



मकर संक्रांति पर गंगा में डुबकी लगाते भक्तगण

## आलाकत्ल सहित हत्यारोपी गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने हत्यारोपी को आलाकत्ल सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मोहम्मदाबाद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 09/2026 धारा-352/103(1)/238 बीएनएस व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से संबंधित अभियुक्त राजेश पुत्र कलेक्टर निवासी ग्राम गैसिंगपुर थाना कोतवाली मोहम्मदाबाद को मुखबिर की सूचना पर आलाकत्ल एक सीमेन्टेड ईंट का टुकड़ा व हत्या में प्रयोग की गयी पिकअप गाड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त द्वारा युवक की हत्या कर शव को खाटू श्याम मंदिर के पीछे खटा रोड तेरा गांव के पास फेंक दिया था। शव की शिनाख्त उसके परिजनों द्वारा राजेश पुत्र प्रेमचंद्र निवासी ग्राम गैसिंगपुर थाना कमालगंज के रुप में की गयी थी।

# डॉ. मेजर रोहित तिवारी ने लंप एट आई एंगल का किया सफल आपरेशन

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

डॉ0 मेजर रोहित तिवारी ने युवक की आंख के कोने में गांठ का सफल आपरेशन कर उसको परेशानी से निजात दिलायी। जानकारी के अनुसार कमालगंज निवासी अवनीश औदीच्य के साले सुमित उम्र करीब 22 वर्ष पुत्र लाल बहादुर निवासी अरबल जनपद हरदोई के आंख के कोने में गांठ हो गयी थी। जिससे वह करीब छः महीने से काफी परेशान थे। इस दौरान सुमित ने अपनी उपरोक्त गांठ को लखनऊ शहर समेत कई अन्य शहरों में दिखाया, लेकिन सभी ने शल्य चिकित्सा से गांठ निकालने की बात कही। बाद में सुमित ने डॉ0 मेजर रोहित तिवारी जो कि लोहिया अस्पताल में तैनात हैं और उनकी जनपद के अच्छे सर्जनों में गिनती होती हैं, को दिखाया। जिस पर डॉ0 मेजर रोहित तिवारी ने सुमित को भरोसा दिया कि वह शल्य चिकित्सा से उपरोक्त गांठ को निकाल देंगे। जिस पर सुमित ने हामी भर दी और डॉ. मेजर रोहित तिवारी ने उनका सफल आपरेशन कर उनको उपरोक्त परेशानी से निजात दिलायी। साथ ही डॉ. मेजर रोहित तिवारी ने उनको रामायण की पुस्तक भी भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं सुमित व उनके बहनोई अवनीश औदीच्य ने भी डॉ. मेजर रोहित तिवारी का तहेदिल से आभार व्यक्त किया।



मरीज सुमित को गीता भेंट करते डॉ. रोहित तिवारी

**आंख के कोने में गांठ हो गयी थी जिससे वह करीब छः महीने से थे काफी परेशान**

# शराब के साथ पानी समझकर पीया तेजाब, एक की हालत गंभीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

शराब के साथ पानी समझकर तेजाब पीने से दो युवकों की हालत बिगड़ गई। इनमें से एक युवक को गंभीर हालत में फर्रुखाबाद रेफर किया गया है, जबकि दूसरे की हालत में सुधार होने पर उसे घर भेज दिया गया। यह घटना बुधवार शाम को हुई।

नगर के बाईपास बबना तिराहा निवासी एक युवक अपने साथी के साथ बुधवार शाम को मोहल्ला बाईपास रोड लोधी नगर स्थित एक घर पर शराब पी रहा था। इसी दौरान घर में रखी तेजाब से भरी बोतल को उन्होंने पानी समझ लिया और उसे शराब में मिलाकर पी लिया। तेजाब पीने के बाद दोनों युवकों की हालत बिगड़ने लगी। इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। परिजन मौके पर पहुंचे और युवकों को नगर के एक निजी चिकित्सक के पास भर्ती कराया। चिकित्सकों ने एक युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे फर्रुखाबाद रेफर कर दिया। वहीं दूसरे युवक की हालत में सुधार होने पर उसे छुट्टी दे दी गई। इस मामले में थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है और न ही पुलिस को इस घटना की कोई सूचना दी गई है।

**पुलिस को घटना की नहीं है कोई सूचना**

# आयुष्मान कार्ड/जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर अवैध वसूली का वीडियो वायरल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार एक ओर स्वास्थ्य सेवाओं को पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के दावे कर रही है, वहीं नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भ्रष्टाचार की जड़ें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार को अस्पताल में तैनात एक कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा आयुष्मान कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर अवैध वसूली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हैरानी की बात यह है कि बीते एक महीने के भीतर भ्रष्टाचार का यह तीसरा बड़ा मामला है। वायरल वीडियो में कंप्यूटर ऑपरेटर सरकारी सेवाओं के बदले खुलेआम रुपयों का सौदा करता नजर आ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि बिना सुविधा शुल्क दिए यहाँ न तो आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं और न ही नवजातों के जन्म प्रमाण पत्र जारी हो रहे हैं। भ्रष्टाचार का यह खेल यहाँ नया नहीं है। कुछ समय पहले सुविधा शुल्क लेने के आरोप में सीएमओ फर्रुखाबाद ने सीएचसी नवाबगंज की दो नर्सों का वेतन रोकने के आदेश दिए थे। हाल ही में एक व्यक्ति से उसकी बच्ची के जन्म पर स्वास्थ्यकर्मी द्वारा 1100 रुपये वसूलने का मामला भी सुर्खियों में रहा था। लगातार हो रही इन घटनाओं से स्पष्ट है कि निचले स्तर के कर्मचारियों में उच्चाधिकारियों की कार्रवाई का कोई डर नहीं रह गया है। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजनाएं जो पूरी तरह निःशुल्क हैं उसे यहाँ के ऑपरेटरों ने अवैध कमाई का जरिया बना लिया है। दूरदराज से आने वाले गरीब ग्रामीण इन दलालों और भ्रष्ट कर्मियों के चक्कर में फंसकर आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। इस मामले में विभागीय अधिकारी हर बार की तरह जांच का रटारटाया जवाब दे रहे हैं। वहीं क्षेत्र की जनता का कहना है कि सिर्फ वेतन रोकना या नोटिस देना पर्याप्त नहीं है। जब तक दोषियों के खिलाफ कठोर विधिक कार्रवाई नहीं होती, तब तक सरकारी केंद्रों पर भ्रष्टाचार का यह खेल बंद नहीं होगा।

# चोरों ने दुकान से पार की सरसों की बोरियां

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार रात चोरों ने एक दुकान से सरसों की बोरियां चुरा लीं। सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा, तो उसने पीछे की दीवार में नकब लगा देखा। दुकान से लगभग 35 से 40 बोरी सरसों गायब मिली।

यह घटना गांव तुर्क ललैया निवासी अनुरूप कुमार पुत्र राकेश चंद्र राठौर की स्पेलर की दुकान पर हुई। अनुरूप बुधवार शाम को दुकान बंद करके घर गए थे। गुरुवार सुबह दुकान खोलने पर उन्हें चोरी का पता चला। दुकान में रखी 35 से 40 बोरी सरसों गायब थी। अनुरूप ने तुरंत आसपास के लोगों को चोरी की जानकारी दी। जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। अनुरूप कुमार ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी। सूचना मिलने पर डायल 112 के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। हल्का प्रभारी एसआई सुरजीत सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली है और वे मौके पर पहुंच रहे हैं।



दुकान में चोरों द्वारा लगाया गया नकब

# श्री अन्न क्षेत्र से निकाली गयी भव्य निशान यात्रा, घुड़सवारों ने दिखाए करतब

**साधु-संतों ने तलवारबाजी कर लोगों को किया मंत्रमुग्ध**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट पर लगे मिनी कुंभ मेला श्री रामनगरिया के श्री अन्य क्षेत्र से गुरुवार को भव्य निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें करीब एक दर्जन घुड़सवारों ने करतब दिखाये और उसके बाद साधु संतों ने तलवारबाजी कर विभिन्न कर्तव्य दिखाएं। वहीं निशान यात्रा छठी सीधी से प्रारंभ होकर मेला मेला के बाजार मार्ग से होते हुए प्रशासनिक क्षेत्र में पहुंची। जहां से यात्रा कोतवाली होते हुए गंगा तट पर पहुंची जहां निशानों को स्नान कराया गया और उसके बाद पुणे छठी सीढ़ी पर आश्रम में पहुंचकर यात्रा संपन्न हो गई जहां पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। पांचाल घाट गंगा तट पर 3 जनवरी 2026 से मिनी कुंभ मेला श्री रामनगरिया भव्य रूप से लगा हुआ है। जिसकी छठा देखते ही बनती है। पुलिस प्रशासन की तरफ से मेला को सकुशल संपन्न करने के लिए सुरक्षा के उपाय किए गए हैं, तो वहीं विभिन्न अखाड़ा क्षेत्रों से प्रतिदिन शोभा यात्राएं निकल रहीं हैं। इसी क्रम में गुरुवार को छठी सीढ़ी पर श्री अन्य क्षेत्र से जोशीमठ आश्रम के संत धर्म चैतन्य महाराज के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें निशान शामिल थे। शोभायात्रा में करीब एक दर्जन से अधिक घुड़सवारों ने करतब दिखाए। जिससे श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। शोभायात्रा देखने के लिए परिक्रमा मार्ग पर दोनों तरफभक्तों की भारी भीड़ जुटी रही। शोभायात्रा में साधु संतों ने भी तलवारबाजी कर विभिन्न करतब दिखाएं। जिसे देखकर श्रद्धालु मंत्र मुक्त हो गए। भव्य शोभा यात्रा छठी सीढ़ी से प्रारंभ होकर बंधा के किनारे-किनारे मेला बाजार से होते हुए प्रशासनिक क्षेत्र में पहुंची। जहां पर मेला व्यवस्थापक संजय मिश्रा द्वारा साधु संतों को माला पहनाकर यात्रा का स्वागत किया। उसके बाद यात्रा मेला कोतवाली पहुंची। जहां कोतवाली प्रभारी भोलेंद्र चतुर्वेदी सहित पुलिस कर्मियों ने साधु संतों को माला पहनकर उनका स्वागत किया। जिसके बाद शोभायात्रा गंगा घाट पर पहुंची। जहां निशानों को स्नान कराया गया। उसके बाद यात्रा गंगा के किनारे परिक्रमा मार्ग से होते हुए श्री अन्न क्षेत्र में अखाड़ा में पहुंचकर संपन्न हो गई। जहां पर भक्तों और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर भंडारे का आयोजन किया गया। यात्रा में श्री पंचदशत नाम जूना अखाड़ा के महंत सत्यगिरी महाराज, हरदोई के रानूखेड़ा से आए संत बच्चा बाबा व दंडी क्षेत्र के महंत शिव स्वरूप बच्चा स्वामी सहित बड़ी संख्या में साधु संत और कल्पवासी शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा देखने के लिए परिक्रमा मार्ग पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी रही। श्री अन्न क्षेत्र से निकाली गई भव्य शोभा यात्रा में किन्नर अखाड़े के भी लोग शामिल हुए।

जिन्हें देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। शोभायात्रा में जनपद मैनपुरी से आए धूनी वाले बाबा ने भी करतब दिखाये और उन्हें देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। वहीं धूनी वाले बाबा श्रद्धालुओं और कल्पवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। वह चश्मा लगाकर चल रहे थे। वह मैनपुरी से आए थे। बताया कासगंज के कादरगंज में उनका गुरु का स्थान है।



शोभायात्रा निकालते संतगण

# मुकेश राजपूत ने सपत्नीक संतों का लिया आशीर्वाद



सत्यगिरि महाराज से मिलते सांसद व मौजूद मेला सचिव आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सांसद मुकेश राजपूत सपत्नीक मेला श्रीरामनगरिया पहुंचे और सत्यागिरि महाराज का आशीर्वाद लिया।

गुरुवार को मकर संक्रांति के पर्व पर कई लोग मेला श्रीरामनगरिया पहुंचे और गंगा में स्नान कर पूजा अर्चना की तथा संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी क्रम में सांसद मुकेश राजपूत अपनी पत्नी के साथ मेला श्रीरामनगरिया पहुंचे। जहां उन्होंने जूना अखाड़ा पंचदशनाम के अध्यक्षए सत्यगिरी महाराज, मोहन दास तथा बच्चा बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मेला एडीएम/मेला सचिव दिनेश सिंह, मेला सीओ अमर पाल सिंह, मेला थाना प्रभारी भोलेंद्र चतर्वेदी आदि मौजूद रहे।



कंबल वितरण करते विधायक व अमन अवस्थी आदि

## प्रधान पति अमन अवस्थी ने किया कंबल वितरण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम गुसरापुर में प्रधान पति अमन अवस्थी के द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम एवं अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य मौजूद रहे। कंबल पाकर गरीब खासे प्रसन्न दिखायी दिये। प्रधान पति अमन अवस्थी ने कहा कि गरीबों की सेवा आगे भी जारी रहेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भाजपा कमल भारद्वाज, कार्यक्रम संयोजक अमन अवस्थी, प्रधान संजय पाल, रूपेश गंगवार, मनोज राजपूत, अमन शुक्ला, पवन अवस्थी, अशोक राजपूत, रविकेत मिश्रा, ग्राम सभा के सभी ग्रामवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# एसपी के आदेश पर मारपीट व गाली-गलौज करने का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

बेवजह गाली-गलौज कर रहे लोगों को रोकने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

पीड़ित शिव सिंह पुत्र वेदराम निवासी ग्राम फत्तेपुर रावसाहब थाना कमालगंज का रहने वाला है। घटना दिनांक 02.01.2026 को समय लगभग 8 बजे शाम पीड़ित दुकान से सब्जी लेकर घर वापस आ रहा था। जैसे ही वह अवधेश कुमार के घर के सामने आया वैसे ही उसके ऊपर अवधेश कुमार के कुत्ते काटने के लिए दौड़ पड़े। पीड़ित ने कुत्तों को ललकारा, तभी अवधेश कुमार पुत्र रामनाथ गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित ने अवधेश कुमार को गालियाँ देने से मना किया, तभी अवधेश कुमार ने अपने लड़के नीलू, सन्दीप, आलोक व रजनेश पुत्रगण अवधेश कुमार व लक्ष्मी पुत्री अवधेश, देवकी पुत्री गजराज समस्त निवासीगण ग्राम फत्तेपुर राव साहब थाना कमालगंज सभी लोग अपने-अपने हाथों में लाठी-डण्डा व सरिया व हॉकी लेकर आ गये और पीड़ित को लाठी-डण्डा व सरिया व हॉकी से सभी लोग मारने पीटने लगे। पीड़ित लहूलुहान हो गया। चीख पुकार की आवाज सुनकर मेरा भाई आशीष कुमार व आशीष कुमार की पत्नी कोमल व मेरी माता शारदा देवी मुझे बचाने आयी, तो उक्त सभी लोगों ने मेरे भाई व कोमल व शारदा को लाठी-डण्डा व सरिया व हॉकी से बुरी तरह से मारापीटा। जिससे सभी लोग लहूलुहान हो गये और वहीं पर मैं व मेरा भाई आशीष कुमार व शारदा देवी बेहोश होकर गिर गये, तभी किसी ने 112 नम्बर पर फोन कर दिया, तभी 112 नम्बर पुलिस घटनास्थल पर आयी और मुझे व मेरे भाई व माता शारदा देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कमालगंज ले गयी। हम लोगों की हालत ज्यादा खराब होने के कारण तुरन्त ही डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रिफर कर दिया, तभी से हमारा व हमारे भाई का इलाज लोहिया अस्पताल में चल रहा है। तब मैंने दिनांक 09.01.2026 को थानाध्यक्ष थाना कमालगंज को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई और न ही मेरी व मेरे भाई व मेरी माँ व मेरे छोटे भाई की पत्नी का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया है। तब पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया।

# कताई मिल की बिक्री की सूचना पर श्रमिकों ने बैठककर जताया विरोध

**बोले, पहले उनका बकाया पीएफ, वेतन, ग्रेच्युटी, बोनस का किया जाये भुगतान**

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

वर्ष 2000 से बंद पड़ी उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल कंपिल में बीते कुछ दिनों से कराए जा रहे सफाई कार्य ने श्रमिकों के बीच हलचल तेज कर दी है। श्रमिकों का कहना है कि इससे यह संकेत मिल रहा है कि कताई मिल परिसर को किसी निजी कंपनी को सौंपकर वहां नया कार्य शुरू कराने की तैयारी की जा रही है। इसी बीच उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल संयुक्त संघर्ष मोर्चा के महामंत्री मानसिंह ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि कताई मिल परिसर की इमारत को करीब 7 करोड़ रुपये में मनोहर माणिक एलॉयज प्राइवेट लिमिटेड (मुंबई) को बेच दिया गया है। यह कंपनी लौह स्क्रैप, लौह एवं अलौह धातुओं का व्यापार करती है। आरोप है कि कंपनी मिल परिसर की इमारत का ध्वस्तीकरण कर मशीनों समेत सारा सामान अपने साथ ले जाने की तैयारी में है। इस मुद्दे को लेकर गुरुवार को मिल के श्रमिकों ने कताई मिल परिसर में बैठक कर कड़ा विरोध दर्ज कराया। बैठक में श्रमिकों ने 15 सूत्रीय मांगपत्र रखते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी नए प्रोजेक्ट, बिक्री या ध्वस्तीकरण से पहले वर्षों से लंबित पीएफ, वेतन, ग्रेच्युटी, बोनस व अन्य देयों का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। श्रमिकों का कहना है कि जब तक पूरा बकाया नहीं चुकाया जाता, तब तक परिसर में किसी भी प्रकार का नया कार्य स्वीकार नहीं किया जाएगा।

श्रमिकों ने बताया कि 17 जुलाई 2023 को फंड कमिश्नर द्वारा पीएफ जमा कराने के आदेश के बावजूद अब तक राशि जमा नहीं की गई है। इसके अलावा बिना अनुमति लगाए गए लेऑफ (बैठकी) का वेतन और बोनस भी लंबित है। मांगपत्र में सभी देयों पर 9.5 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान, बीआरएस आदेश के बाद भी बंद मिलों के श्रमिकों को भुगतान न होना, वित्तीय संकट के दौरान की गई वेतन कटौती की वापसी, मृत श्रमिकों की विधवाओं को पेंशन लाभ तथा बंद मिलों की भूमि पर रोजगार व आवास सुविधा उपलब्ध कराने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है। श्रमिक संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र मांगों का समाधान नहीं किया गया और बिना बकाया भुगतान के मिल परिसर का ध्वस्तीकरण या सामग्री हटाने का प्रयास किया गया, तो वे धरना प्रदर्शन व आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बैठक में बड़ी संख्या में श्रमिक मौजूद रहे और सभी ने एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया।



बैठक कर विरोध जताते श्रमिक

## कोहरे व गलन ने लोगों की बढ़ाई दुश्वारियां



आसमान में छायी कोहरे की चादर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सुबह कोहरे व गलन ने लोगों की दुश्वारियां बढ़ा दीं। कोहरा बुधवार रात से ही पड़ना शुरु हो गया था और गुरुवार को भी जारी रहा। जिसके चलते सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम दिखी। न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते तीन चार दिनों से मौसम खुल रहा था और धूप निकलने पर लोगों ने राहत की सांस ली थी, लेकिन गुरुवार को अचानक मौसम खराब हो गया और सुबह जब लोग सोकर उठे, तो आसमान में कोहरे की चादर छायी हुई थी। दोपहर करीब 12 बजे के बाद धूप तेज निकली। तब कुछ लोगों ने राहत महसूस की। एक बार लोगों को कहते सुना गया कि सर्दी फिर वापस आ गयी। वहीं सुबह गलन के चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों ने आग जलाकर सर्दी को दूर भगाने का प्रयास किया। अनुमान लगाया जा रहा है कि सर्दी जनवरी भर परेशानी करेगी। हालांकि धूप निकलने पर लोग कुछ राहत अवश्य महसूस कर रहे हैं, लेकिन सुबह शाम की गलन लोगों को ज्यादा परेशान कर रही है।

## नगर में धूमधाम से मना मकर संक्रांति का पर्व

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर में मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जगह-जगह खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने दान पुण्य कर पर्व की परंपरा निभाई। मंदिरों में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने माथा टेंका और सर्व मंगल की कामना की। गजक की दुकानों पर खासी भीड़भाड़ रही। लोगों ने तिल व खिचड़ी का कन्याओं को दान किया। मंदिरों में भी पुरोहितों को दान दिया गया। खिचड़ी भोज का कार्यक्रम पूरे दिन चलता रहा। नगर के मुख्य बाजार मार्ग पर कई स्थानों पर खिचड़ी भोज आयोजित किए गए। विशेष रूप से मुख्य बाजार मार्ग स्थित शिव मंदिर पर भी खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। जिसे बड़ी संख्या में लोगों ने ग्रहण किया। इन आयोजनों में अशोक गुप्ता, नरेश चंद्र मिश्रा, विमल गुप्ता, रूम सिंह शाक्य, देवकी राजपूत और धर्मेंद्र राठौर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बेटियों के आगे बढ़ने से ही समाज बढ़ता है आगे: मिथलेश अग्रवाल

- रामनगरिया वैदिक क्षेत्र में महिला सम्मेलन का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला श्रीराम नगरिया के वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. मिथलेश अग्रवाल रही। डॉ0 मिथलेश अग्रवाल ने कहा कि बेटियों के आगे बढ़ने से ही समाज आगे बढ़ता है। एक समृद्ध राष्ट्र के सृजन और विकास इन्ही के आंचल में पालित पोषित होता है। आधुनिक युग में शिक्षा का स्तर तो बढ़ रहा है पर संस्कार पीछे छूट रहे हैं, इस पर चिंतन की आवश्यकता है। माता पिता को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। बच्चों को अच्छे संस्कार देने के लिए सोशल मीडिया और मोबाइल के बढ़ते वैचारिक प्रदूषण से बचाकर रखें। शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी नहीं परिवार संभालना भी एक बहुत बड़ा योगदान है, इसलिए बेटियां इसे हीन कार्य न समझे। आज टूटते परिवारों को बचाना भी बेटियों का दायित्व है।


सम्बोधित करती मिथलेश अग्रवाल

उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती का नारी जाति पर महान उपकार है जो मध्यकाल के अंधकार और सामाजिक कुरीतियों से निकाल कर इसको को सम्मान और बराबरी का अधिकार दिलाया। भारत की बेटी परिवार से लेकर देश के राजनैतिक नेतृत्व को सम्भाल कर अपना लोहा मनवा रही है। यदि हमें अपने राष्ट्र को महान बनाना है तो बेटा बेटी में भेद किये बिना इनको समान अवसर देने चाहिए। धामपुर से आई डॉ0 अर्चना आर्या ने कहा कि आज का यह महिला सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि उस वैदिक चेतना का पुनः स्मरण है।

जहाँ नारी को शक्ति, प्रज्ञा और नेतृत्व का प्रतीक माना गया है। उदिता आर्या ने अपने गीत नारी तू जग की महतारी द्वारा मातृशक्ति को प्रेरित किया। गीता भारद्वाज ने अपने काव्यपाठ के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किया। संचालक आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने सभी अतिथियों को सम्मानित कर उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम मुन्ना यादव, हरिओम शास्त्री, नीता कुशवाहा, सरोज आर्या, निशि परिहार, उपासना आर्या, रेनू आर्या, स्नेहा आर्या आदि उपस्थित रहे।

# सपाईयों ने सांसद डिंपल यादव का केक काटकर मनाया जन्मदिन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी व मैनपुरी सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन संगठन ने केक काटकर धूमधाम से मनाया। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी के नेतृत्व में जिला संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा केक काटकर सांसद डिंपल यादव का जन्मनि मनाया गया। उत्साह के साथ कार्यकर्ताओं ने डिंपल यादव को राजनीति में शालीनता का प्रतीक बताया। जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने एक दूसरे को केक खिलाकर डिंपल यादव के जन्मदिन पर बधाई दी व उनकी लम्बी आयु की कामना की। इस मौके पर विनीत परमार, बीके गंगवार, शिवम पटेल, विवेक भारद्वाज आदि मौजूद रहे। वहीं जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में उनके आवास लोहिया फार्म हाउस में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिन की खुशियां मनाई। कार्यकर्ताओं ने सांसद के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस मौके पर रामपाल सिंह यादव, रुकमंगल सिंह यादव, सुधीर सिंह यादव, सुनील यादव, गिरधर शर्मा, शिव शंकर शर्मा, चंदन शर्मा, धीर सिंह एवं आकाश यादव आदि उपस्थित रहे। इस संदर्भ में स0 प्रवक्ता प्रभारी राधेश्याम सविता ने जानकारी दी।


सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन मनाते सपाई

# मकर संक्रांति पर जगह-जगह वितरित की गई खिचड़ी


खिचड़ी वितरित करते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मकर संक्रांति भारतीय संस्कृति का एक अत्यंत पावन पर्व है, इस दिन गंगा स्नान, दान-पुण्य एवं सेवा कार्यो का विशेष महत्व होता है। लोग दान पुण्य के साथ घरों में खिचड़ी मनाते है। जगह-जगह खिचड़ी भोज का आयोजन होता है। मकर संक्रांति पर किया गया खिचड़ी दान एक महान दान के समान है। सनातन धर्म में इस दिन सभी लोग पूजा पाठ कर मंदिरों में भगवान के दर्शन करते है और कन्याओं आदि को खिचड़ी दान करते है। बुजुर्गों एवं महिलाओं से आशीर्वाद लेते है। इस दिन महत्व अपने आप में एक पुण्य माना गया है। शहर में जगह-जगह खिचड़ी भोज आयोजित हुए। लोगों ने अपने प्रतिष्ठान व घरों के बाहर खिचड़ी बांटी।

लालगेट, बढ़पुर, आवास विकास, भोलेपुर, फतेहगढ़, सेन्ट्रल जेल चौराहा, आईटीआई चौराहा, लिंजीगंज, नेहरु रोड, चौक, पण्डाबाग, गुरुगांव देवी मंदिर, रेलवे स्टेशन, तिकोना, पांचाल घाट, कादरीगेट के अलावा मेला श्रीराम नगरिया में खिचड़ी वितरित की गई।

# एक साल से बंद स्ट्रीट लाइट को भाजपा नेता ने कराया चालू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा नेता की पहल से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को चालू कराया गया। एक साल पहले से लाइट बंद पड़ी है। स्ट्रीट लाइट चालू कराने के लिए स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायत की। नगर पालिका की लापरवाही के चलते क्षेत्र में अंधेरा था। फतेहगढ़ भाजपा मण्डल के मीडिया प्रभारी राहुल राठौर के प्रयास से यह लाइट शुरु की गई।

राहुल राठौर ने नगर पालिका को अवगत कराया और स्ट्रीट लाइट चालू करवाने के लिए फोन किया। मौके पर प्रकाश अधीक्षक के आदेश पर बिजली टीम द्वारा नगर पालिका के कर्मचारियों ने स्ट्रीट लाइट ठीक की। तिर्वा कालोनी में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट से क्षेत्र में अंधेरा था। राहुल राठौर द्वारा स्ट्रीट लाइट चालू कराये जाने पर स्थानीय लोगों ने उनका धन्यवाद दिया।


जगमगाती स्ट्रीट लाइट

# कटे बिजली कनेक्शनों को बकाएदारों ने जुड़वाया, जेई ने दी तहरीर

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।**

सलेमपुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़े एक मामले का वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें दिखायी दे रहा है कि एक युवक बिजली के पोल पर चढ़कर लाइन जोड़ रहा है। विद्युत विभाग द्वारा पिछले दिनों दो गांवों में बकाया बिल जमा न करने पर दो दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं कनेक्शन काट दिया था।

अवर अभियंता उमाकांत त्यागी ने बताया कि ललित यादव पुत्र रामपाल निवासी सवासी का विद्युत विभाग से कोई लेनादेना नहीं है। उसके बावजूद अवैध तरीके से विभाग द्वारा काटे गये विद्युत कनेक्शनों को जोड़कर सप्लाई चालू करा दी है। अवर अभियंता ने विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के बाद थाने पर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। विकास खंड राजेपुर क्षेत्र के सलेमपुर विद्युत उपकेंद्र के कर्मचारी अवर अभियंता उमाकांत त्यागी के साथ टीम ने 23 दिसंबर को सरी सबासी गांव में बकाया बिजली बिल वसूली का अभियान चलाया था। जिसमें दो दर्जन से अधिक बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काट दिये गये थे। बकाया राशि एक मुश्त या रजिस्ट्रेशन राशि जमा करने के बाद ही कनेक्शन जोड़कर सप्लाई बहाल की जाएगी, लेकिन उसके दूसरे ही दिन बाद एक युवक गांव पहुंचा और बिना शटडाउन लिये कनेक्शन जोड़ दिये। इस संबंध में अवर अभियंता ने थाना कमालगंज में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की। वहीं थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जायेगी।


बिजली का तार जोड़ने के दौरान खड़ा युवक

## सेवा धर्म समिति द्वारा ईंट भट्टे पर कम्बल व गर्म कपड़े किये गये वितरित


कम्बल वितरित करते तहसीलदार व समिति के लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। गुरुवार को सेवा धर्म समिति के द्वारा मकर संक्रांति पर करकड़ाती ठंड में ईंट भट्टे हाथीपुर पर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने पहुंचकर काम कर रहे मजदूरों एवं बच्चों को खिचड़ी, गजक, बिस्किट, अमरूद के साथ कंबल एवं गर्म कपड़े वितरित किये। मुख्य अतिथि सदर तहसीलदार सनी कनौजिया, लेखपाल विकास दीक्षित ने पहुंचकर कम्बल व गर्म कपड़े बांटे। सेवा धर्म समिति के सचिव अविनाश सारस्वत ने इस तरह के कार्यक्रमों से जरुरतमंदों को मदद मिलती है और लोगों को मनोबल बढ़ता है। सभी लोग इसी तरह कार्य करें और असहाय, पीड़ितों का सहारा बनकर मिशाल पैदा करें। इस मौके पर शैलजा सारस्वत, डॉ. अपूर्व श्रीवास्तव, रितिक पाल, पंकज सारस्वत, श्रुति सारस्वत, निखिल आदि मौजूद रहे।

# पंच कुंडीय यज्ञ में पांच हजार से अधिक श्रद्धालु होंगे शामिल

- भक्त प्रहलाद व हिरण्यकश्यप की कथा सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध
- पंच कुंडीय यज्ञ के लिए पूरा क्षेत्र किया जा रहा है तैयार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कथा का श्रवण कराते सतेन्द्र द्विवेदी व मौजूद भक्तगण


पंचकुंडी यज्ञ की तैयारी करते कर्मचारी

पांचाल घाट पर लगे मेला श्रीराम नरिया में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मेला में दांडी मंडल संत समिति अध्यक्ष और अग्नि अखाड़ा प्रमुख श्री श्री 108 बच्चा स्वामी महाराज के सान्निध्य में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रोताओं ने कथा का रसपान किया।अखाड़ा प्रमुख बच्चा स्वामी महाराज के साथ कथावाचक सत्येंद्र द्विवेदी ने भक्त प्रदलाद व हिरण्यकश्यप का प्रसंग सुनाया।

उन्होंने बताया कि भक्त प्रहलाद की भक्ति की महिमा इस धरा पर सदैव गूंजती रहेगी। इसी बीच अग्नि अखाड़े में शतचंडी महायज्ञ की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। पंच कुंडी यज्ञ के लिए पूरा क्षेत्र तैयार किया जा रहा है। आधा दर्जन से अधिक कर्मचारी लगातार इस कार्य में जुटे हुए हैं, और कई साधु-संत स्वयं व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं। यह महायज्ञ एक सप्ताह के बाद शुरू होगा। इसमें 5000 से अधिक श्रद्धाओं के शामिल होने का अनुमान है।

## बांटे गये कम्बल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इलेक्ट्रिक मर्चेंट ऐंड वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा कंबल वितरण का आयोजन किया गया। गुरुवार को एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जरुरतमंदों को कम्बल दिये। इस दौरान व्यापार मंडल के नगर महामंत्री राकेश सक्सेना, अंगूरीबाग अध्यक्ष महेन्द्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में अधेड़ की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम नियामतपुर ठकुरान निवासी 50 वर्षीय शत्रुगन पुत्र जगदीश सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक खेती–किसानी कर अपने परिवार का पालन–पोषण करते थे। जानकारी के अनुसार, शत्रुगन घर के लिए निर्माण सामग्री लेने बाइक से दालमंडी बाजार गए थे। लौटते समय पीछे से आ रही बाइक सवार विशाल शर्मा पुत्र मुकेश शर्मा निवासी करनपुरदत्त थाना अमृतपुर ने टक्कर मार दी। जिससे शत्रुगन व विशाल शर्मा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए लोहिया अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सक अभिषेक चतुर्वेदी ने शत्रुगन को मृत घोषित कर दिया, जबकि विशाल शर्मा का उपचार जारी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच की जा रही है।

# 810 कल्पवासियों ने परीक्षण कराकर ली औषधि

- मेला श्रीराम नगरिया में एलोपैथिक व होम्योपैथिक के लगे है शिविर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट पर आयोजित श्री रामनगरिया मेले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए निःशुल्क चिकित्सा शिविर ने श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को बड़ी राहत मिल रही है। मेले में आने वाले बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को देखते हुए एलोपैथिक व होम्योपैथिक दोनों चिकित्सा पद्धतियों से इलाज की समुचित व्यवस्था की गई। शिविर में बुखार, खांसी, जुकाम, बदन दर्द, जोड़ों के दर्द, पेट, बी0पी0, शुगर संबंधी रोग एवं अन्य सामान्य बीमारियों का परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं वितरित की जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को आवश्यक जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई जायेगी। स्वास्थ्य शिविर का संचालन एसीएमओ सर्वेश यादव के निर्देशन में चल रहा है। स्वास्थ्य कैप में कल्पवासियों को चिकित्सक डॉ. एकांश चतुर्वेदी, डॉ. शिशिर यादव, निर्दोष यादव, राजेश कुमार, सोनू वार्डबॉय, लैब टेक्नीशिनय इंद्रेश कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं एलोपैथिक पद्धति से 460 मरीजों तथा होम्योपैथिक से 350 मरीजों को निःशुल्क दवाएं दी गई।


स्वास्थ्य शिविर में औषधि लेते कल्पवासी

# क्रांतिकारी सैफुद्दीन किचलू का मनाया गया जन्मदिन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने डॉ. मेहंदी हसन के क्लीनिक थाना मऊदरवाजा के पास स्वतंत्रता सेनानी डॉ. सैफुद्दीन किचलू का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया। अध्यक्षता डॉ. मेंहदी हसन ने की। मोर्चा के सभी पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर याद किया। स्वतंत्रता सेनानी डॉ. सैफुद्दीन किचलू का जन्म 1888 में अमृतसर में हुआ। अंग्रेजों ने 1919 में रौलेट एक्ट पारित किया, तो किचलू विरोध प्रदर्शन का चेहरा बन गये। डॉ. सैफुद्दीन ने अपने साथी डॉ. सत्यप्रकाश के साथ मिलकर हड़ताल का आवाह्न किया। कारोबार बंद करने तथा औपचारिक शासकों के खिलाफ उनके विरोध के आवाह्न ने पंजाब के लोगों में जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया। 10 अप्रैल को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। जलियाबाला बाग में 13 अप्रैल 1919 को एक सभा हुई। सभा का उद्देश्य गिरफ्तारी का विरोध था। डा0 किचलू विरोध करते सबसे आगे दिखे। उनके प्रेरणा से देश के युवा पीढ़ी आगे बढ़-चढ़कर भाग ले। इस मौके पर उत्तम कुमार मिश्रा, नरेन्द्र कुमार शर्मा, बलवीर सिंह, राजेश मिश्रा, महिपाल सिंह चौहान, संजीव गुप्ता, रामनारायन मिश्रा, कुलभूषण, मुन्ना सिंह, भैरोनाथ त्रिवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# लीगल एड क्लीनिक का जिला जज ने किया औचक निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मेला श्री रामनगरिया पांचाल घाट में संचालित लीगल एड क्लीनिक का जिला जज नीरज कुमार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला जज/सचिव संजय कुमार निरीक्षण ने किया। न्यायाधीश ने उपस्थित अधिकार मित्रों को दिशा निर्देश दिए। सचिव ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विभिन्न कार्यो का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। आम जनता को इन सेवाओं के बारे में जागरूक बनाया जाए।

स्थाई लोक अदालत के बारे में बताया कि स्थायी लोक अदालत विवादों के सरल समाधान का प्रभावी मंच उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में स्थायी लोक अदालत स्थापित की गई है, जिसमें जनउपयोगी सेवाओं में संबंधित मामलों की प्री-लिटिगेशन स्तर (मुकदमा दायर करने से पूर्व) पर विवादों का समाधान सुलह समझौते के माध्यम से कराया जाता है। निरीक्षण के दौरान जिला न्यायालय के कर्मचारी शिवम् चौधरी, विकास गौतम तथा अधिकार मित्र सहित आदि लोग मौजूद रहे।


निरीक्षण के दौरान जिला जज

# सिपाही ने पत्नी-बेटी पर कुल्हाड़ी से किया हमला, मासूम की मौत

- आरोपी सिपाही का मोबाइल मिला यमुना किनारे

**फर्रुखाबाद/बांदा, समृद्धि न्यूज।**

बांदा के मरका कस्बे में एक सिपाही ने घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी व तीन साल की बेटी कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। आरोपी के वार से बेटी की मौत हो गयी, जबकि पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी सिपाही मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं घायल महिला को अस्पताल भिजवाया गया। जहां हालत बिगड़ने पर रेफर कर दिया गया। पुलिस को जांच के दौरान आरोपी का मोबाइल यमुना नदी किनारे मिला है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार जनपद फर्रुखाबाद के थाना मऊदरवाजा के ग्राम कुंइयाबूथ निवासी सिपाही गौरव कुमार वर्तमान में बांदा के मरका थाने की डायल 112 वाहन में चालक के पद पर तैनात है। वह थाने से एक किमी दूर कस्बे के एक किराये के मकान में 32 वर्षीय पत्नी शिवानी व तीन वर्षीय बच्ची परी के साथ रहता है।

बुधवार दोपहर वह अपनी पत्नी व बच्ची को लेकर कस्बे में आयोजित मकर संक्रांति मेला दिखाने ले गया था। वहां से लौटने के बाद रात में किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके करीब नौ बजे सिपाही ने कुल्हाड़ी से पत्नी व बेटी पर हमला कर दिया। आरोपी ने वार कर पत्नी व बच्ची को लहूलुहान कर दिया। चीख पुकार सुनकर पड़ोसी दौड़कर मौके पर पहुंचे। इसके बाद घायलों को सीएचसी ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई, जबकि महिला को गंभीर अवस्था में कानपुर रेफर किया गया है। घटना के संबंध में सीओ बबेरू सौरभ सिंह ने बताया कि पड़ोसियों से पूछताछ में सामने आया है कि दोनों के बीच घरेलू बातों को लेकर रोजाना विवाद होता था। आपसी बातों के झगड़े में सिपाही ने हमला किया है।

पुलिस ने बच्ची के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी सिपाही का मोबाइल फोन यमुना नदी किनारे मिला है। नदी में उसकी खोजबीन कराई जा रही है, जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।


जांच पड़ताल करती पुलिस

# अवैध खनन करते एक जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्राली जब्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में अवैध खनन/परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये चेकिंग अभियान के तहत मेरापुर क्षेत्र में बिना अनुमति के खनन कर रही एक ट्रैक्टर ट्राली व एक जेसीबी को खनन अधिकारी ने पकड़ लिया और थाने की अभिरक्षा में दे दिया।

गुरुवार को थाना मेरापुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगला सबल में अवैध खनन/परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये चेकिंग अभियान के तहत खनन अधिकारी द्वारा औचक छापेमारी की गई। मौके पर बिना अनुमति के एक ट्रैक्टर ट्राली एवं एक जेसीबी को पकड़कर थाना मेरापुर की अभिरक्षा में दिया गया है। कार्यवाही से विभाग को लगभग 250000 जुर्माने के रूपये में प्राप्त होगा। ज्ञात हो बीते दिन भी जिलाधिकारी के आदेश पर कम्पिल क्षेत्र में भी अवैध खनन पकड़ा गया था, लेकिन खनन अधिकारी को जिले में हो रहे खनन की जानकारी नहीं है।

जबकि सूत्रों की माने तो खनन अधिकारी की सह पर ही अवैध खनन हो रहा है।


पकड़ी गई जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली

## खबरें एक नजर में

### बीडीओ ने गौशाला का किया औचक निरीक्षण मिलीं अनियमितताएं, कारण बताओ नोटिस जारी

**मितौली-खीरी, समृद्धि न्यूज।** नवागत खंड विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत बबौना स्थित अस्थायी गो-आश्रय स्थल का निरीक्षण किए जाने पर कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। निरीक्षण के बाद ग्राम पंचायत अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खंड विकास अधिकारी द्वारा 14 जनवरी 2026 को गोशाला का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोशाला में अभिलेखों का रख-रखाव सही तरीके से नहीं पाया गया तथा पंजिकाएं अद्यतन नहीं थीं। इसके अलावा गोशाला में संरक्षित गोवंश के चारे हेतु आवश्यक साइलेज उपलब्ध नहीं पाया गया। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि गोशाला में एकत्रित खाद की बिक्री से संबंधित कोई प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं था। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत टेंडरदाता द्वारा भूसा एवं साइलेज की खरीद भी नहीं की जा रही थी, जो शासन के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन माना जा रहा है। इन सभी बिंदुओं को गंभीर मानते हुए खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत अधिकारी को नोटिस जारी कर दो दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, तो संबंधित अधिकारी को स्वयं उत्तरदायी माना जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### गोला क्षेत्र से दो अलग-अलग मामलों में युवतियां लापता, एफआईआर दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ (खीरी) समृद्धि न्यूज।** कोतवाली गोला क्षेत्र में अलग-अलग तिथियों पर दो युवतियों के रहस्यमय ढंग से लापता होने के मामले सामने आए हैं। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवतियों के अचानक लापता हो जाने से परिजनों में गहरी चिंता और बेचैनी का माहौल है। पहली घटना में एक युवती 12 जनवरी 2026 को सुबह करीब 9 बजे घर से अपने मायके जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन वह अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सकी। परिजनों के अनुसार युवती रास्ते में ही कहीं लापता हो गई। बताया गया कि युवती अपने साथ एक जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी सोने के टॉप्स, चांदी के बिछुए तथा मोबाइल फोन लेकर गई थी। काफी समय बीत जाने के बाद जब युवती का कोई पता नहीं चला और मोबाइल बंद मिलने लगा, तो परिजन परेशान हो उठे। दूसरे मामले में एक अन्य युवती 13 जनवरी 2026 को दोपहर लगभग 2 बजे बाजार से घरेलू सामान लेने के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों का कहना है कि युवती के पास चांदी की पायल, कान के कुंडल, सोने की चेन और मोबाइल फोन था। परिजनों ने पहले अपने स्तर से रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बाद में मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, पर फोन बंद मिला। दोनों ही मामलों में परिजनों द्वारा हर संभव स्थान पर तलाश की गई, लेकिन जब कोई ठोस जानकारी हाथ नहीं लगी तो कोतवाली गोला में तहरीर दी गई। पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एफआईआर दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी।

### सजावट की दुकान में चोरी, दूल्हे के रुपयों के माले ले उड़े चोर

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** कस्बे में लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर नरेंद्र सिंह पेट्रोल पंप के सामने स्थित एक सजावट की दुकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए ताला तोड़ दिया। चोर दुकान से शादी-ब्याह में दूल्हे को पहनाए जाने वाले रुपयों के माले चोरी कर ले गए। घटना से क्षेत्र के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। बताया गया कि घटना रात के समय की है। एक ओर पुलिस गश्त किए जाने का दावा करती रही, वहीं दूसरी ओर चोर बेखौफ होकर चोरी की वारदात को अंजाम देते रहे। सुबह दुकान खुलने पर ताला टूटा देख दुकानदार को चोरी की जानकारी हुई, जिसके बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पीआरवी (पुलिस रिस्पांस वाहन) मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। दुकान मालिक हारून ने चोरी के संबंध में थाना मितौली में लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित दुकानदार का कहना है कि शादी-विवाह का सीजन होने के कारण दुकान में रखे रुपयों के माले ही उसकी आजीविका का मुख्य साधन थे, जिनकी चोरी से उसे आर्थिक नुकसान हुआ है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरों का पता लगाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### बैंक से निकाले पैसे तो गिनने के नाम से दलाल पैसे लेकर फरार

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** महिला जैसे ही अपने खाते से बैंक में पैसे निकालने आई तो वहीं पर मौजूद दलाल द्वारा पैसा गिनने के नाम से पूरे पैसे लेकर फरार हो गया है जिसके चलते महिला ने थाने में तहरीर देकर शिकायत की जिसके तहत पुलिस ने जब दबाव बनाया तो दलाल द्वारा आधे पैसे वापस किए गए और शेष पैसे न दिए जाने को लेकर विवाद करने लगा है। मामला गिरवा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत तेरा गांव का है जहां के रहने वाली मनीषा पत्नी कैलाश यादव बुधवार को थाने में शिकायती पत्र देकर बताया कि 14 तारीख को मैं उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा बड़ोखर बुजुर्ग पैसा निकालने गई थी जिसमें मेरे द्वारा 49000 निकाले गए क्योंकि यह पैसे श्रम विभाग में चल रहे एक योजना के अंतर्गत एक दलाल अशोक यादव निवासी बड़ोखर बुजुर्ग द्वारा इस योजना का लाभ दिलवाया गया था योजना की धनराशि बैंक में आने के बाद जैसे बैंक के बैंक से पैसे निकाले गए वैसे ही मौजूद दलाल पैसा गिनने के नाम से तुरंत पैसा लेकर फरार हो गया जिसको लेकर पीड़िता मनीषा रोती हुई घर पहुंची जहां पर पति द्वारा तुरंत गिरवा थाने में पहुंचकर एक शिकायती पत्र दिया गया और बताया गया कि साहब यह पैसा लेकर फरार हो गया है लेकिन पुलिस घर पहुंची तो दलाल मौजूद नहीं था लेकिन किसी तरह 30000 वापस किए लेकिन शेष धनराशि देने से मना कर दिया है।

### सिपाही ने बेटी की हत्या के बाद पत्नी पर किया हमला

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** धारदार हथियार से सिपाही ने अपनी 3 साल मासूम बेटी की हत्या कर दी। वहीं पत्नी को मरणासन्न कर दिया। दोनों को उपचार के लिए मेडिकल कालेज ले जाएगे। जहां परीक्षण के बाद डाक्टरो ने बालिका को मृत घोषित कर दिया। वहीं पत्नी को कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार फर्रुखाबाद निवासी सिपाही गौरव जनपद के मरका थाने में पीआरवी वाहन में पीएसी का आरक्षी चालक था। बुधवार की देर रात घरेलू किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया। इस दौरान सिपाही ने पत्नी शिवानी उम्र लगभग 27 वर्ष तथा 3 साल की बेटी परी के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। हमला करने के बाद सिपाही मौके से फरार हो गया। वहीं उसका मोबाइल मरका स्थित यमुना नदी किनारे पड़ा मिला। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। घटना के बाद सिपाही ने अपने भाई को फोन करके यह बताया कि उसकी पत्नी तथा बेटी की वह जान बचा ले। सूचना मिलने पर भाई ने तत्काल स्थानीय पुलिस को अवगत कराया। तत्काल दोनों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने बेटी परी को मृत घोषित कर दिया। वही पत्नी की हालत नाजुक होने के कारण उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया है। इधर सिपाही की खोज में एसपी पलाश बंसल ने एसओ बबेरू सौरभ सिंह के पर्यवेक्षण में कई टीमे लगाई है। आशंका जताई जा रही है कि घटना के बाद सिपाही नदी में कूद गया है। जिसकी खोजबीन जारी है।

### चोरों ने दो घरों का बनाया निशाना

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** गिरवा क्षेत्र में एक साथ चोरों ने दो स्थानों में हाथ साफ किया।पीड़ित लोगो ने थाने पर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई। गिरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रेम पुर गांव निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र बाबू लाल के खेत में लगा सोलर पंप निकाल ले गए।इसी प्रकार से गांव के रहने वाले पवन कुमार पुत्र रामशरण के घर में चोरों ने धावा बोल दिया।घर स्वामी के गैर मौजूदगी में घर का ताला तोड़कर रखा रखे बर्तन सिलाई मशीन सहित तमाम समान ले गए।पीड़ित लोगो ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध थाने में अभियोग पंजीकृत करवाया।

## मृत व्यक्ति बनकर फर्जी बैनामा कराने का सनसनीखेज मामला

# न्यायालय के आदेश पर गोला कोतवाली में चार नामजद आरोपियों पर एफआईआर

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गोला कोतवाली क्षेत्र में जमीन हड़पने के उद्देश्य से मृत व्यक्ति के नाम पर फर्जी बैनामा कराने का गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।



यह मामला शाहजहांपुर जनपद के थाना जलालाबाद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुरेना निवासी रामगुनी (उम्र लगभग 60 वर्ष) पत्नी सोनपाल से जुड़ा है। पीड़िता ने न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि विपक्षी रामसेवक पुत्र नामालूम निवासी ग्राम लाल्हापुर, थाना गोला गोकर्णनाथ, जनपद लखीमपुर खीरी ने सुनियोजित साजिश के तहत स्वयं को स्वर्गीय गयादीन बताकर उनकी पुश्तैनी भूमि का फर्जी बैनामा करा दिया।

प्रार्थिनी के अनुसार, स्वर्गीय गयादीन पुत्र भगवंत, निवासी ग्राम बिहारीपुर मजरा ग्रांट लंदनपुर, तहसील गोला की मृत्यु दिनांक 5 मई 2025 को हो चुकी थी। गयादीन की कोई संतान नहीं थी और रामगुनी उनकी सगी बहन होने के नाते एकमात्र वैधानिक उत्तराधिकारी हैं। इसके बावजूद आरोपी रामसेवक ने मृतक गयादीन का रूप धारण कर दिनांक 27 मई 2025 को तहसील गोला स्थित सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में भूमि का बैनामा निष्पादित कराया। फर्जी बैनामे में गाटा संख्या 2988, रकबा 0.198 हेक्टेयर तथा गाटा संख्या 2993, रकबा 0.384 हेक्टेयर के आधे हिस्से को पुष्पा देवी पत्नी पुतूलाल निवासी ग्राम तूलमेलगंज मजरा ग्रांट लंदनपुर, थाना व परगना हैदराबाद, तहसील गोला के पक्ष में दर्शाया गया। इस बैनामे में पुतूलाल पुत्र सीताराम तथा शिवराम पुत्र ब्रम्हा निवासी ग्राम बहेरा बरगदिया, थाना नीमगांव को साजिशी हाशिया गवाह बनाया गया। पीड़िता रामगुनी का आरोप है कि जब उन्हें इस फर्जीवाड़े की जानकारी हुई तो उन्होंने तत्काल थाना गोला में लिखित तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि इसके बाद सभी विपक्षीगण एकजुट होकर उन्हें गाली-गलौज करने लगे और जान से मारने की धमकी भी दी गई।

पीड़िता ने न्याय पाने के लिए दिनांक 26 अगस्त 2025 को पुलिस अधीक्षक, लखीमपुर खीरी को भी प्रार्थना पत्र दिया, परंतु वहां से भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अंततः विवश होकर उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 173(4) के अंतर्गत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया।

न्यायालय द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए थाना कोतवाली गोला को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए गए। आदेश के अनुपालन में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक राजन कुमार को सौंपी गई है।

## पलिया में कंबल वितरण पर विवाद रात के अंधेरे में परिवहन पर उठे सवाल

**पलिया/लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

पलिया तहसील क्षेत्र में बुधवार देर रात गरीब और जरूरतमंदों के लिए आई सरकारी कंबल वितरण को लेकर विवाद खड़ा हो गया। मामला उस समय सामने आया जब बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप मेनरो ने देखा कि रात के अंधेरे में एक ऑटो में कई कंबलों के गट्ठर ले जाए जा रहे थे।

प्रदीप मेनरो ने ऑटो चालक से कंबलों के स्रोत और गंतव्य के बारे में सवाल पूछे। इस दौरान की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है, जिसमें दिखाई दे रहा है कि बार संघ के अध्यक्ष ने चालक को थप्पड़ भी मारा। वीडियो वायरल होने के बाद मामला और चर्चा में आ गया है। इस पूरे घटनाक्रम पर प्रदीप मेनरो ने कहा कि पूरा प्रकरण संदिग्ध प्रतीत होता है। उनका कहना है कि यदि कंबल वास्तव में जरूरतमंदों में बांटने ही थे, तो रात के समय उन्हें ले जाने की आवश्यकता क्यों थी। उन्होंने यह भी बताया कि चालक से संतोषजनक जवाब न मिलने के कारण उन्हें संदेह हुआ।

वहीं अवनीश सिंह एसडीएम पलिया ने वकील द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कंबल वितरण पूरी तरह नियमों और प्रावधानों के अनुसार किया जा रहा था। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई। एसडीएम ने यह भी कहा कि प्रशासनिक कार्यों में अवरोध डालना और कानून का उल्लंघन करना स्वीकार्य नहीं है।

# सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण पर जोर

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गोला नगर स्थित फूल बाबा आश्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में विराट हिंदू सम्मेलन एवं खिचड़ी भोज का भव्य आयोजन किया गया।

**गोला नगर में विराट हिंदू सम्मेलन व खिचड़ी भोज**




कार्यक्रम में समाज, संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों के लोगों की बड़ी संख्या में सहभागिता देखी गई। सम्मेलन के मुख्य वक्ता राम नरेश, जिला बौद्धिक प्रमुख ने कहा कि हिंदू धर्म केवल पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक समग्र कला है। उन्होंने हिंदू समाज की एकजुटता, विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए आवश्यक बताते हुए कुटुंब प्रबोधन, मातृशक्ति की भूमिका, स्वदेशी, मातृभाषा, पारिवारिक संवाद और धार्मिक-सांस्कृतिक संस्कारों पर विशेष बल दिया। राम नरेश ने नागरिक कर्तव्यों और पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर दिया। उन्होंने अनुशासन, जल संरक्षण, पॉलीथिन के त्याग और प्रदूषण रोकने को प्रत्येक नागरिक का दायित्व बताया। डॉ. हेडगेवार के विचारों का हवाला देते हुए उन्होंने संगठन, अनुशासन और स्वाभिमान को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कथा वाचक पूज्य अंजनी शरण ने कहा कि संघ ने अनेक संघर्षों के बावजूद निरंतर समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण का कार्य किया है। उन्होंने भविष्य के भारत के निर्माण हेतु पंच परिवर्तन को आधार बनाकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के संयोजक आनंद त्रिवेदी एवं सह संयोजक राम सागर वर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## दलगत राजनीति से ऊपर उठकर रायफल क्लब को बचाने के लिए आगे आयें : नसीम

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

शहर के मध्य स्थित ऐतिहासिक राइफल क्लब को लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के निवास पर जनपद के प्रबुद्ध जन, खेल प्रेमी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ आगामी 17 जनवरी 2026 को विशाल धरना प्रदर्शन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई इस अवसर पर पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि राइफल क्लब खेल मैदान यह जनपद की ऐतिहासिक धरोहर है प्रत्येक राजनीतिक प्रबुद्ध जनों का दायित्व बनता है कि इस धरोहर के स्थाई समाधान के लिए दल गत राजनीति से ऊपर उठकर इसको बचाने के लिए आगे आए उन्होंने बैठक में शामिल सभी प्रमुख लोगों को जिम्मेवारी सौंपते हुए कहा की 17 जनवरी को अधिक से अधिक संख्या में राइफल क्लब को बचाने के लिए एकजुट हो साथ ही उन्होंने बताया कि कुछ लोगो द्वारा जनपद वासियों को गुमराह करने का कार्य किया गया है जबकि मेरी शासन प्रशासन के अनेक जिम्मेदार अधिकारियों से वार्तालाप हुई है उन्होंने स्पष्ट किया कि इसकी नीलामी रोके जाने हेतु किसी प्रकार के कोई आदेश निर्गत नहीं किए गए हैं ऐसी दशा में हम सभी का दायित्व बनता है कि इस ऐतिहासिक धरोहर को बचाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन व आमरण अनशन में अपना योगदान दे यदि किसी भी शासन व प्रशासन के पास नीलामी निरस्तीकरण व खेल मैदान को सदैव के लिए आरक्षित करने का आदेश हो तो उसे सार्वजनिक करे हम सभी लोग धरना प्रदर्शन व अनशन निरस्त कर देंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से निम्नलिखित लोग मौजूद रहे।



मीटिंग के अवसर पर बांदा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, बांदा कांग्रेस शहर अध्यक्ष अफसाना शाह, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट, एआईसीसी सदस्य रमेश चन्द्र कोरीफ़, प्रद्युम्न दुबे, पीसीसी मुमताज अली, भगवानदीन गर्ग, पवन देवी कोरी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष/संगठन प्रभारी संकटा प्रसाद त्रिपाठी, मोहम्मद इदरीश, जिला महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, कालीचरण निगम,मो0इदरीश, जितेन्द्र गौरव, कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, धीरेन्द्र पांडेय,कबड्डी खिलाड़ी कमल यादव,पिंटू शुक्ला,आरिफ निजामी, इरफान खान सभासद, बाबूराम निषाद पूर्व सभासद, शब्बीर जुगनू पूर्व सभासद, मजीद भाई, जितेन्द्र गुप्ता,व सम्मानित नगरवासी एवम तमाम खिलाडी व खेल प्रेमी आदि सहित प्रमुख कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## परम पूज्य बागेश्वर धाम सरकार के पावन पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** जनपद की पावन धरा पर परम पूज्य बागेश्वर धाम सरकार के मंगल आगमन के साथ ही समूचे क्षेत्र में भक्ति और अध्यात्म की एक नई लहर दौड़ गई है। श्री बालाजी की असीम कृपा से आयोजित इस भव्य महोत्सव के प्रथम चरण में आज नगर में एक ऐतिहासिक कलश यात्रा निकाली गई, जिसने बांदा के इतिहास में आस्था का एक नया अध्याय लिख दिया है। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी आयोजन समिति और कलश समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्य पूर्ण रूप से सम्मिलित हुए। इस भव्य कार्यक्रम के मुख्य आयोजक प्रवीण सिंह ने ने उत्साहपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि बांदा की धरती पर पूज्य सरकार का आगमन एक दिव्य चेतना का संचार है और इस हनुमंत कथा के माध्यम से जनपद में वास्तव में श्सनातन के प्रवीणश् का उदय हो रहा है। उन्होंने बताया कि रामलीला मैदान से प्रारंभ हुई यह कलश यात्रा बाकरगंज, पद्माकर चौराहा, बलखंडी नाका, महेश्वरी देवी चौराहा और अमर टाकीज चौराहा से होते हुए निकली, जिसमें हजारों माताओं-बहनों ने मंगल कलश धारण कर नगर की सुख-समृद्धि की कामना की। आस्था का यह विशाल जन-सैलाब नगर भ्रमण करते हुए अंततः राइफल क्लब मैदान पहुँचा, जहाँ इस भव्य कलश यात्रा का विधिवत समापन हुआ। यात्रा की पूर्णता के पश्चात राइफल क्लब मैदान में ही श्री बालाजी की कृपा से एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

## खिचड़ी के त्यौहार पर जल दुर्ग रनगढ़ में लगा मेला



**नरैनी/बांदा, समृद्धि न्यूज़।** खिचड़ी के त्यौहार पर जल दुर्ग रनगढ़ में एक मेला का आयोजन हुआ।यहा सजी दुकानो में लोगो ने जमकर खरीदारी की,साथ क्षेत्रीय विधायक ने स्थानीय दुकानदारों से खरीदारी कर दुकानदारों का उत्साह वर्धन किया। क्षेत्रीय विधायक ने मेला कमेटी को संबोधित कर किले में करवाए जा रहे विकास पर अपनी सरकार का आभार जताया और लोगो के सामने उपलब्धियां गिनाई। जनपद के सरहद पर कई वर्षों से मकरसंक्रांति पर्व के दिन रनगढ़ दुर्ग में मेला का आयोजित किया जाता हैं। किले के ऊपर विराजमान भगवान शिव की विशाल प्रतिमा पर लोगो ने खिचड़ी चढ़ाई और पूजन अर्चन किया।शिव प्रतिमा के साथ युवकों ने खूब सेल्फी ली। मेला में क्षेत्रीय गांवो के अलावा सीमावर्ती मध्यप्रदेश जिलों छतरपुर के गोयरा, बारीखेड़ा, दाउताल,हाजीपुर खामिन खेरा, बारबंद सहित तमाम गांव के लोग पहुचे।

## धूमधाम से मनाया गया बसपा सुप्रीमो मायावती का 70 वां जन्मदिवस

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

गुरूवार को कांशीराम पार्क नरैनी रोड बांदा में मंडल स्तरीय जन कल्याणकारी दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें बहन मायावती पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश व राष्ट्रीय अध्यक्ष का 70 वां वर्ष पूरा होने पर दीर्घायु की कामना की गई बहुजन जागरण जत्था कौशांबी की टीम ने समां बांधा मिशन गायक अश्विनी बौद्ध कौशांबी रहे। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की मुख्य अतिथि मां0 बल्देव प्रसाद वर्मा मंडल प्रभारी चित्रकूट धाम बांदा आये हुए लगभग 10 हजार से अधिक कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में बहन कुमारी मायावती को मुख्यमंत्री बनाने का काम करना है ,सभी कार्यकर्ता आने वाले चुनावों में भी बसपा पार्टी के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे । इस मौके पर अध्यक्षता रजा मोहम्मद मौदहा मंडल प्रभारी ,मानसिंह कुशवाहा मुख्य मंडल प्रभारी




चित्रकूट धाम मंडल बांदा ,अवधेश कुमार दिनकर मुख्य मंडल प्रभारी चित्रकूट धाम बांदा ,चौधरी ध्रुव राम लोधी पूर्व मंत्री बसपा, रामशरण अनुरागी मंडल प्रभारी चित्रकूट धाम बांदा ,अशोक बौद्ध मंडल प्रभारी चित्रकूट धाम बांदा, रविंद्र कुमार वर्मा मंडल प्रभारी ज्ञान बाबू वर्मा मंडल प्रभारी चित्रकूट धाम बांदा, रामसेवक प्रजापति जिलाअध्यक्ष बसपा बांदा, राजेंद्र कुशवाहा जिलाअध्यक्ष महोबा, जगदीश कुमार प्रजापति पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश ,लल्लू निषाद , सुल्तान प्रजापति प्रभारी तिंदवारी, सुखलाल बौद्ध, सुधीर चक्रवर्ती ,राजबहादुर निषाद ,मलखे श्रीवास, संतोष वर्मा सत्येंद्र राय सहित हजारों की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सनातन संस्कृति के लिए एक पौराणिक जन्मस्थली को विकसित करना ऐतिहासिक कार्य : साध्वी निरंजन ज्योति

▶ विशाल मेला एवं सांस्कृतिक महोत्सव में पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने की शिरकत

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

महर्षि कृष्ण द्वैपायन वेदव्यास जन्मस्थानम् वसुधरी लसडा में आयोजित विशाल मेला एवं सांस्कृतिक महोत्सव के द्वितीय दिवस में महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार द्वारा महर्षि वेदव्यास जी के जीवन चरित्र पर आधारित आशीर्वचन प्रदान करते हुए। जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद की प्रशंसा करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति के लिए एक पौराणिक जन्मस्थली को विकसित करने में मदद की वह ऐतिहासिक है। इसके साथ ही उन्होंने रामायण की सुन्दर चौपाई से सौहार्द और सनातन संस्कृति को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अयोध्या से आए




कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक लोक गायन अवधी बधावा लोक नृत्य आराध्या गौतम सांस्कृतिक दल द्वारा भगवान राम के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक की घटनाओं का सुन्दर मंचन किया गया , मैजिक शो एवं कलाकारों द्वारा लोकगीतों का मंचन किया गया । कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गई प्रदर्शनी एवं मेगा स्वास्थ्य कैंप से सैकड़ों लोग लाभान्वित हुए।क्षेत्र के हज़ारों की संख्या में श्रद्धालुवों का जमावड़ा देर शाम तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनन्द उठाता रहा ।। कार्यक्रम में संत समाज से निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर मधुरम शरण शिवा की अगुवायी में दर्जनों सशस्त्र संन्यासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही ।कार्यक्रम में आज महर्षि वेदव्यास जी के जीवन पर आधारित गोष्ठी में पूर्व ज़िलाधिकारी बाँदा अनुराग पटेलएवं तहसीलदार पैलानी राधेश्याम सिंह ने उनके जीवन दर्शन पर विस्तृत प्रकाश डाला।कार्यक्रम में उपस्थित जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने आए हुए अतिथिगणों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया । वहीं साध्वी निरंजन ज्योति ने ने अपने उद्बोधन में भगवान राम व निषाद राज की मित्रता का वर्णन करते हुए भगवान वेदव्यास द्वारा रचित वेद पुराण एवं उपनिषद् की सुन्दर व्याख्या करते हुए महाभारत के महात्वपूर्ण घटनाओं को बताते हुए राजधर्म, पिता धर्म, पुत्र धर्म,व स्त्री धर्म का वर्णन करते हुए भीष्म पितामह की भीष्म प्रतिज्ञा को बतलाया। कार्यक्रम में आयोजक मंडल के रूप में इंद्रजीत सिंह,लसड़ा प्रधान मंजू देवी,जितेन्द्र सिंह प्रधान प्रतिनिधि एवं संजय सिंह पूर्व प्रधान लसड़ा सभी आगमतुकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया । मुख्य रूप से समिति के संरक्षक रामहित निषाद जी मंडल अध्यक्ष जसपुरा साहिब सिंह जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह परिहार जी राजनारायण द्विवेदी जी रामसुफल सिंह राजेश सिंह राजा सिंह पिपरहरी प्रकाश सिंह दिनेश सिंह बलबीर सिंह शैलेंद्र प्रताप सिंह अमित निगम जगराम सिंह जयविजय सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निरंजनी अखाड़ा की शाखा शिवशक्ति के एक दर्जन सशस्त्र संन्यासी मधुराम शरण शिवम महाराज के नेतृत्व में पहुंचकर उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में सनातन संस्कृति की रक्षार्थ हमें अपने वैदिक काल में शास्त्रों और शस्त्रो के इतिहास को अनुकरण करते हुए। एक होकर सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने में शस्त्र का प्रयोग करना भी आना चाहिए। कार्यक्रम में अयोध्या धाम से आये संस्कृतिक कलाकारों ने अबधी बधवा लोकनृत्यों ने समारोह में उपस्थित हजारों ग्रामीणों को मंत्रमुग्ध कर दिया।